सेंसेक्स
80,519.34 +622.00
डॉलर
83.519 +0.011
रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,300
01 किलो 99,990

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, रविवार, 14 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक-162, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए...

## शिवराज, हिमंता और लक्ष्मीकांत का झारखंड दौरा आज से

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा का सांगठनिक कार्यक्रम लगातार जारी है। अभी कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे हैं। इसी क्रम में 14 जुलाई को केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह प्रातः नौ बजे सेवा विमान से रांची आयेंगे। शिवराज सिंह 11:00 बजे पूर्वाह्न खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह 14 की शाम वापस लौट जायेंगे। इसके दो दिन बाद 16 जुलाई को असम सरकार के मुख्यमंत्री और विधानसभा सह प्रभारी हिमंत विश्व सरमा का रांची आने का कार्यक्रम है। विश्व सरमा 16 जुलाई को तोरपा और खूंटी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अगले दिन 17 जुलाई को संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह दोनों झारखंड दौरे पर रहेंगे। डॉ वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे जबकि शिवराज रांची आयेंगे और हटिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### आज | कल




### केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन का खुला उल्लंघन कर रहे कोचिंग संस्थान

# बिना स्कूल गए बच्चों को सर्टिफिकेट दिला रहा है एआईएम

**रजनीश**

राजधानी रांची के हरिओम टावर में संचालित एआईएम कोचिंग मोटी फीस लेकर बिना स्कूल गए एक स्कूल से सर्टिफिकेट दिला रहा है। ये हम नहीं कह रहे हैं बल्कि उस कोचिंग के एक कर्मचारी ने अभिभावक बनकर गए इस संवाददाता को बताया। केंद्र सरकार की गाइडलाइन है कि स्कूल के टाइम पर कोचिंग न चलाया जाए और न 16 साल से नीचे के बच्चों का एडमिशन लिया जाए। एआईएम कोचिंग संस्थान केंद्र सरकार के इस नियम को नहीं मानता। घोषित रूप से एआईएम कोचिंग नीट और जेईई के लिए एंट्रेंस एग्जाम के लिए कक्षाएं संचालित करता है। यहां तक तो ठीक था, लेकिन कोचिंग संस्थान के एक कर्मचारी का दावा है कि हम स्कूल की व्यवस्था भी देते हैं। जो बच्चा किसी स्कूल में नहीं पढ़ता हो, उस बच्चे का एडमिशन एलए गार्डन स्कूल में करवाते हैं। स्कूल में क्लास करने की कोई अवश्यकता नहीं है हम 11वीं और 12वीं क्लास को अपनी कोचिंग देते हैं। स्कूल में छात्र को कितना नंबर दिया जाना है ये भी कोचिंग संस्थान ही तय करता है। इस तरह बिना स्कूल गए कोचिंग में पढे छात्र उस स्कूल की डिग्री ले लेते हैं।

यह स्कूल स्थापित करने की नियमावली का खुला उल्लंघन है। नामकुम स्थित एलए गार्डन स्कूल से इस संबंध में पक्ष मांगा गया, तो बात करने वाली महिला कर्मचारी ने अधिकृत व्यक्ति का नंबर देने से इंकार कर दिया और कहीं कि मैं सर को बता देती हूं। खबर लिखे जाने तक स्कूल का कोई पक्ष नहीं आया।

कोचिंग की कलंक कथा




**कब-कब कॉल किया**

- पहला कॉल - 12:28 में
- दूसरा कॉल - 12:50 में
- तीसरा कॉल - 5:17 में

### एआईएम ने नहीं दिया जवाब




अब प्रश्न यह उठता है कि क्या कोचिंग संस्थान बिना स्कूल गए सर्टिफिकेट दिलवा सकते हैं? इसका जवाब जानने के लिए **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** संवाददाता ने कई बार कोचिंग में फोन किया, लेकिन कोचिंग वाले ने इसका जवाब देना जरुरी नहीं समझा और टालमटोल करते रहे 12: 50 बजे **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** संवाददाता ने एआईएम को कॉल किया और उसके कर्मचारी से प्रश्न पूछे और कहा कि अपने कोई सीनियर से बात करादो जो मीडिया को जवाब देने के लिए अधिकृत हैं तो उन्होंने फोन काट दिया और कोई जवाब नहीं दिया। शाम 5 बजे जब कॉल किया गया तो एक कर्मचारी ने कहा कि सर अभी नहीं है। पक्ष लेने की बात कही तो उन्होंने कहा कि सर का नंबर देना एलाऊ नहीं है।

# 'क्षेत्रीय भाषाओं में होनी चाहिए कानून की पढ़ाई'

- *जमीन संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में भी कानून के छात्र को अवगत कराना चाहिए*
- *1950 से लेकर 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 37000 निर्णयों का हिंदी में हुआ अनुवाद*

**एजेंसी**

लखनऊ। भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लॉ की पढ़ाई को क्षेत्रीय भाषा में कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार विमर्श करता हूं कि कैसे कानून की पढ़ाई को सरल भाषा में पढ़ाया जा सके। अगर हम कानून के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा की कमी नजर आ रही है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ऐसे कई निर्देश दिए हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके। उदाहरण के तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दिए गए निर्णयों का भारत के संविधान में प्रचलित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे आम जनता भी समझ सके कि निर्णय में आखिर लिखा क्या गया है। आज 1950 से लेकर 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 37000 निर्णय है, जिनका हिंदी में अनुवाद हो गया है और यह सेवा सब नागरिकों के **शेष पेज 11 पर**




### जमीन संबंधी मामलों की दें अच्छी जानकारी

डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून को पढ़ाने की प्रक्रिया में हमें क्षेत्रीय भाषाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए। आरएम एनएलयू को जरूर हिंदी में एलएलबी कोर्स शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़े कानूनों को भी पढ़ाना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मान लीजिए अगर कोई व्यक्ति आपके विश्वविद्यालय के पड़ोस के गांव में, गांव से विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय की विधिक सहायता केंद्र में आता है और अपनी जमीन से जुड़ी समस्या को बताता है, लेकिन यदि छात्र को खसरा और खतौनी का मतलब ही नहीं पता है तो छात्र उस व्यक्ति को कैसे मदद कर पाएगा। इसलिए जमीन संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में भी छात्र को अवगत कराना चाहिए।

## मुख्यमंत्री हेमंत ने पत्नी कल्पना के साथ दिल्ली में सोनिया गांधी से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांग्रेस की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अब तक हमारी सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। इसलिए उनसे मिलने आया हूं। हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोनिया से मिलने पहुंचे थे। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के षड्यंत्रों और अरविंद केजरीवाल के मुद्दे पर भी बात की। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या सोनिया गांधी के साथ झारखंड विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर बात करने के लिए आए थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि नहीं। विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर चर्चा समय-समय पर होती रहती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा के चुनाव आते रहते हैं। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि यहां के लोग बहुत सहनशील हैं। सहयोगी हैं। साथ ही कहा कि भारत की जनता तब तक सब कुछ बर्दाश्त करती है जब तक उनमें सहनशीलता होती है। अंत में अपने वोट से उसका जवाब देती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही अरविंद केजरीवाल भी जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा औरर कहा कि आप सबको पता ही है कि पिछले दिनों क्या ड्रामा हुआ है। किस तरीके से इन लोगों ने न्यायपालिका का भी मजाक उड़ाने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल को जल्द ही जमानत मिल जाएगी।



## स्वास्थ्य विभाग के घोटालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट जाएंगे : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के घोटालों पर सरकार के स्तर से अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मामले में जांच कराने के लिए कोर्ट में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला, दवा खरीद घोटाला, अवैध स्थानांतरण घोटाला हुआ है। इन घोटालों को लेकर उन्होंने विधानसभा में भी सवाल उठाए थे। इसपर विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन भी दिया, लेकिन इसके बाद भी सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को भी पूरे मामले की जानकारी दी है। घोटालों के संबंध में ठोस सबूत भी उपलब्ध कराए हैं। अगर इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती है, तो वह कोर्ट जाएंगे और वहां से जांच का आदेश हासिल करेंगे।



## गढ़वा में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत, तीन जख्मी

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के संगबरिया पंचायत अंतर्गत राजहरा गांव में शनिवार को बारिश के साथ हुए वज्रपात की घटना में दो महिला तथा चार बकरियों की मौत हो गई जबकि तीन महिलाएं घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी व शिक्षक नेता रघुराई राम, बीडीसी रमेश बैठा ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा घायलों को अस्पताल भिजवाने का प्रबंध किया। लोगों ने बताया कि गांव के दामर में गीता देवी बकरी चरा रही थी तथा पास में चार अन्य महिलाएं पहुंचकर आपस में बातचीत कर रही थी। इसी दौरान बारिश होने लगी। सभी महिलाएं एक ही जगह छाता लगाकर बैठ गई। इस दौरान चारों बकरियां भी उन्हें लोगों के पास आकर बैठ गई। थोड़ी ही देर में गरज के साथ वज्रपात हुआ।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

# सात राज्यों के 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडी गठबंधन को बड़ी जीत, भाजपा को महज दो सीटें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद पूरे देश की निगाहें सात राज्यों के 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजों पर टिकी थी। 'इंडी' ब्लॉक ने इस उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करके भाजपा को आत्ममंथन करने के लिए बाध्य कर दिया है। उपचुनाव में भाजपा 13 में से महज दो सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। बिहार की एक सीट पर निर्दलीय ने बाजी मारी है। इसके अलावा, कांग्रेस ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में कमाल का प्रदर्शन कर दो-दो सीटें जीती हैं। उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने भी पश्चिम बंगाल में प्रशंसनीय प्रदर्शन किया और राज्य की सभी चार सीटों पर कब्जा कर लिया। भाजपा मध्य प्रदेश और हिमाचल की एक-एक सीट पर जीत का परचम लहराने में सफल रही। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने एक सीट पर जीत का परचम लहराया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के महज डेढ़ महीने बाद सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में शानदार जीत पर 'इंडिया' ब्लॉक को बधाई दी। **शेष पेज 11 पर**



*भाजपा का भय और भ्रम का जाल टूट गया : राहुल*

### दिल बहलाने के लिए अच्छा ख्याल : अमित मालवीय



लोकसभा चुनाव के बाद हुए देश के अलग-अलग राज्यों के कुल 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में 10 पर इंडी ब्लॉक के घटक दलों को 2 पर बीजेपी को तो एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसे लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं को करारा जवाब दिया है। अमित मालवीय ने इस पोस्ट में लिखा है। ये नतीजे इंडी एलायंस की हताशा की स्थिति में किसी तरह अच्छा महसूस करने के प्रयास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि इस नतीजे पर इंडी गठबंधन और खासकर कांग्रेस के नेता जैसा जश्न मना रहे हैं नतीजों में तो ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने देश के अलग-अलग राज्यों के कुल 13 विधानसभा सीटों का पूरा लेखा-जोखा लिखकर इस पर पोस्ट किया है। उन्होंने सवाल भरे लहजे में लिखा **शेष पेज 11 पर**

### इंडिया

# आवश्यक है कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

एक समय था जब किसी बड़े बुजुर्ग या सम्मानित व्यक्ति की कही हुई बात पर हर आम या खास लोग विश्वास करते थे और यही विज्ञापन या पीआर एजेंसियों की पूंजी होती है जिसे वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के हिसाब से खर्च करते हैं या कहें बड़े नामों या सेलेब्रिटी से कहला कर भुनाते हैं। उपभोक्तावाद और आक्रामक बाजारवाद के दौर में जब बैंक के ऋण और बच्चों की शिक्षा तक को उत्पाद माना जा रहा है तो ग्राहकों को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति ही नहीं झूठ तक का सहारा लिया जा रहा है जो चिंता की बात है। अधिकांश भोली भाली जनता सोशल मीडिया या विज्ञापनों में किसी नामी गिरामी हस्ती की कही हुई बात को सच मान लेती है जबकि उन्हें पता भी नहीं होता कि मोटी रकम देकर वे बातें कहलाई जाती हैं जो लिखी हुई स्क्रिप्ट होती है न कि व्यक्तिगत अनुभव। जैसे एक गुटका का विज्ञापन तीन बड़े फिल्म स्टार करते हैं जो स्वयं उसका सेवन नहीं करते। इस अंधी दौड़ में जब निजी शिक्षण संस्थान और कोचिंग इस्टिट्यूट शामिल हो गए तो गला काट स्पर्धा में बात झूठ तक पहुंच गई। किसी सफल प्रतियोगी को अपना पूर्व विद्यार्थी बताकर विज्ञापन देने में एक बार बहुत हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब अनेक प्रमुख समाचार पत्रों में सभी बड़े कोचिंग संस्थानों ने विज्ञापन दिए जिसमें सभी टॉपर को सभी ने अपना बताया था। इसपर बहुत चर्चा हुई थी। केंद्र सरकार ने इसपर रोक के लिए दिशानिर्देश बनाने की पहल की है। उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशानिर्देशों के मसौदे पर 16 मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग संस्थानों, कानून फर्मों, सरकार और स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों सहित सभी हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद मसौदा दिशानिर्देश तैयार किए हैं। मसौदा 'कोचिंग' को परिभाषित करता है और ऐसी स्थितियां बताता है जो भ्रामक विज्ञापनों के अंतर्गत आती हैं। उदाहरण के लिए, कोचिंग संस्थानों को सफल उम्मीदवार द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम की अवधि, पाठ्यक्रम के नाम (चाहे मुफ्त हो या भुगतान) या किसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो उपभोक्ताओं के उनकी सेवाओं को चुनने के निर्णय को प्रभावित कर सकती है, छिपाने की अनुमति नहीं है। कोचिंग संस्थान को बिना सत्यापित सबूत के किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में छात्रों की सफलता दर, चयन की संख्या या रैंकिंग के संबंध में झूठे दावे करने से बचना चाहिए।

कोचिंग संस्थानों को छात्रों के व्यक्तिगत प्रयासों को स्वीकार किए बिना, ऐसा नहीं दिखाना चाहिए कि छात्रों की सफलता के लिए पूरी तरह से कोचिंग जिम्मेदार है। अन्य शर्तों के अलावा, सीसीपीए ने कहा कि कोचिंग सेंटरों को छात्रों की सफलता में कोचिंग की भागीदारी की सीमा को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को छात्रों और अभिभावकों में यह झूठी भावना नहीं भरनी चाहिए कि कोचिंग की सख्त जरूरत है या इसके बिना छात्र सफल नहीं हो सकता। कोचिंग संस्थानों को किसी भी ऐसे काम में संलग्न नहीं होना चाहिए जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है या उपभोक्ता की स्वायत्तता और पसंद को नष्ट कर सकता है। सीसीपीए ने कहा कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों से बचाना है और यह कोचिंग में लगे प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होगा।

कोचिंग क्षेत्र द्वारा भ्रामक विज्ञापनों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा और प्रस्तावित दिशानिर्देश हितधारकों में स्पष्टता लाएंगे और उपभोक्ता हितों की रक्षा करेंगे। कोटा या अन्य स्थानों में ऐसे भ्रामक विज्ञापनों को सच मानकर जो अभिभावक अपने औसत बच्चों को टॉपर बनाने का सपना देखते हैं या बच्चों पर अनुचित दबाव बनाते हैं उसे रोकने में शायद यह प्रयास काम आए। झारखंड में भी लगभग सभी कोचिंग संस्थान सार्वजनिक संस्थानों में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाते हैं जिसमें शत शत प्रतिशत नंबर तक का दावा किया जाता है जबकि चालाकी से किसी में भी लिखा नहीं रहता कि किस वर्ष में वे पढ़ते थे। कई कोचिंग संस्थान बढ़ा चढ़ाकर अपना प्रचार कराते हैं जबकि केंद्र सरकार के निदेशों का खुला उल्लंघन करते हैं।



सुनील बादल



## केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने उड़ते विमान से लगाई छलांग



**एजेंसी**

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को वर्ल्ड स्काईडाइविंग डे पर खुद टेंडम स्काईडाइविंग की। 13 जुलाई वर्ल्ड स्काई डाइविंग डे के रूप में मनाने की शुरूआत हुई है। इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने में भारत भी पीछे नहीं रहा और भारत ने वर्ल्ड स्काईडाइविंग मैप पर अपना नाम दर्ज करा दिया है। शेखावत जोधपुर से सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत हरियाणा की नारनौल हवाई पट्टी पर स्काई डाइविंग का हिस्सा बने। उन्होंने नारनौल हवाई पट्टी पर शनिवार सुबह स्काई डाइविंग के प्रथम एयरक्राफ्ट वीटी-एसबीएस को हरी झंडी दिखाई और उसके बाद आसमान से खुद टेंडम स्काई डाइविंग की।

## एक नजर

### मरीज से मिलने रिम्स पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत

चान्हो। प्रखंड अंतर्गत ग्राम तरंगा निवासी हाजी मनसब खान साहब (दबंग हिंद पत्रकार तबरेज खान के पिता) एक महिने से बिमार है परिजनों ने उन्हें रिम्स रांची आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। यह खबर जैसे ही डॉ परमेश्वर भगत को मिला उन्होंने रिम्स रांची पहुंचकर हाजी साहब से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं पीड़ित के परिजनों से मिले साथ ही अपनी ओर से हर संभवत मदद देने का भरोसा दिलाया।

### सड़क की हालत जर्जर डॉ परमेश्वर भगत ने किया निरीक्षण

**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा में शनिवार को सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व डी डी सी डॉक्टर परमेश्वर भगत ने कहा कि आजादी के बाद व पंचायती राज के होने के बाद भी चान्हो मांडर कांके और बुढमू को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जो तरंगा से होकर गुजरती है। बारिश शुरू होते ही तलाब बन जाती है। डॉ परमेश्वर भगत ने जाकर निरीक्षण किया ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में बहुत परेशानी होती है। जगह जगह पर गढ्ढे है सड़क बदहाल है। ग्रामीणों ने श्रीमान को बताया की जब चुनाव का समय आता है तो जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी आश्वासन का झूठी दिलासा देखकर चले जाते हैं।चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि को इस गांव की याद नहीं आती है।

### सरकारी मैदान का निजी स्कूल करते हैं इस्तेमाल

**खलारी।** नब्बे के दशक के बाद से खलारी के एसीसी मैदान का केवल दोहन हुआ। वर्तमान में मैदान के पूरब व दक्षिण में डीएवी स्कूल खलारी व एसीसी हाई स्कूल खलारी दो निजी स्कूल हैं। बुकबुका मौजा के प्लाट संख्या 112 तथा प्लांट संख्या 80 में स्थित यह मैदान सरकारी भूमि है। दोनो निजी स्कूल इस मैदान का इस्तेमाल करते हैं। सुबह तथा शाम में आसपास के बच्चों से लेकर किशोर, युवाओं की भीड़ इस मैदान में लगी होती है। देर शाम नशेड़ी भी इस मैदान का इस्तेमाल करते हैं। मैदान के दक्षिणी भाग में जल निकासी के लिए बना नाली पूरी तरह भर गया है। नतीजा है कि दक्षिण की ओर एक चौथाई भाग बरसात होते ही दलदल बन जाता है। वाहन सीखने वाले लोग इस खेल मैदान में गाड़ी चला देते हैं। बच्चों को लेकर आने वाली सीसीएल की स्कूल बसें भी इस मैदान को उबड़ खाबड़ बनाने में सहायक हुई हैं।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक चलने वाले संपूर्णता अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों का पौधा देकर स्वागत किया गया।

## आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया

# प्रत्येक व्यक्ति पर पर्यावरण की रक्षा करने का दायित्व : प्राचार्य



**बच्चों ने अनेक तरह की बेकार वस्तुओं से मॉडल बनाए व प्रदूषण के बढ़ते प्रकोप पर स्लोगन भी लिखे**

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो।** टांगर बीजूपाड़ा स्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में शनिवार को एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बच्चों ने इस अभियान के तहत कई मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों ने अनेक तरह के बेकार की वस्तुओं से पेड़ पृथ्वी पौधे गिरते जल स्तर की मॉडल प्रदूषण के बढ़ते प्रकोप पृथ्वी बचाओं के ऐसे बहुत से स्लोगन और वैसी बहुत सी चीज बनाई जो पेड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं। इस बीच विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमीन अंसारी ने सभी बच्चों को उनके मॉडल की सराहना करते हुए जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण की संरक्षण करना चाहिए और एक-एक बूंद पानी को बचाना चाहिए अनावश्यक रूप से पानी को व्यर्थ न जाने दे। उन्होंने कहा कि जल संचयन और पर्यावरणसंरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जाए। प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान का भागीदार बनें एवं जल और पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को बताएं। हम सभी को साल में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और पेड़ को अनावश्यक नहीं काटना चाहिए ।आज इसी का प्रकोप है की गर्मी चरम पर है इस बीच सभी बच्चों ने शपथ लिए कि अब हम लोग प्रत्येक साल कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएंगे और उसका देखभाल अच्छा से करेंगे इस बीच स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# डीएवी में इस सप्ताह को वन महोत्सव के रुप में मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में 'वन महोत्सव' सप्ताह का आयोजन किया गया। यह 9 जुलाई से 13 जुलाई तक लगातार बच्चों के माध्यम से चलाया गया है। इसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस अभियान में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री बी. शरण, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण में अपना योगदान दिया। विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों ने भी 'वृक्ष बचाओ' 'वृक्ष लगाओ' के महत्व पर चर्चा की। विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण ने बच्चों को वृक्ष के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया।

### शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है : दिनेश कुमार

**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उत्कृष्ट मुख्यमंत्री जिला विद्यालय, रांची के सभागार में स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना है। बतौर मुख्य अतिथि उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### आजादी के सात दशक बाद भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुई पक्की सड़क : डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा के लिए आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बाद भी चान्हो मांडर कांके और बुढमू को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जो तरंगा से होकर गुजरती है बारिश शुरू होते ही तलाब बन जाती है। आज डॉ परमेश्वर भगत ने जाकर निरीक्षण किया ग्रामीणों ने बताया की बरसात के मौसम में ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में बहुत परेशानी होती है जगह जगह पर गढ्ढे है सड़क बदहाल है ग्रामीणों ने श्रीमान को बताया की जब चुनाव का समय आता है तो जनप्रतिनिधि एवं उनके सहयोगी आश्वासन का घुट्टी पिलाकर चल जाते हैं । चुनाव जीतने के बाद प्रतिनिधि को इस गांव की याद नहीं आती है यह गांव विकास से कोसों दूर है ग्रामीणों ने बताया की राज्य सरकार की योजनाएं गांव पहुंचते पहुंचते खत्म हो जाती है ग्रामीणों ने सड़क के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को बार बार आवगत कराया है लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला है डॉ भगत ने समस्याओं को सुनने के बाद ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की जल्द ही वरिय अधिकारियों से मिलकर सड़क के लिए ठोस कार्रवाई किया जाएगा मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका



**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के ओखरगढ़ा निवासी खतीबुल अंसारी (71) का शव शनिवार दोपहर पेड़ से लटका मिला।इस संबध में मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता सुबह बिना किसी को बताये घर से निकल गये। काफी देर घर नहीं लौटने पर खोजबीन करने पर पास के जंगल फेंकी टोला में उनके पिता का शव पेड़ से लटका मिला। पुत्र ने हत्या की आशंका जतायी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के चर्चित कार्तिक हत्या कांड में कार्तिक केसरी की पत्नी प्रीति केसरी से खतीबुल ने जमीन खरीदा था। बाद में प्रीति ने उक्त जमीन की बिक्री करने से इंकार कर दी थी।इसी बीच खतीबुल ने दूसरे से जमीन बेच थी। उसके बाद से उससे पांच लाख रुपया का तगादा का दबाव बनाया जा रहा था। तब से खतीबुल डिप्रेशन में था। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि पिठोरिया पुलिस शुक्रवार रात को खोजते खतीबुल के घर पंहुची थी। वहीं अगले सुबह उसकी लाश मिली। पिठोरिया पुलिस पूरे मामले की जांच में जूटी है ताकि इस मामले का अनुसंधान हो सके। गौरतलब है कि पूर्व भी प्रीति केशरी का विवाद खतीबुल अंसारी से चल रहा था।

### बाइक चोर पकड़ा गया, ग्रामीणों ने पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

**चान्हो।** थाना के चोरेया गांव से ही चुरा कर चार दिन पूर्व ले गए बाइक को चोरेया गांव चढ़कर आने वाले चोरों को काफी महंगा पड़ गया। इस बाइक पर सवार तीन लोगों की ग्रामीणों पिटाई की। पिटाई के बाद इन लोगों को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को चोरेया निवासी राहुल सिंह की केटीएम बाइक चोरों ने उनके घर से चुरा लिया था।शनिवार को सुबह करीब 9 बजे राहुल सिंह ने देखा कि दो बाइक में चार युवक चोरेया गांव से होते हुए कहीं जा रहे है और उनमें एक बाइक राहुल सिंह की केटीएम बाइक थी जो पांच दिन पहले चोरी हुई थी। इसके बाद राहुल सिंह दोनो बाइक वालों को रोककर पुछताक्ष करने लगे तब मामले का खुलासा हुआ। पकड़े गए चोरों में कैरो के नागजुआ निवासी अजमूल अंसारी और जसीम अंसारी तथा चोरेया निवासी समीर अंसारी शामिल हैं।जिसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौप दिया गया। इनके पास से मिले एक अन्य बाइक को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है।

### कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गिरिडीह।** कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, महिला व बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई. कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया. वहीं इस दौरान मंत्री ने विद्यालय की बच्चियों से मुलाकात कर उनके पठन पाठन समेत विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की और बच्चियों को मन लगाकर पढ़ने के प्रति प्रोत्साहित किया. इसके बाद मौके पर वृक्षारोपण किया गया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने लोगों से पौधरोपण करने की अपील की. उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वाई विस्पुते, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद समेत जिले के अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास की मांग पर गंभीरता से की जाएगी पहल

# रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण में सहयोग करें ग्रामीण : जेके सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर रोहिणी प्रबंधन ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने किया। बैठक में रोहिणी परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा हुई। परियोजना पदाधिकारी द्वारा परियोजना विस्तारीकरण को लेकर ग्रामीणों को कार्ययोजना की जानकारी दी गई। पीओ ने परियोजना विस्तारीकरण में ग्रामीणों से आग्रह किया कि प्रबंधन को सहयोग करे ताकि परियोजना आगे बढ़े। रैयत विस्थापित की जो भी समस्या है उस पर भी धीरे धीरे कार्य बढ़ता रहेगा। बैठक में ग्रामीणों ने प्रबंधन से कहा कि रैयत विस्थापितों की नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास की जो मांग है उस पर भी गंभीरता से पहल किया जाएगा ताकि उनको भी हक अधिकार मिल सके। बैठक में उन खतियानी रैयत की भी चर्चा हुई जिसमें उन्हें पूर्व में अस्थाई तौर पर विस्थापित किया गया था और जिन्हें पुनर्वास का लाभ नहीं मिला है। कहा गया कि उन्हें सूचीबद्ध करके विस्थापन का लाभ मिले। सीसीएल प्रबंधन द्वारा पुनर्वास के लिए चिन्हित स्थल मायापुर में अपनी अधिग्रहित भूमि को सीमांकन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा गांव के सरना, देवी मंडप सहित अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक स्थल के भी पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा 15 हेक्टेयर में बचे हुए नौकरी के लिए भी सीबी एक्ट के बाद प्रक्रिया शुरू करने की बात हुई। ग्रामीणों ने कहा जब तक पुनर्वास स्थल पर सहमति नहीं बनती है तबतक खनन कार्य शुरू नहीं किया जाय। पुनर्वास स्थल के लिए ग्रामीणों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना होगा। इस बैठक में प्रबंधन की ओर से मैनेजर दीपक कुमार, सतपाल सिंह, मुखिया संतोषकुमार महली तथा ग्रामीणों की ओर से मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, लहसन भोगता, कोलेश्वर भोगता, शिवनाथ भोगता, श्रवण भोगता, छोटन भोगता आदि शामिल थे।

### प्रखंड स्तरीय स्टेडियम बन सकता है खलारी का एसीसी क्लब मैदान

**खलारी।** खलारी के बुकबुका पंचायत क्षेत्र में स्थित एसीसी क्लब मैदान बदहाल होने लगा है। यह मैदान कभी पूरे खलारी प्रखंड क्षेत्र का सबसे खूबसूरत मैदान था। इस समतल मैदान में हरे घास की हरियाली देखते बनती थी। बीते सदी के 90 के दशक तक तत्कालीन एसीसी कंपनी इस मैदान का रखरखाव करती थी। तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा निर्मित मैदान के पश्चिम में एसीसी क्लब का दर्षक दीर्घा तथा दक्षिण में एसीसी कंपनी के स्कूल की गैलरी इस मैदान को एक स्टेडियम का लुक देती थी। बाद में मैदान के पूरब में सीमेंट कामगारों के कोआपरेटिव द्वारा एक हाई स्कूल खोला गया जो आज का डीएवी स्कूल है। उनदिनो भी मषीन से पूरे मैदान के घास की कटाई कर उसे एकरूप बनाया जाता था। इस मैदान में राज्य स्तरीय फुटबाल, क्रिकेट मैच आयोजित हुए हैं। फुटबाल टूनार्मेंट देखने के लिए खलारी के अलावा आसपास क्षेत्र से खेल प्रेमी आया करते थे। खिलाड़ियों के खेल के साथ दर्षकों की भीड़ भी रोमांच पैदा करती थी। कोलकता के मोहन बागान से लेकर ईस्ट बंगाल तक के फुटबाल खिलाड़ी इस मैदान में खेल चुके हैं।

## झामुमो ने पार्टी की मजबूती को लेकर की बैठक आयोजित

# सरकार की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दें कार्यकर्ता : राधिका



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** झामुमो के द्वारा एक बैठक का आयोजन बुढ़ाम स्थिति पार्टी कार्यालय में शनिवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने की। इनकी अध्यक्षता में सर्वसम्मति से निर्णय लेते लेते हुए सिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन भी किया जिसमें अध्यक्ष यासीन राय, सचिव मोहर्रम मोमिन, कोषाध्यक्ष अनूप कच्छप, उपाध्यक्ष रमजान मोमिन, चंपा उराव, संयुक्त सचिव एकराबुदीन अंसारी, इत्यादि का चयन किया गया। वहीं जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया ने सदस्यों को माला पहनकर स्वागत किया इसके साथ ही साथ कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में कार्यभार संभालें और ग्रामीणों से संपर्क करें। मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जानकारी दें। इस मौके पर फलहारी महतो, गोकुल चंद्र महतो, मंजू देवी प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, अजीत कुमार महतो, भगीरथ महतो, द्वारिका महतो, फखरुद्दीन राय, फागु चंद्र वेदिया, बंशी कोइरी सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड में पांव पसार रहा है डेंगू मलेरिया : डॉ. कुशाग्र महनसरिया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** टहल मोड़ स्थित रिंची ट्रस्ट अस्पताल एवं झारखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कुशाग्र महनसारिया ने कहा की झारखंड में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में रिंची ट्रस्ट अस्पताल हर तरह से रोगी को सेवा देने के लिए तैयार है! डॉ कुशाग्र मनसरिया ने बताया की लगभग एक सप्ताह से मरीज डेंगू और मलेरिया के मिलते जुलते लक्षणों वाले आ रहे हैं! उन्होंने कहा रातू प्रखंड के पिर्रा इलाके से कई लोग बीमार डेंगू मलेरिया से ग्रसित होकर आए कई लोग मे डेंगू मलेरिया का लक्षण पाया गया लेकिन कई लोग गंभीर भी थे। पिर्रा निवासी अनुराग हर्ष दुबे 30 वर्ष जिनका इलाज डॉक्टर सोनिका पांडे कर रही हैं उन्होंने बताई की अनुराग का प्लेटलेट काफी गिर रहा था डेंगू से ग्रसित था ऐसे में रोगी को उनके समय पर इलाज लेने से ही लाभ मिल सकता है ! पिर्रा निवासी सुरभि देवी उम्र 27 वर्ष जिनका इलाज डॉक्टर एस कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया सुरभि की स्थिति काफी गंभीर थी हीमोग्लोबिन कम था प्लेटलेट काफी डाउन था मरीज का डेंगू के साथ-साथ काफी परेशानी हो रही थी। ऐसे में हम सबों ने मिलकर बेहतर इलाज रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल के द्वारा किया गया अभी सुरभि की स्थिति काफी अच्छी है ! डॉ एस कुमार ने कहा डायग्नोसिस के जरिए रोग की पहचान और उसके उपचार किया जा सकता है ! अनुराग हर्ष दुबे और सुरभि देवी दोनों का रिंची ट्रस्ट अस्पताल में एडमिट स्वास्थ्य सेवा कर्मी सह सामाजिक कार्यकर्ता व्रजेश शर्मा के पहल पर किया गया ! मौके पर समाजसेवी मिथिलेश दुबे, विनय राय, यश राज दुबे आदि उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**मांडर।** प्रखंड परिसर में शनिवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विनोद लकड़ा ने 126 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। जिसमें लोयो,सकरा, मुरमा, तिगोई अंबा टोली समेत अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच 126 साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड उप प्रमुख अमानत अंसारी नेकहा कि सरकार के इस योजना से छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी,साथ ही उन्होंने कहा कि कई गांव ऐसे हैं जहां पर उच्च शिक्षा के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है।छात्राओं को साइकिल मिल जाने से आने-जाने में आसानी होगी। साथ ही समय में भी बचत होगी।

## आभार

## सिल्ली विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

# लोस चुनाव में मेरी जीत नहीं कार्यकर्ताओं की जीत हुई : मंत्री

**◆उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं से सजग रहने की बातें कहीं**




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार शनिवार के दिन अपराह्न 2 बजे सिल्ली विधानसभा स्तरीय अभिनंदन समारोह पतराहातू में स्थित दुर्गा बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया। सभा की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने की। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची सांसद संजय सेठ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मेरी जीत नहीं हुई बल्कि कार्यकर्ताओं की जीत हुई है इसके लिए मैं सभी को हृदय से आभार प्रकट करता हूं। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं से सजग रहने की बातें कहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि रांची के विधायक एवं पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जनमानस के लिए विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने झारखंड की वर्तमान सरकार की कार्यशैली पर भी प्रश्न खड़ा किया। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजा राम महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा के चौधरी महतो, प्रताप कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर कुमार, दिलेश्वर कोईरी,चितरंजन महतो एवं महिला मोर्चा महामंत्री रेखा महतो खुशबू साहू, बीना देवी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में 4 घायल गंभीर स्थिति में अस्पताल रेफर

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी थाना इलाके में शनिवार की शाम भीषण सड़क दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए. वहीं कार में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. चारों घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. घटना के बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पुलिस जीप से तिसरी अस्पताल लाया. जहां प्राथमिक उपचार कर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए उच्च अस्पताल रेफर कर दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार गावां थाना इलाके के पटना बैदा गांव के रहने वाले मनीष कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार और विशाल कुमार अल्टो कार से किसी रिश्तेदार को छोड़ने जमुआ गए थे. वापसी के दौरान उनकी कार असंतुलित होकर तिसरी - गांवा मुख्य पथ पर भुराई के समीप सड़क किनारे स्थित चट्टान से जा टकराई. जिसमें कार में बैठे चारों युवक बुरी तरह घायल हो गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के पर परखच्चे उड़ गए. घटना के बाद डब्लू सिंह, महताब अंसारी, राजकुमार शर्मा, मो. मुनीबउद्दीन, रिंकू बर्णवल, राजकुमार यादव आदि लोगों ने अस्पताल पहुंचकर सहयोग किया.

# जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष ने किया नए ट्रांसफार्मर का उदघाटन



**मांडर।** प्रखंड स्थित हेसमी मलती में 63 केबी के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन शनिवार को रोशन तिग्गा द्वारा किया गया।जिसे 25 केबी से बदलकर 63 केबी किया गया। पिछले कई महिनो से गांव का ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसमें ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना मिलने पर रोशन तिग्गा ने पहल की और गांव में ट्रांसफार्मर लग पाया। एक बार फिर से बिजली सेवा बहाल होने पर ग्रामीणों में काफी खुशी की माहौल थी। सभी ने रोशन तिग्गा का आभार प्रकट किया। मौके पर नेल्सन तिर्की, नवीन टोप्पो, शंकर साहू, मुन्ना कुमार साहू, भारत मांझी, अमित एक्का,रिंकू कच्छप,युगल किशोर, सुमित एक्का, मंगरु राम, सुधीर साहू, रोहित उरांव, मोनिका बंगरा,पार्वती देवी,रीता लकड़ा, प्रतिभा देवी, फूलों सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# वादों के निष्पादन के लिए लोक अदालत एक महत्वपूर्ण और बेहतर मंच : विद्युत रंजन षाड़ंगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-संरक्षक, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची विद्युत रंजन षाड़ंगी, न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सुजित नारायण, न्यायाधीश, संजय कुमार द्विवेदी, रजिस्ट्रार जनरल, मो. शाकिर, झारखण्ड उच्च न्यायालय रांची, न्यायायुक्त, रांची दिवाकर पांडेय, सदस्य सचिव, झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना, उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा, सीटी एसपी, रांची राजकुमार मेहता, एसिस्टेंट रजिस्ट्रार प्रोटोकोल, मो. फहीम किरमाणीं, अध्यक्ष, रांची जिला बार एसोसिएशन, रांची श्री शम्भू प्रसाद अग्रवाल, सचिव, संजय कुमार विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारी, मध्यस्थ, अधिवक्ता, पीएलवी व अन्य उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन एकता सक्सेना एवं परिधि शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी ने किया।

## निरीक्षण करने पहुंचे झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस



## मुआवजा राशि से संबंधित मामलों की हुई सुनवाई

न्यायायुक्त, रांची के न्यायालय से एक मुकदमा का निस्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया, जिसे जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची के यहां से रेफर किया गया था। मामला सिवरेज ड्रेनेज जोन-1 परियोजना के अंतर्गत मौजा-लेन, थाना नम्बर-162, खाता नम्बर-75 में प्रभावित रैयतों के बीच मुआवजा राशि हेतु विवाद उत्पन्न हो गया था। आज दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हो गया और मुआवजा राशि 10 करोड़ 14 लाख 66 हजार 650 रुपए का सेटलमेंट दोनों पक्षों के बीच हुआ। बेंच नम्बर-6 से उक्त मामला का निस्पादन किया गया। मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन सारंगी ने लोक अदालत में उपस्थित हुए और बनाये गये बेंचों का अवलोकन किया। माननीय न्यायामूर्ति ने अपने हाथों से पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण भी किये। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे भी उपस्थित थे। न्यायायुक्त के हाथों से भी पीड़ितों को मुआवजा राशि दिया गया। इस लोक अदालत में 19 पीड़ितों के बीच 50,05,000 रुपए की मुआवजा राशि वितरित की गयी।

राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़गी ने जय जगन्नाथ के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होने कहा कि रांची सिविल कोर्ट में आकर काफी अच्छा लगा। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए काफी मेहनत की। बार का इतना स्नेह मिला अभिभूत हूं। बार और बेंच परिवार एक ही परिवार है। मैंने वकालत से न्यायिक जीवन की शुरूआत की थी। रिटायर होने के बाद वापस वकालत करूंगा। लोक अदालत में वादी-प्रतिवादियों को कम समय में न्याय मिलता है। लोगों को समय पर न्याय मिलेगा, तभी न्यायिक व्यवस्था का सही इस्तेमाल माना जाएगा। लोक अदालत में वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाथों के पांचों अंगुलियां अलग-अलग कार्य करती है, जब पांचों अंगुलियां मिलकर काम करती हैं, तो काम और भी बेहतर होता है।

# एटीएस ने गैंगस्टर अमन साव गिरोह के चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*जेलर को जान से मारने व उनके परिजनों को धमकी देने का मामला 5 जुलाई को सामने आया था।*

आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गिरिडीह जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साव गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में रांची के पंडरा निवासी शिव शंकर कुमार सिंह, रोशन कुमार सिंह, रामगढ़ के पतरातू निवासी अविनाश कुमार और साहिबगंज निवासी अजय कुमार सिंह शामिल हैं। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरिडीह के जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया को जान से मारने और उनके परिजनों को धमकी देने का मामला 5 जुलाई को सामने आया था। मामले में एटीएस ने कार्रवाई करते हुए डीएसपी संजय कुमार और नितिन खण्डेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि जेल में धमकी देने के बाद अमन ने अपने गिरोह के सदस्यों को गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी के परिवार पर हमला करने का आदेश दिया था। दो से तीन दिनों के भीतर जेल अधीक्षक के देवघर स्थित घर पर अमन गिरोह के अपराधी हमला करने वाले थे लेकिन उससे पहले ही झारखंड एटीएस की टीम ने टेक्निकल सेल से मिले इनपुट पर अमन गिरोह के उन चारों अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी के मुताबिक, पूछताछ में अविनाश कुमार ने बताया कि वे अमन साहु गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। मंयक सिंह एवं चंदन साव (वर्तमान में रांची जेल में काराधीन) के निदेर्शानुसार कार्य करते हैं। मंयक सिंह के जरिये निर्देश दिया गया है कि गिरोह के सरगना अमन साहु को गिरिडीह जेल में सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। कारा अधीक्षक को बार-बार धमकी देने के बाद भी कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है। इसलिए तुमलोगों को कारा अधीक्षक के परिवारजन जो देवघर में रहते हैं उनके उपर अग्नेयास्त्र से फायरिंग कर दहशत एवं आतंक फैलाना है ताकि सरगना अमन साहु को जेल में सुविधा मुहैया मिलने लगे। इस कार्य से राज्य के सभी जिलों में अमन साहु गैंग के बन्द अपराधकर्मियों को जेल में सुविधा मुहैया कराने में मदद मिलेगी। साथ ही इस गैंग के नाम से समाज में व्यापक दहशत एवं आतंक फैलाने में भी मदद मिलेगी ताकि भविष्य में किसी से भी रंगदारी तथा अन्य तरह के अवैध कार्यों को कराने में मदद मिले। एसपी ने बताया कि पूछताछ करने पर रौशन ने भी अविनाश कुमार की बात को दोहराई। इस अपराध में शामिल शिवशंकर कुमार सिंह और अजय कुमार ठाकुर को भी गिरफ्तार किया गया। इनलोगों ने भी पूछताछ में हमले की बात स्वीकार की।

विश्वनाथ शाहदेव उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में 'स्कूल रुआर' का आयोजन

# सामाजिक बदलाव में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



*एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहने पाए*

रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उत्कृष्ट मुख्यमंत्री जिला विद्यालय सभागार में शनिवार को 'स्कूल रुआर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5 से 18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कराना है। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल रुआर अभियान के गीत 'ले मशालें चल पड़े लोग मेरे गांव के' के माध्यम से शत-प्रतिशत नामांकन का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। एक भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहने पाए। इसके साथ ही, उन्होंने शिक्षा के गहन महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा- शिक्षा समाज की नींव है, ये समाज में बदलाव लाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) मिथिलेश केरकेट्टा ने कहा कि सभी के सहयोग से प्रखंड स्तर और विद्यालय स्तर में 'स्कूल रुआर' की सभी गतिविधियों को सफल बनाया जा सकता है। मांडर प्रखंड के प्रमुख ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर द्वारा रखी गई। कार्यक्रम का संचालन एपीओ निशि प्रभा ने किया। साथ ही, प्रभा सहाय ने विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रेडिंग एवं पुनर्गठन के ऊपर प्रकाश डाला। सभी शिक्षकों को टोला से जोड़ने के लिए कहा गया, जिससे बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्तिथि सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रांची एवं खूंटी, विधायक प्रतिनिधि, सभी प्रखंड प्रमुख, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी बीआरपी, सभी सीआरपी, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि एवं जिला कार्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धईन-धनी रे! धईन हमर छोटा नागपुर

*देश के कुल खनिजों का 40 प्रतिशत झारखंड में*

*इसके बाद भी देश का दूसरा सबसे गरीब राज्य है*

'धईन-धनी रे! धईन हमर छोटा नागपुर छोटा नागपुर हाय रे! हीरा नागपुर।'



**रांची।** इस प्रचलित गीत की पंक्तियां झारखंड के स्थानीय लोगों के मन में रची-बसी हैं। यह गीत झारखंड की संपन्नता और समृद्धि को दर्शाता है। इस गीत में झारखंड में अवस्थित खनिज संपदा, जंगल-झाड़, नदी-नाले, पहाड़, झरने का सुंदर वर्णन है। इस राज्य की जनजातीय संस्कृति, यहां के त्योहार, रीति-रिवाज, खान-पान यहां की पहचान रही हैं।

झारखंड देश का सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य है। देश के कुल खनिजों का 40 प्रतिशत राज्य में उपलब्ध है। यहां कोयला, अभ्रक, लोहा, बॉक्साइट, तांबा एवं ग्रेफाइट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। भारत का सबसे बड़ा स्टील प्लांट और सबसे पहला स्वदेशी स्टील प्लांट भी झारखंड में स्थित है। लेकिन, खनिज संपादा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड देश का दूसरा सबसे गरीब राज्य है। एक रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के लगभग 40 प्रतिशत लोग गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं, जो राष्ट्रीय औसत 26 प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक है। झारखंड शिक्षा और रोजगार के मामले में भी बहुत पीछे है। यहां के युवाओं को मजबूरी में दूसरे शहरों में काम करना पड़ता है।

झारखंड की इस लचर हालत का कारण ढीली प्रशासनिक व्यवस्था है। यहां के आदिवासियों और स्थानीय लोगों को रोजगार का झांसा दे कर उनकी जमीन को कौड़ियों के दाम पर अधिग्रहण कर उन्हें अपनी जमीन से बेदखल कर दिया जाता है। और, इसके एवज में उन्हें क्या मिलता है, उन्हें मजदूर वर्ग में ढकेल दिया जाता है। यह विडंबना ही है की झारखंड के लोगों को यहां की खनिज संपदा में जो हिस्सा मिला है, वह है प्रदूषित हवा और नदियां। इस हालत का जिम्मेदार कौन है? इसकी जिम्मेदारी बहुतों पर है, लेकिन सभी अपने को पाक-साफ साबित कर दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहेगा। पर, इससे झारखंड का फायदा नहीं होगा। अब उम्मीद सिर्फ नई पीढ़ी से है। नए दौर की नई पीढ़ी से यही आशा है कि वे इस बुझते हुए दीपक में जागरूकता और उत्साह का प्रकाश जला पाएंगे। झारखंड बदलेगा और विकसित होगा।

**अमित महतो, पत्रकारिता विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय।**

## सीआईडी ने पश्चिम बंगाल से साइबर ठगी के आरोपित को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पश्चिम बंगाल के डोलाहाट थाना क्षेत्र के निश्चिंतापुर से साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी दिनेश मंडल को बंगाल पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक मोबाईल फोन और कॉरपोरेट खाता से लिंक चार सिम कार्ड बरामद किये गये हैं। साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि सीआईडी के साइबर क्राइम थाने में तीन मई को मामला दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता ने दर्ज मामले में बताया था कि उनसे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया और राशि निवेश करने का प्रलोभन दिया गया। इसके पश्चात उन्हें व्हाट्सएप पर एक लिंक के जरीय निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन देते हुए कुल 96.2 लाख का साईबर अपराधियों द्वारा अवैध हस्तानांतरण कराते हुए ठगी कर लिया गया। जांच के क्रम में व्हाट्सएपपर भेजे गये लिंक के माध्यम से निवेश करवाने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओं में पैसे डालने को बोला गया।

# मारवाड़ी कॉलेज के 23 विद्यार्थियों का टीसीएस के आईटी डोमेन में चयन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



### इन विद्यार्थियों का हुआ है चयन

**सत्यम मिश्र, श्रुति कुमारी, कोमल कुमारी, सचिन कुमार, रोहित कुमार, सिद्धार्थ सिंह, सौम्या श्रीवास्तव, खुशी महतो, कृष्णा यादव, इशिका राज, निकिता पाठक, विशाल मेहता, मोहम्मद शान, मंजीत शर्मा, मोहम्मद अंसारी, अभिषेक यादव, रितिक यादव, अनीश शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, मोहम्मद फरीद, अजय कुमार, कोमल कुमारी एवं अमन कुमार।**

मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस ड्राइव में बीसीए, बीएससी आईटी, सीएस के 23 विद्यार्थियों का चयन टीसीएस के आईटी डोमेन में हुआ। इनका इनसेंटर टेस्ट 12 जनवरी को और इनका इंटरव्यू 27 और 28 फरवरी को हुआ था।

इनका विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में हुआ है। इन्हें ट्रेनिंग के दौरान 2 से 3 लाख का रुपये का पैकेज एवं ट्रेनिंग के उपरांत 4 से 5 लाख रुपये प्रति वर्ष मिलेगा। इनमें से कुछ बच्चों का चयन टीसीएस इगनाइट के रूप में हुआ है, जिनका पैकेज ट्रेनिंग के उपरांत 7 लाख या उससे अधिक होने की सम्भवना है और साथ में इनको एमसीए करने का भी मौका मिलेगा।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार , प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ उमेश कुमार, आईटी बीसीए के कोऑर्डिनेटर डॉ संतोष रजवार, प्लेसमेंट सेल असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती, डॉ अर्चना कुमारी एवं अंजना कुमारी ने इन सभी छात्रों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

एक्सआईएसएस में 2024-26 बैच का इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न

# सीखने, बढ़ने और सेवा करने की कोई सीमा नहीं है : डॉ जोसफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में 2024-26 बैच के लिए आयोजित ओरिएंटेशन-कम-इंडक्शन कार्यक्रम आठ दिनों के बाद शनिवार को संपन्न हो गया। इस दौरान छात्रों ने संस्थान के साथ सहजता से घुलने-मिलने और संस्थान के विजन और मिशन को समझने के लिए कई समग्र सत्रों में भाग लिया। इस इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दूसरे दिन, एक कॉमन सत्र हुआ, जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने छात्रों को संबोधित किया और सकारात्मक दृष्टिकोण, समग्र आत्म-विकास और संस्थान के सदस्यों के साथ मजबूत संबंध विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दो साल की अवधि में छात्र अपने समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में ये कौशल भी हासिल करेंगे। उन्होंने छात्रों से योगी के रूप में उभरने को कहा, जो अपने व्यक्तिगत उद्देश्यों को पीछे छोड़कर दूसरों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए सीखने, बढ़ने और सेवा करने की कोई सीमा नहीं है। इस सत्र में संस्थान के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने आगे बढ़ाया गया, जिसमें उन्होंने जेसुइट्स के काम करने के तरीके के बारे में बात की। उन्होंने कई मूल्यों को आत्मसात करने पर जोर दिया जैसे मैजिस, क्यूरा पर्सोनलिस (सबकी देखभाल), विश्वास जो न्याय करता है, समाज को कुछ वापस देना है, मूल्य-आधारित शिक्षा, और स्थायी अभ्यास। एक सत्र को फादर क्लैबर मिंज एसजे, वित्त अधिकारी और सहायक प्रोफेसर, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के संबोधन के साथ आगे बढ़ा। उन्होंने पैसे के मूल्य, पैसे कमाने के महत्व, संस्थान में विभिन्न सांस्कृतिक/ संस्थागत गतिविधियों के लिए बजट तैयार करने आदि पर बात की। एक्सआईएसएस के एलुमनाई एसोसिएशन (आक्सिस) के उपाध्यक्ष जसबीर सिंह खुराना ने अभिषेक विक्टर, मेदांता हॉस्पिटल के जीएम एचआर और अन्य सदस्यों के साथ संस्थान में अपनी यात्रा को याद किया और छात्रों को प्रेरित किया।

# जगन्नाथ स्वामी के दर्शन के लिए मौसीबाड़ी में उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए शनिवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। पुजारियों ने मौसी बाड़ी में सुबह पांच बजे नेम-निष्ठा से दैनिक-पूजन आरती भगवान को खीर और हलवा आदि का भोग लगाया। इसके बाद मंदिर का पट आम भक्तों के लिए खोल दिया गया। दिन चढ़ने के साथ दर्शनार्थियों की कतार लग गयी। मौसम साफ रहने से भीड़ भी अत्याधिक रही। भक्तों ने दोपहर 12:10 बजे तक दर्शन-पूजन किया। इसके बाद पट बंद कर दिया गया। फिर दिन के तीन बजे से श्रद्धालुओं जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने आ रहे हैं, जो रात आठ बजे तक चलेगा। रात साढ़े आठ बजे आरती और भोग लगाने के बाद पट बंद कर दिया जायेगा। मौसी बाड़ी में 16 जुलाई की रात भगवान जगन्नाथ स्वामी को खिचड़ी का विशेष भोग लगाया जायेगा। साल में सिर्फ इसी दिन भगवान को खिचड़ी का भोग निवेदित किया जाता है। मान्यता है कि घर लौटने से एक दिन पूर्व लक्ष्मी ने खिचड़ी बनाकर जगन्नाथ स्वामी को खिलाया था। इसी भाव को आत्मसात कर भक्त खिचड़ी का विशेष भोग परंपरागत तरीके से भगवान को अर्पित करते हैं। मौसी घर मेहमानी पर आये भगवान जगन्नाथ स्वामी 17 जुलाई को बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग मुख्य मंदिर लौटेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### श्रावणी मेले की तैयारियों में जुटा पहाड़ी मंदिर प्रबंधन

**रांची।** सावनी पूजा की तैयारियों में पहाड़ी मंदिर विकास समिति जुट गया है। मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही, मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। इस बार सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस संबंध में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने शनिवार को कहा कि पहाड़ी मंदिर रांची का ही नहीं, बल्कि राज्य का एक ऐतिहासिक मंदिर है। यहां लाखों लोग सावन में बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। सिन्हा ने कहा कि समिति की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग को एक पत्र लिखकर पहाड़ी मंदिर के सावन के दौरान पूजा होता है। इसे राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाया जाए। इसके तहत पूरा मंदिर का रंग-रोगन कराया जा रहा है। 56 से ऊपर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि भीड़ को नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन और भारत एस्कॉर्ट को भी हम लोगों ने पत्र लिखा है कि स्वयंसेवक उपलब्ध कराया जाए। पहाड़ी मंदिर श्रृंगार समिति सहित अन्य लोगों से भी आग्रह किया गया है कि वह सोमवार के दिन कम से कम अपनी सेवा दें, जिससे भीड़ पर काबू पाया जा सके।



### युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान स्थित रजिस्ट्री मैदान के पास शनिवार की शाम एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि दो गुटों के बीच हुई लड़ाई में राजू उर्फ कतरनी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए एक आरोपित गिरी नेपाली को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवक का भी पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। वह दो बार जेल भी जा चुका है। गिरी नेपाली और राजू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गिरी नेपाली ने राजू के गर्दन पर पीछे से चाकू से हमला किया। इससे राजू की मौके पर ही मौत हो गई।

### हटिया डैम में डूबे छात्र का शव मिला

**रांची।** रांची के हटिया डैम में नहाने के दौरान डूबे छात्र अंजन केरकेट्टा (14) का शव एनडीआरएफ ने शनिवार को काफी मशक्कत के बाद खोज निकाला। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अंजन केरकेट्टा भाई अंकुर केरकेट्टा के साथ साइकिल से धुर्वा कोचिंग करने आया था और धुर्वा डैम की ओर घूमने चला गया। घूमने के बाद दोनों भाई डैम में नहाने उतर गए और अंजन गहरे पानी में चला गया। अंकुर के शोर मचाने पर जबतक लोग मदद वे लिए पहुंचते अंजन पानी में डूब चुका था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना धुर्वा और नगड़ी थाने को दी। नगड़ी पुलिस ने आसपास के गोताखोरों को बुलाकर पानी में उतारा, लेकिन वे अंजन को खोजने में विफल रहे। इससे पूर्व 11 मई को भी धुर्वा निवासी दो नाबालिग छात्र और आपस में चचेरे भाई आर्य शर्मा और प्रशांत शर्मा की धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी।

### जेसीआई रांची यूथ की सोनल अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड



**रांची।** पीलीभीत में आयोजित जेसीआई संगठन के मंडल तीन के अर्धवार्षिक सम्मेलन में जेसीआई रांची यूथ को रीजन-4 में सर्वश्रेष्ठ संस्था के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के साथ विभिन्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जेसीआई रांची यूथ की सोनल अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के लिए अवार्ड मिला। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने भावुक होकर कहा कि पीलीभीत में मिडकॉन पर सम्मानित होने पर मुझे गर्व महसूस हो रहा कि मैं जेसीआई रांची यूथ की सदस्य हूं और यह सम्मान मेरे जीवन में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने जेसीआई रांची यूथ के सदस्यों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए आभार जताया।

### अगर आप रातू रोड से पंडरा जा रहे हैं तो सावधनी बरतिए

**रांची।** आगर आप रातू रोड होते हुए पंडरा की ओर जा रहे है, तो थोड़ी सावधानी बरतिए क्योंकि आईटीआई बस स्टेंड से बन रहे प्लाइ ओवर के पास जो रोड निलती है, वहां से लेकर राजेंद्र नगर के गेट तक सड़क के पास पानी-किचड़ और जाम भी आपको भरपुर मिलेगा। फ्लाइ ओवर के नीचे से जाने वाली सड़क में पुरा पानी भरा हुआ है। थोडा आगे बढ़ने के बात सडक पर किचड़ जमा है। जिसमें लोगों को गाड़ी चलाने में काफी परेशानी हो रही है। खास कर के दो पहिए वाहन को। शनिवार को एक ई रिक्शा इस किचड़ में फंस गई, जिसे निकलने में काफी परेशानी हुई। इसके पीछे सैकड़ों गाड़ियों का जाम लग गया। फिर पिछे से एक पिकअप वेन से ई रिक्शा को धक्का लगाया तब जा कर ई रिक्शा बाहर निकल पाया। इसके बाद ही पिचे फसी गाडियां आगे निकल पाई। निर्मांधिन फ्लाइ ओवर के कारण ये परेशानी आ रही है।

### डीटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**रांची ।** रांची जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) अखिलेश कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के रातु, ओरमांझी, खेलगांव एवं बूटी मोड क्षेत्र में मालवाहक, तीन पहिया ऑटो के कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्यारेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाईसेंस, ओवरलोड आदि की जांच की गई। जांच के दौरान कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण कुल 13 वाहनों से 106500 का दंड अधिरोपित किया गया तथा 02 हाइवा को जप्त कर रातु थाना एवं 03 तीन पहिया सवारी वाहन को जप्त कर खेलगांव थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### रांची विमेंस कॉलेज की चार शिक्षिकाएं हुईं सेवानिवृत

**रांची ।** रांची विमेंस कॉलेज की चार सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को विदाई दी गई । उपस्थित सभी शिक्षकों ने आगे के जीवन की शुभकामनाए दी। सेवानिवृत होने वाली शिक्षिकाओं में इतिहास विभाग की शिक्षिका डॉ. वीणा ओझा, वनस्पति शास्त्र विभाग की शिक्षिका डॉ. सुषमा दास गुरु, गणित विभाग की शिक्षिका नंदा घोष और मनोविज्ञान विभाग की शिक्षा का डॉ. पुष्पा सिंह। प्राचार्या डॉ. सुप्रिया ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण के प्रति आप सभी के समर्पण ने पीढ़ियों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। आपकी सेवानिवृत्ति आपके करियर की तरह ही पुरस्कृत और संतुष्टिदायक हो। आप सभी वरीय शिक्षिकाओं को एक मार्गदर्शक, एक सलाहकार और एक मित्र होने के लिए धन्यवाद। हम आपको खुशी, पूर्णता और असीम खुशी से भरी सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं देते हैं। विदाई समारोह में डॉ. सीमा प्रसाद, डॉ किरण तिवारी का अहम योगदान रहा. रांची नगर निगम ने आज सभी शिक्षिकाओं को अमरूद, जामुन, बड़हर, गुलमोहर जैसे पौधों को देकर सम्मानित किया।

# मूक-बधिर के लिए आरक्षित पद पर उसे मिली नौकरी जो बोल-सुन सकता है : बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को एक समारोह में 1482 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा था, लेकिन नियुक्ति परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर भारी विवाद हो रहा है। अभ्यर्थियों का एक बड़ा समूह कई अनियमितताओं का उदाहरण देते हुए नियुक्ति प्रक्रिया की सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के मुताबिक, गड़बड़ी इतनी गंभीर है कि मूक बधिर श्रेणी के लिए आरक्षित पद पर ऐसे अभ्यर्थी को नियुक्त कर लिए जाने की सूचना है, जो भली भांति बोल-सुन सकता है। इस युवक का नाम योगेंद्र प्रसाद बताया जा रहा है और वह देवघर का रहने वाला है। भाजपा नेता बाउरी ने इस युवक का एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है, मुख्यमंत्री के दबाव में विभाग कहीं इसे प्रिंटिंग-टाइपिंग एरर कहकर अपना पल्ला न झाड़ ले! नियुक्ति की यह परीक्षा 3120 पदों के लिए 2023 में आयोजित हुई थी। इस परीक्षा में कुछ खास सेंटरों के परीक्षार्थी सबसे ज्यादा सफल घोषित किए गए हैं।

## सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट दायर

कई परीक्षार्थियों ने इसे बड़ी गड़बड़ी बताते हुए सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट दायर कर रखी है, जिसकी अगली सुनवाई जुलाई के अंतिम हफ्ते में होनी है। परीक्षार्थियों के एक समूह ने इस मुद्दे पर धरना-प्रदर्शन भी किया है। सीएम से लेकर झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन को ज्ञापन सौंपे गए हैं। चुने गए कैंडिडेट्स में 481 ऐसे हैं, जिन्होंने बोकारो के एक ही सेंटर पर परीक्षा दी थी। यह परीक्षा सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड) मोड में ली गई थी और इसके लिए राज्य में कुल 24 सेंटर बनाए गए थे। इनमें से पांच सेंटरों से 1500 कैंडिडेट्स सफल घोषित किए गए। यानी कुल सफल कैंडिडेट्स में 48 फीसदी ऐसे हैं, जिन्होंने इन सेंटरों पर परीक्षा दी थी। सबसे ज्यादा टॉपर्स भी इन्हीं सेंटरों से हैं। सफल घोषित कैंडिडेट्स में 1020 को सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के पहले ही नियुक्ति पत्र दे दिया है, जबकि बाकी 2100 को नियुक्ति पत्र देने के पहले उनके सर्टिफिकेट्स की जांच की प्रक्रिया चल रही है।

## बोकारो के श्रेया डिजिटल सेंटर से ही 481 उत्तीर्ण

कई सबसे ज्यादा सवाल बोकारो के श्रेया डिजिटल सेंटर पर स्थित परीक्षा केंद्र से एक साथ 481 कैंडिडेट्स के उत्तीर्ण होने पर उठ रहा है। फिजिक्स में 25 टॉपरों में 10, ज्योग्राफी के 13 में से आठ, बायोलॉजी के 11 में से तीन टॉपर इसी सेंटर के हैं। सफल परीक्षार्थियों में कई ऐसे हैं, जिनके रोल नंबर क्रमवार हैं। इसी तरह रांची में शिवा इन्फोटेक, फ्यूचर ब्राइट एवं टिस्टा टेक्नोलॉजी और धनबाद में धनबाद डिजिटल सेंटर पर स्थित परीक्षा केंद्रों से भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस मामले में बीरेंद्र कुमार सिंह व अन्य की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में जो याचिका दायर की गई है, इसपर पिछले दिनों सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) के डिजिटल डाटा के साथ-साथ प्रश्न, उत्तर और रिस्पांस को सुरक्षित रखा जाए। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार व जेएसएससी को चार सप्ताह के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के अधिवक्ता ने कहा था कि एक सेंटर श्रेया डिजिटल केंद्र, बोकारो से 481 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है, जिससे पता चलता है कि परीक्षा पहले से ही फिक्स थी।

# विभिन्न समाज की समस्याओं से हों रूबरू : राजेश ठाकुर

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के विभिन्न विभागों और कार्यकारी अध्यक्षों के साथ की बैठक*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के विभिन्न विभागों और कार्यकारी अध्यक्षों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, डाटा एनालिसिस विभाग के अध्यक्ष शामिल थे। बैठक में राजेश ठाकुर ने सभी विभाग के अध्यक्षों को कई निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि सभी विभाग समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़े हुए हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि उस समाज की समस्याओं से रूबरू हों ताकि इसे उचित पटल पर रखकर उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग बैठक आयोजित करे। साथ ही सभी समस्याओं की सूची और उसके निदान का एक फोल्डर तैयार करें। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 वर्षों में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के खिलाफ जितने भी निर्णय लिए गए हैं उसे बिंदुवार और स्पष्ट रूप से जनता के बीच रखें ताकि जनता इनके कारनामों को भूल न सके।



बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि यदि समाज में संतुलन रखना है तो हर वर्ग की समस्याओं को जानना और संविधान प्रदत अधिकार देना जरूरी है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों अल्पसंख्यकों आदिवासी अनुसूचित जाति के हक की आवाज हमेशा उठाई है।

# झारखंड की सरकार कर रही बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के संथाल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठ सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। मरांडी ने शनिवार को दुमका में कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए इस राज्य के आदिवासी भाई-बहनों की जमीन और संसाधनों पर कब्जा जमा कर झारखंड को जिहाद खंड बनाना चाहते हैं। राज्य सरकार न सिर्फ इस संवेदनशील मामले पर चुप्पी साधे है, बल्कि अवैध घुसपैठियों को बसाने में भी मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार इस मामले में हाई कोर्ट के आदेश की लगातार धज्जियां उड़ा रही है। आदिवासी समाज के जल-जंगल-जमीन की कीमत लगाई जा रही है। वोट बैंक की राजनीति करने के लिए ऐसे तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है।



मरांडी ने राज्य की मौजूदा गठबंधन सरकार को ठगबंधन सरकार बताते हुए कहा कि इनका समय निकट आ गया है। झारखंड में आदिवासियों के अस्तित्व और उनकी अस्मिता की रक्षा भाजपा ही करेगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही चुन-चुनकर सारे घुसपैठियों को बाहर खदेड़ा जाएगा। इधर, झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी को चुनौती दी है कि वह एक भी बांग्लादेशी घुसपैठिया को दिखाएं। वह लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी संथाल परगना और यहां के मूल निवासियों को बदनाम करने में लगी है। इस पार्टी ने हमेशा द्वेष की राजनीति की है।

## हाई कोर्ट ने वकीलों को बीमा योजनाओं का लाभ देने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट राज्य में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं को जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने को लेकर गंभीर है। अधिवक्ताओं को सरकारी योजनाओं से जोड़कर सुविधा दिलाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने सरकार को वकीलों को जीवन बीमा का लाभ देने के लिए प्रावधान करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ज्यादातर वकील अपना जीवनयापन ठीक से नहीं कर पाते। ऐसे में जीवन और चिकित्सा बीमा के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करना सरकार का काम है।

# सरकार पर विश्वास करने का समय खत्म अब जवाब देने का मौका : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों का विश्वास तोड़ा है। जनादेश के साथ धोखाधड़ी की है। सरकार पर विश्वास करने का समय अब खत्म हो गया है और इसका कोई मतलब भी नहीं है। यह समय और मौका इन्हें इनकी वादाखिलाफी का जवाब देने का है। सुदेश कुमार महतो शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राजीव कुमार ने आजसू पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्थापित सरकार ने यूथ को धोखा दिया है। धोखा खाए हुए नौजवान सड़कों पर भटक रहे हैं और अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं। सरकार ने रोजगार मेला लगाकर जिन युवाओं को नौकरियां दी वो युवा अब कहां हैं इसका हिसाब सरकार को देना चाहिए। नियोजन नीति को लेकर झारखंडी युवा छले गए हैं। इसके बाद भी कभी 30 हजार कभी 40 हजार नौकरियां देने के वादे किए जा रहे हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार परिणाम नहीं देती है तो जनता को निराशा होती है। समाज के हर वर्ग के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं। आज प्रशासनिक सेवा से सार्वजनिक जीवन में आने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत है।



राजीव झारखंड को समझने वाले अधिकारी रहे हैं। इनके अनुभव का लाभ पार्टी को जरूर मिलेगा। पार्टी में शामिल हुए पूर्व आईएएस राजीव कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के विकास के प्रति सोच और झारखंडी विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरुकता जरूरी : मनरेगा आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा कम हुई है। इसलिए यहां जल छाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है। जिलों में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जल के एक-एक बूंद का संरक्षण और उसके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया। राजेश्वरी ने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाएं। पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरुकता जरूरी है। उन्होंने इन योजनाओं को आत्मसात करते हुए प्लानिंग के साथ कृषि करने की बात कही। साथ ही कहा कि ड्रिप इरीगेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे जल संग्रहण के साथ फसल सिंचाई भी अच्छे से किया जा सकता है। मनरेगा आयुक्त ने शनिवार को जल छाजन के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची, लोहरदगा, सिमडेगा एवं गुमला जिला में संचालित परियोजनाओं की क्रियान्वयन एजेंसी के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जल छाजन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना है। बैठक में पीपीटी के माध्यम से जल छाजन को लेकर आवश्यकताओं के अलावा जल संकट की स्थिति और आम आदमी की पहल के साथ जल संरक्षण के उपाय की जानकारी दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत गोवा भेजे गये 820 ईसाई धर्मावलंबी



**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से गोवा के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली। राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी ने शनिवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से झारखंड के 820 ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा की यात्रा पर भेजा गया। इसमें रांची के 77 धर्मावलंबी भी शामिल हुए। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के निदेशक और अधिकारी मौजूद रहे। झारखंड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के लाभुक तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन कराया जा रहा है।

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए बनेगा विशेष प्रशिक्षण केंद्र

**रांची।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए राज्य में विशेष प्रशिक्षण केंद्र बनाये जाएंगे। इन केंद्रों के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं का गैर वित्तीय आधार पर सहयोग लिया जाएगा। इन केंद्रों में पठन-पाठन के लिए टीएलएम एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की जायेगी। केंद्रों का संचालन विशेष रूप से प्रशिक्षित रिसोर्स पर्सन (वालंटियर) करेंगे। इन केंद्रों के लिए प्रशिक्षित वालंटियर्स की व्यवस्था करना समाजसेवी संस्थाओ की जिम्मेदारी होगी।

### एचईसी राज्य सरकार को सौंपें जाने की मुख्यमंत्री की मांग सही: प्रकाश विप्लव

**रांची।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) को सुचारू रूप से चलाने के लिए उसे राज्य सरकार को सौंप दे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गत शुक्रवार को पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते हुए यह मांग की थी। भारत का गौरव इस मदर इंडस्ट्रीज



एचईसी की स्थापना के लिए यहां के किसानों और रैयतों ने अपनी सैकड़ों एकड़ जमीन दी थी। विप्लव ने कहा कि केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र विरोधी नीतियों के कारण अपने लिए कार्यशील पूंजी और संयंत्र के आधुनिकीकरण की बाट जोहता यह उद्योग बंदी के कगार पर है। वहां काम कर रहे कामगारों और अधिकारियों को 16 माह से वेतन नहीं मिला है। एचईसी के पास कायार्देश का अभाव नहीं है। एचईसी पर बैंक का कोई लोन नहीं है। यदि राज्य सरकार इसकी केवल गारंटर बन जाए तो कार्यशील पूंजी के साथ वहां उत्पादन को तेज किया जा सकता है। एचईसी के पास अपनी बहुत जमीन है उस जमीन का उपयोग कर एचईसी के संयंत्र का आधुनिकीकरण किया जा सकता है।

### ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षित बनाने और मुख्यधारा से जोड़ने में स्वयंसेवी संस्थाएं करेंगी सहयोग

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के जरिए आउट ऑफ स्कूल या ड्रॉपआउट हो चुके 3-18 आयुवर्ग के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के साथ स्वयंसेवी सस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। ड्रॉपआउट और आउट ऑफ स्कूल बच्चो को पुनः विद्यालय में लाने या उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओ से 'गैर वित्तीय आधार' पर सहयोग लेने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के पैनल को तैयार किया जाएगा। जिन संस्थाओं का चयन होगा उनसे विभिन्न गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुपालन का लगातार अनुश्रवण, बच्चों के ट्रांजिशन, टोला भ्रमण, केंद्र सरकार के प्रबंध पोर्टल पर डाटा वर्क, एनआईओएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आदि कार्यो में सहयोग लिया जाएगा। इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा उपलब्ध कराये गए आवेदन लिंक पर पंजीकरण करा सकेंगी। इसके आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों, प्रखंडों में आउट ऑफ स्कूल, ड्रॉपआउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के लिए इन्हें निर्देशित किया जाएगा।

### नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर आज

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन की ओर से रविवार दस बजे से सरना भवन सरना टोली कडरू में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सेठ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार होंगे। परियोजना अध्यक्ष आलोक तुलस्यान ने कहा कि इस शिविर में जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया जाएगा। मौके पर परियोजना प्रबंधक नीतू शर्मा डॉ, सुनील रूंगटा, डॉ. अंजू कुमार, डॉ. संध्या अग्रवाल, मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष एनएमएसएस अजय मारू, एनएमएसएस के अध्यक्ष अरुण छावछरिया उपस्थित होंगे।


# बरसात के मौसम में मच्छरों से बचना जरूरी : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरसात के मौसम में जरा-सी भी लापरवाही कई सारी बीमारियों को दावत दे सकती है। इन दिनों वायरल फ्लू, पेट की बीमारियों के साथ मलेरिया, डायरिया और डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां होने कि अधिक संभावना रहती है। इस मामले को लेकर रांची सिविल सर्जन प्रभात कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल इन बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सदर अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए 30 बेड हैं। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों में लगने वाली सारी दवाएं उपलब्ध हैं।

## मच्छरों से बचना जरूरी

सिविल सर्जन ने कहा कि बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा बीमारी मच्छरों से फैलती है। बरसात में लोगों को एतिहात बरतने की जरूरत है। डेंगू और चिकनगुनिया के मच्छर दिन में हमला करते हैं। डेंगू एक घातक बिमारी है, जिसमें जान तक जाने का खतरा बना रहता है। इसमें खून के प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं। मच्छरों से बचने के लिए दिन में भी मच्छरदानी लगाकर सोना जरूरी है। मच्छरों से बचने के लिए नेट का इस्तेमाल करें और जितना हो सके, पूरी बाजू के कपड़े पहनें। उन्होंने बताया कि रांची में डेंगू का सदर में वर्तमान में एक केस है। बताया कि जिला की टीम लार्वा को नष्ट करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील कि है कि इन दिनों पानी को ज्यादा दिन तक जमा न होने दें। कूलर का पानी 2-3 दिन में बदलते रहें।



## शुद्ध खाना खाएं और साफ पानी पीएं

सिविल सर्जन ने कहा कि बरसात के मौसम में बैक्टीरिया और कीटाणुओं की चपेट में आने से लोग बीमार पड़ते है। इन दिनों फास्ट फूड खाने से बचना जरूरी है। खाना गरम और ताजा खाएं और साफ पानी का उपयोग करें। इस दौरान अपनी सफाई रखना भी काफी जरूरी है। हाथ को लगातार धोएं और बाहर मिलने वाले कटे फल और सब्जियों का सेवन भी न करें। इससे फूड पॉइजनिंग होने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान अगर डिहाइड्रेशन हो जाए है तो कोल्ड ड्रिंक और शुगर वाली ड्रिंक को नहीं पीना चाहिए क्योंकि यह डिहाइड्रेशन को बढ़ा देता है।

# हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने लोक अदालत का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी, झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय द्विवेदी ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल कोर्ट में चल रही लोक अदालत का जायजा लिया और पक्षकारों के बीच मध्यस्थता करवा रहे वकीलों से बातचीत की। इससे पहले रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, झालसा की सचिव रंजना अस्थाना, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभु अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



## आखिरी गरीब व्यक्ति तक कानूनी सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करें : चीफ जस्टिस बीआर षाड़ंगी

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय लोक अदालत और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति (एसडीएलएससी) नगर ऊंटरी गढ़वा का उद्घाटन हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर षाड़ंगी ने शनिवार को ऑनलाइन न्याय सदन, रांची के डोरंडा में किया। मौके पर चीफ जस्टिस बीआर षाड़ंगी ने कहा कि आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। लीगल सर्विस अथॉरिटी का काम है अंतिम पायदान पर पहुंचे हुए गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें कानूनी सहायता देना। चीफ जस्टिस ने कहा कि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) गरीबों को कानूनी सहायता दिलाने में बेहतर कार्य कर रही है। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी (डालसा) को तीन बातों पर विशेष ध्यान रखना होगा। पहला, लोगों को समय पर कानूनी सहायता पहुंचाना। दूसरा, बिना थके काम करना और तीसरा, जहां कानूनी सहायता की जरूरत है।

## मांडर और बहरागोड़ा में खुलेगा ग्राम न्यायालय, चीफ जस्टिस और जस्टिस करेंगे उद्घाटन

**रांची।** झारखंड के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद रविवार को राज्य में दो अलग-अलग जगहों पर ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे। रांची के मांडर और जमशेदपुर के बहरागोड़ा में वे ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक, गुमला जिला के चक्रधरपुर में अनुमंडल न्यायालय का भी उद्घाटन किया जाना है। झारखंड में पहला ग्राम न्यायालय कोडरमा जिला के झुमरीतिलैया में हुआ था। ग्राम न्यायालय में 25 हजार रुपये तक के दीवानी मामले और समन ट्रायल (छोटे-मोटे) आपराधिक मामलों की सुनवाई होगी। ग्राम न्यायालय की शुरूआत होने के बाद मांडर प्रखंड के 19 पंचायतों के उक्त मामलों की सुनवाई होगी।

## एक नजर

### करंट लगने से युवक की मौत, क्षेत्र में पसरा मातम

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंगा निवासी मुकेश राणा 35 वर्ष, पिता द्वारिका राणा का निधन शुक्रवार सुबह विद्युत करंट लगने से हो गई। विदित हो कि मुकेश अपने घर के विद्युत बोर्ड में पलक लगाने का कार्य कर रहा था इस दौरान पलक में करंट आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई ।वहीं घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है तथा घटना की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई और क्षेत्र में मातम पसर गया।

### वाहनचालक अपने वाहन से काला शीशा हटा लें : इंस्पेक्टर



**बरही।** ट्रैफिक को लेकर बरही थाना की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. दो पहिया वाहन के साथ चार पहिया वाहनों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी है. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने सभी चार पहिया वाहन संचालकों से अपने वाहन में लगे काले शीशे हटाने का निर्देश दिया है. उन्होंने बताया की बीते दिन वाहन चेकिंग के क्रम में कई वाहन से काला शीशा हटाए गए हैं. उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया है कि कानून का सम्मान करते हुए अपने वाहनों से काले शीशे हटा लें. पकडे जाने पर दंड के भागी बनेंगे. उन्होंने बताया कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा. अत सभी वाहन चालक अपने वाहन के साथ आरसी, डीएल, इंश्योरेंस, प्रदूषण के कागजात अवश्य रखें. जिसे मांगे जाने पर अवश्य दिखाएं.

### जिप सदस्य ने सीए बने छात्र को किया सम्मानित

**कुजू।** डाड़ी भाग एक के जिला परिषद सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने चार्टर एकाउन्टेंट बने छात्र अनुप कुमार पिता देवनंदन साव को शनिवार को सम्मानित किया। अनुप कुमार के पिता रबोध ग्राम होटल का एक छोटा व्यवसाय कर परिवार चलाते थे।साथ ही बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के हिमायती थे। छात्र अनुप डीएवी तोपा से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद डीएवी कपिलदेव रांची से बारहवीं व संत जेबियर कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी किया। बाद में उसने सीए की पढ़ाई रांची में ही रहकर किया। उसने 11 जुलाई को सीए बनकर अपने परिवार की उम्मीदों को पूरा किया।

### कोफीमयू ने गिद्दी सी परियोजना में सदस्यता अभियान चलाया

**गिद्दी।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय नेताओं ने शनिवार सदस्यता अभियान की शुरूआत किया। यूनियन नेताओं ने गिद्दी सी परियोजना से सदस्यता अभियान की शुरूआत किया। यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत पांडेय, क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पांडेय, कृष्णा सिंह, परशुराम चौधरी, मोनाजिर हुसैन, अंजित कुमार सिंह, खेमलाल यादव और अनिल मांझी ने 30 लोगो को सदस्य बनाया।

**श्री श्री 1008 मारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में जागरण का हुआ आयोजन**

# इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना का प्रसार होता है : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिले के लोधमा में आयोजित श्री श्री 1008 मारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अंतिम दिन शुक्रवार की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने विधिवत रूप से जागरण का उदघाटन किया। इस मौके पर गिरिडीह सांसद श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का हमारे जीवन में व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना का प्रसार होता है और वे पूरी तरह से प्रभु की भक्ति में लीन हो जाते हैं। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से लोगों के बीच मेलजोल बढ़ता है। जो कि समाज के लिए बहुत अच्छा है। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा उत्साह के साथ उनका स्वागत किया गया। जागरण के दौरान कलाकरों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों में झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरंक्षक रघु यादव, शंभु बेदिया, अध्यक्ष बबलु यादव, उपाध्यक्ष भानु यादव, धनेश्वर यादव, इंद्रजीत यादव, गुंजलाल यादव, सचिव राजु यादव, रोहित यादव, झरी बेदिया, देवनंदन यादव, मदन यादव, लालु बेदिया, सह सचिव प्रकाश यादव, दिलीप कुमार यादव, सुरेश यादव, नरेश बेदिया, गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष अजीत यादव, शैलेन्द्र यादव, सितम बेदिया, सुरेश बेदिया, बंटी कुमार, अरूण यादव, हेमंत यादव, कैलाश यादव आदि ने योगदान दिया।

# ओकनी तालाब तट पर गंगा आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ओकनी बड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में हो रहे श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ के दौरान शुक्रवार देर रात ओकनी तालाब तट पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया ।इस आयोजन में वाराणसी से पधारे विद्वान यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री, कथावाचक प. दिलीप उपाध्याय और प्रवचनकर्ता धनंजय शास्त्री ने भी भाग लिया ।हजारों भक्तो के हाथों में सजे दीपों के थाल और उनके मुखारविंद से गंगा मैया के जयकारे परिवेश को और दिव्य बना रहे थे ।ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह महाआरती वाराणसी, विंध्याचल, हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा तट पर हीं हो रही है ।महाआरती करीब दो घंटे तक चली ।महायज्ञ के क्रम में शनिवार को नारद मोह पर प्रवचन हुआ। वहीं महाभोग में खिचड़ी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। सुबह-सवेरे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी की ।रविवार को देवी-देवताओं का नगर भ्रमण कराया जाएगा। वहीं फलाधिवास, नव बालकों का अन्नप्रासन और विविध संस्कार आयोजित कराए जाएंगे। सोमवार को मुंडन संस्कार का कार्यक्रम यज्ञ मंडप के समीप होगा। पूरे धार्मिक अनुष्ठान में समस्त ओकनीवासियों समेत शहर के विभिन्न लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### बिजली विभाग की लापरवाही, लोहे के पोल में दौड़ा करंट, गाय की मौत



**हजारीबाग।** बिजली विभाग,व्यवस्था बहाली के नाम पर चाहे जितनी मनमर्जी कर ले,लेकिन जरूरत के वक्त यह अपाहिज हीं सिद्ध होता है ।मौसम चाहे कोई हो विभाग सुधरने वाला नहीं है ।बिजली विभाग की लापरवाही से शहर के न्यू कॉलोनी कोर्रा में बिजली के पोल में सटकर एक गाय की मौत हो गई ।पोल लोहे का था ।एक दिन पूर्व हीं शहर के व्यस्ततम इलाके धरना स्थल के समीप हीं 11 हजार वोल्ट का तार गिर गया था ।भाजपा नेता टुन्नु गोप ने इस बाबत विभाग के अधिकारियों को बिजली के लोहे के खंभों और तारों को बदलने का अनुरोध किया है।

### भाजपा जिला महामंत्री को पितृ शोक



हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुमन कुमार के पिता वरीय अधिवक्ता श्री ब्रज मोहन लाल का 84 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं ।सांसद मनीष जायसवाल टोनी जैन,केपी ओझा कयुम अहमद,जिला अध्यक्ष विवेकानंद जिला महामंत्री सुनील साहू, भैया अभिमन्यु समेत सैकड़ों लोगो ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

**तीन सगे भाइयों ने शिक्षक के रूप में चयनित होकर सफलता का लहराया परचम**

### आधे दर्जन से अधिक छात्रों ने पाई सफलता, क्षेत्र का बढ़ाया मान



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के आधे दर्जन से अधिक छात्रों ने झारखंड पोस्ट ग्रेजुएट टीचर के रूप में सफलता पाकर अपने परिवार समेत क्षेत्र का मान बढ़ाया है ।परिणाम जारी होते ही सफल अभ्यर्थियों के परिवार में खुशियों का माहौल बन गया। वहीं झुरझुरी निवासी लोकन महतो के तीनों पुत्रों का चयन शिक्षक के रूप में होने से पूरा परिवार हर्षित है।इनके द्वितीय पुत्र रोहित कुमार का चयन पीजीटी इकोनॉमिक्स शिक्षक के रूप में होने के बाद उनके परिवार में खुशियां दोगुना हो गई ।ज्ञात हो की लोकन महतो के तीन बेटे हैं जिसमें प्रथम पुत्र तेज नारायण( मैथ, फिजिक्स) टीजीटी शिक्षक के रूप में अपने ही गांव के विद्यालय युएचएस झुरझुरी में पूर्व से ही सेवा दे रहे हैं। तृतीय पुत्र राजेश कुमार टीजीटी खेल शिक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं । वहीं पेसरा ग्राम से चार अभ्यर्थियों ने पीजीटी शिक्षक के रूप में सफलता पाई है जिसमें स्वीटी आकांक्षा जो हीरालाल प्रसाद डीलर की बहू है, अंग्रेजी शिक्षक के रूप में, चंदन कुमार (दिव्यांग) पिता टेकचंद प्रसाद, महेश प्रसाद पिता छट्ठू महतो, हीरालाल प्रसाद पिता छोटी महतो, विजय कुमार पिता केदार प्रसाद तथा तुइयो से बसंत रविदास पिता मोहन रविदास,चुगलामो से राजेश कुमार इकोनामिक शिक्षक पिता रामेश्वर चौधरी ने पीजीटी शिक्षक के रूप में सफलता पाई है।



**मोबाइल मेडिकल वैन को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी, कहा**

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में यह उपयोगी साबित होगा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** चौपारण प्रखंड में हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) सेवाओं का उद्घाटन हजारीबाग की उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय,निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार तिवारी और हजारीबाग जिला प्रशासन की टीम की उपस्थिति में किया गया। यह चार मोबाइल मेडिकल यूनिट्स सभी गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। इस एमएमयू वैन में ओपीडी, रेफरल प्रबंधन, मुफ्त दवा वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह एमएमयू वैन प्रतिदिन दो गांवों का दौरा करेगी, जिससे क्षेत्र का व्यापक कवरेज सुनिश्चित होगा। उपायुक्त श्रीमती सहाय ने हंस फाउंडेशन के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें पूर्ण प्रशासनिक समर्थन का आश्वासन दिया। हंस फाउंडेशन के सैमुअल सिंह ने एमएमयू संचालन की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जबकि क्षेत्रीय प्रमुख शिशु पाल ने हंस फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के आगामी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्नत तकनीक से सुसज्जित एमएमयू का उद्देश्य विशेषकर नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित चौपारण प्रखंड की 2 लाख आबादी विशेष रूप से दूरदराज और वंचित समुदायों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।



### ईसाई समुदाय के धर्मावलंबियों का जत्था गोवा तीर्थ के लिए हुआ रवाना

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के ईसाई धर्मावलंबियों के लिए गोवा तीर्थ यात्रा का एक जत्था समाहरणालय परिसर से बस द्वारा हटिया रेलवे स्टेशन तक के लिए रवाना हुआ। पर्यटन,कला,संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित इस तीर्थ दर्शन योजना के रवानगी को लेकर आज जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तीर्थ दर्शन यात्रा में हजारीबाग जिला से कुल 15 महिला/पुरूष, सात सहयोगी व एक नोडल अधिकारी शामिल हुए। यह यात्रा 13 जुलाई से 19 जुलाई तक भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से गोवा के तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगी।

### शुरूआती बारिश में ही पुल का अप्रोच रोड धंसा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के अंतिम छोर पर लइयो उतरी पंचायत स्थित है। सुदूरवर्ती गांव होने के कारण सरकार इस पंचायत में विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे की एक सप्ताह के अंदर इस पंचायत में चुटूवा नदी पर बना दूसरे पुल का अप्रोच रोड भी धंस गया। लगभग तीन माह पूर्व पंचायत के रानीडेरा के पास चुटूवा नदी पर दो करोड़ 87 लाख 94 हजार रुपए की लागत से पुल और अप्रोच रोड का निर्माण पुर्ण हुआ है। इसका ऑनलाइन शिलान्यास 29 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व सांसद जयंत सिन्हा और विधायक जयप्रकाश भाई पटेल न किया था। लेकिन पहली बारिश में ही पुल का अप्रोच रोड धंस गया है और सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई है। इस सड़क का निर्माण कार्य डीएमएफटी मद से ग्रामीण विकास विभाग ने कराया था।

**भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंग्रेजी सप्ताह का हुआ समापन**

### संचार माध्यमों के प्रसार ने वैश्विक भाषाओं के प्रचलन को बढ़ाया, अंग्रेजी उनमें से एक है : प्रधानाचार्य



**बरही।** 8 से 13 जुलाई तक भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में अंग्रेजी सप्ताह का आयोजन किया गया. इस दौरान अरुण कक्षा से दशम तक के भैया बहनों के बीच वाद-विवाद, रंगमंच, स्पेलोमेनिया, सस्वर पाठ, कहानी संवाद व सुलेख जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. जिसमे भैया बहनों की अतुलनीय प्रस्तुति रही. जिसे सफल बनाने में अंग्रेजी विषय के आचार्य धीरज, मुकेश, रेशमी व गुडविल ने महत्ती भूमिका निभाई. अंग्रेजी सप्ताह की महत्ता पर बोलते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि विश्व में भाषाओं का प्रयोग बढ़ा है, इसके मुख्य कारण संचार माध्यमों का फैलाव प्रमुख है. अंग्रेजी भाषा उनमें से एक है. जो हमारे दैनिक जीवन में आवश्यक कौशल विकसित करने का कार्य करती है. कार्यक्रम के अंत में निर्णायको ने काफी मशक्कत में बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी मौजूद थीं. कार्यक्रम का समापन प्रिंस रवि शंकर प्रियदर्शी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### सीएचसी बरकट्ठा स्टोर रूम से छिड़काव मशीन बाल्टी समेत अन्य सामग्री की हुई चोरी



बरकट्ठा। बरकट्ठा में चोरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टोर रूम में दिन दहाड़े चोरी कर पुलिस प्रशासन को चुनौती पेश किया है. बरकट्ठा थाना से सटे महज 50 कदम की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित स्टोर रूम से चोरी हुआ है. इस बाबत स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एलटी चंदन कुमार ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत किया है. बताया कि चोरों ने शुक्रवार 12 जुलाई कि दोपहर अस्पताल के पुराने भवन के स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. जिसकी जानकारी उक्त कार्यालय पहुंचने पर स्वास्थ्य कर्मियों को हुआ. इसके पश्चात अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी में देखा गया तो पता चला कि चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गया है.

**मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न**

### भड़काऊ गानों पर रहेगी पाबंदी, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय नगर भवन सभागार में शनिवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्व मनाने तथा सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। छडवा डैम ने लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण के महिला सुरक्षा कमीर्यों की संख्या ज्यादा रखने सहित जुलुस की फोटोग्राफी कराने का भी निर्देश दिया। अंचल स्तर पर शान्ति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुहर्रम त्योहार को लेकर जिलास्तर पर जारी होने वाले संयुक्त आदेश के उपरान्त सभी संबंधित दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के दौरान अलर्ट मुद्रा में रहने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मिडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है।

**नशा मुक्ति पर जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में प्रभातफेरी का आयोजन**

# युवा वर्ग को नशा से मुक्ति दिलाना ही हमलोगों का लक्ष्य है : निदेशक




**नवीन मेल रसंवाददाता। हजारीबाग** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में अनुप्रिया फाउंडेशन के निदेशक अनुप्रिया कुमारी रही जिन्होंने इस आयोजन से समाज पर क्या प्रभाव पड़ेगा उससे विद्यार्थियों को अवगत करवाया। उन्होंने संदेश दिया कि हजारीबाग में युवा वर्ग के लोगों को नशा से मुक्ति दिलाना ही हमलोगों का अभी लक्ष्य है। हमलोगों कोई1 के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी महाविद्यालय परिसर से आरंभ हो कर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए ज्ञान ज्योति महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। प्रभात फेरी में कला, विज्ञान तथा वाणिज्य के सभी छात्रों ने भाग लिया। प्रभात फेरी का का नेतृत्व ठरर के नोडल पदाधिकारी श्री उमेश ठाकुर ने किया। नशा मुक्ति प्रभात फेरी को जी.एम.ग्रुप कॉलेज के निदेशक तथा सचिव शंभू कुमार , प्राचार्य विनय कुमार तथा अनुप्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर महाविद्यालय प्रांगण से रवाना किया। महाविद्यालय परिसर से प्रभात फेरी को रवाना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि नशा से तौबा कर चुके लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी तथा सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत मे भी कमी आयेगी। महाविद्यालय के सचिव शम्भु कुमार ने कहा कि नशा का सेवन कई तरह की बीमारियों को आमंत्रण देता है, शरीर धीरे धीरे कमजोर हो जाता है इसलिए नशा से सभी को दूर रहना चाहिए।

### हाइवा डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत

**रामगढ़।** हाइवा की चपेट में आकर मृत संतोष को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की संतोष लड़की के बिदाई का समान सवारी गाड़ी के कैरियर में रख कर नारियल के रस्सी से बांध रहा था। उसी दौरान केदला-लइयो सड़क से उक्त हाइवा पार कर रहा था। हाइवा जब सवारी गाड़ी के पास से गुजर रहा था। उसी बीच संतोष जिस नारियल रस्सी से समान बांध रहा था वह टूट गया। रस्सी के टूटते ही संतोष नीचे गिर कर डंपर के पिछले हिस्से के चक्के में जा फंसा। डंपर चालक उसे रगड़ते हुए कुछ दूर ले गया। इसमें संतोष के सिर पर गंभीर चोटें आईं। लोगों ने तत्काल उसे वेस्ट बोकारो टाटा मेन अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर परिजन सहित स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। वहीं दोपहर एक बजे डंपर मालिक लइयो निवासी राम चौहान ने तत्काल मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए दस हजार रुपए दिए। साथ ही और राशी जल्द ही व्यवस्था कर के देने की बात कहा। जिसके बाद परिजनों की सहमति पर शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा दिया। वहीं डंपर को जब्त कर पुलिस ओपी ले गई है। मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव राजू महतो, मुखिया रमेश राम, मुखिया गिरीधारी महतो, पंसस प्रतिनिधि रवि रजवार, किशोर रजवार, लखन रजवार, विजय सिंह, बीरान चौहान, संजीत कुमार, बसंत महतो, सुनिल मिश्रा, मिंटू सोनी, काशी प्रसाद, यमुना प्रसाद, पप्पु गुप्ता, सुनील करमाली आदि लोग मौजूद थे। मृतक अपने पिछे बुढ़े बाप, पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया है।

**विरोध** **जेबीकेएसएस ने डेली मार्केट मामले में सब्जी विक्रताओं ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**

# किसानों को समाधान का दिया गया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त से मिलकर उन्हें डेली मार्केट मामले को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जेबीकेएसएस की ओर से कहा गया है कि उपायुक्त ने इस मामले में पहल का आश्वासन दिया है। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ डेली मार्केट में स्थानीय किसानों को सब्जी बेचने में छावनी परिषद द्वारा हटाया जा रहा है। पदाधिकारियों को बताया गया की स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को काफी परेशान भी किया जा रहा है। किसानों ने कहा कि ग्रामीण किसान बड़ी मुश्किल से सब्जी उगते हैं खेती-बाड़ी करते हैं। उसके बाद उनको मार्केट में भी बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि स्थानीय सब्जी विक्रेता दो-तीन घंटा के लिए ही बेचते हैं। रामगढ़ डेली मार्केट वर्षो से चलते आ रहा है। अभी फिलहाल छावनी परिषद के द्वारा बैरेकेटिंग कर दिया गया है। जिससे किसानों व सब्जी विक्रेताओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । ज्ञापन सौपने में मुख्य रूप से आनंद केटियार, पनेशवर महतो, रूपा महतो, गुड्डी देवी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रभु दयाल महतो, राजदीप महतो, विनोद महतो, सुरेन्द्र महतो, पंकज महतो, रंजीत सिंह, कौलेश्वर कुशवाहा,कुल दीप महतो, लक्ष्मण महतो ,कुलदीप महतो, आदि शामिल थे।

**◆किसानों का कहना है कि हमलोग बहुत मुश्किल से सब्जी उगाते है और बचने के लिए मार्केट में परेशानियों का सामना करना पड़ता है**

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया पेपर बैग डे




**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 13 जुलाई को पेपर बैग डे मनाकर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं के सभी बच्चे शामिल हुए। उन्होंने कागज के थैले को बना लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।उन्होंने प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को यह बताया कि अपना स्वयं का पुनः प्रयोज्य बैग लेकर आएं। प्लास्टिक के स्ट्रॉ और कटलरी से बचें। पुनः भरें, पुनर्चक्रित न करें: पुनः प्रयोज्य पानी की बोतल का उपयोग करें। बुद्धिमानी से चुनें: थोक उत्पादों और कम पैकेजिंग वाली वस्तुओं का चयन करें। बच्चों द्वारा वातावरण की जुलाई मनाने का उद्देश्य लोगों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग न करने और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्रथाओं को बेहतर बनाने में मदद करना है। बच्चों ने सभी से आग्रह किया कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति अगर प्रयास करें तो प्लास्टिक जैसी समस्या को दूर किया जा सकता है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को क्षति पहुंचा रहा है और हमारी पृथ्वी बंजर होती जा रही है। हमें हमारी पृथ्वी को बचाना है तो प्लास्टिक को अपने से दूर करना होगा।

## एक नजर

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त परीक्षण के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**सिमडेगा।** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य की समीक्षा किया। उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जा रहा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया का निर्देश दिया। साथ हीं 18 एवं 19 वर्ष के छुटे हुए नए वोटर्स का नाम जोड़ने का निर्देश दिया।

### बरकाकाना ओपी क्षेत्र में हुए मनोज मुंडा हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामगढ़।** 15 फरवरी 2023 को समय करीब 06:30 बजे संध्या में बरकाकाना ओपी क्षेत्र अर्न्तगत ग्राम-लोवाडीह झंझीटोला में मनोज मुंडा उम्र 53 करीब वर्ष पिता-स्व करमा मुंडा साकिन-चिटो थाना-भदानीनगर ओपी को मूर्गा लडाने के द्वौरान अज्ञात चार अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके संबंध में मृतक मनोज मुंडा के भाई जनक मुंडा के फर्दबयान के आधार पर पतरातु (बरकाकाना) थाना कांड संख्या-25/23, दिनांक-16.02.2023, धारा-302/120बी भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अर्न्तगत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। यह जानकारी शनिवार को बरकाकाना ओपी में प्रेस वार्ता के दौरान पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विरेंद्र राम ने दी।

### किसानों के बीच धान और मक्का बीज का किया गया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक पंचायत के 10-10 किसानों के बीच एक एक किलो धान और मक्का का बीज वितरण किया गया। आत्मा के बीटीएम चिंताहरण पाठक ने बताया कि प्रखंड के किसानों को बीज उपलब्ध कराने को लेकर कृषि विभाग से 165 किलोग्राम धान और 160 किलोग्राम मक्के का बीज आवंटन हुआ। बीज वितरण कार्यक्रम में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद और उपप्रमुख सुरजी देवी ने किया। इस मौके पर संतोष कुमार देव, जागेश्वर महतो, भोला प्रसाद, विश्वनाथ रविदास, विनय पांडेय, नाजबुन खातून, रामचंद्र साव, रेनू देवी, सरयू सिंह, छोटेलाल मेहता, दिनेश प्रसाद, अर्जुन सिंह, आजाद अंसारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

विधायक मद से बने शेड का खुंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने किया उद्घाटन

# बच्चों के लिए स्कूलों में सुविधा पहुंचाना हमारा कर्तव्य: विधायक

**बिना शेड के हमलोगों को कार्यक्रम करने में बहुत ही असुविधा होती थी हमलोग विधायक का आभार प्रकट करते हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखण्ड अंतर्गत रेंगारीह हाई स्कूल में विधायक नमन बिक्सल कोंनगाड़ी के विधायक मद से बने शेड एव चबूतरा का खुंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर कोलेबिरा विधायक उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि इस जगह पर हमलोगों को कार्यक्रम करने में बहुत ही असुविधा होती थी हमलोग विधायक का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने हमारी समस्या को सुनते हुए यहां पर चबूतरा एवं शेड दिया। सांसद कालीचरण मुंडा ने उपस्थित विद्यार्थियों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विधायक बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनकी कार्यकुशलता सराहनीय है। इनके नेतृत्व में कोलेबिरा बिधानसभा में नित नए विकास के कार्य हो रहे हैं। यहां पर शेड बन जाने से सभी को बहुत ही सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि स्कूलों में सुविधा पहुंचा हमलोगों का कर्तव्य है। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है।हर सम्भव प्रयास कर रहा हूँ कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सिलसिले वार तरीके से कार्य किया जाए। पूर्व मंत्री एनोस एक्का के 14 साल के लुटपाट का शिकार कोलेबिरा बिधानसभा क्षेत्र, जो के खंडहर करके मिला था उसमें सुधार कर की जा रही है। इस मौके पर काफी संख्या में कांग्रेसी नेता सहित ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता का नहीं रखा जा रहा है ध्यान : अजय एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों के शिकायत पर प्रखंड के कोनपाला पंचायत में कोर्चेबहार पाकरीटोली से कोनपाला बागडांड़ तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का निरिक्षण किया।जिप सदस्य ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण में जो सामग्रियों का स्तेमाल किया जा रहा वह बेहद ही घटिया किस्म का है। बिछाया गया ग्रेडवन में जैसे जैसे गाड़ियों का आवागमन हो रहा है सब चूर चूर हो रहा है। वहीं आर सी सी एवं पी सी सी ढलाई में स्तेमाल होने वाले चिप्स बहुत ही घटिया किस्म का है,जिससे सड़क गुणवत्ताहीन बन रहा है। जिप सदस्य ने यह भी कहा कि सरकार एक बार योजना देती है वो भी भ्रष्टाचार को बली चढ़ जाती है जिसका खमियाजा ग्रमिणों को एक - दो साल बाद ही भुगतना पड़ता है। सरकार जनता पर थोड़ा रहम करे और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएं। जिप सदस्य ने ग्रामीणों को आश्वासत करते हुए कहा कि विभाग के उच्च अधिकारियों को जल्द ही सूचित करते हुए निर्माण कार्य में सुधार लाने का मांग करेंगे।

## कोचेडेगा में ऑटो पलटने से सड़क किनारे खड़े तीन वर्ष के मासूम की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा भंडार टोली शिव मंदिर के पास ऑटो पलटने से सड़क किनारे खड़े 3 वर्षीय मासूम बच्चे की दबने से मौत हो गई मृतक की पहचान भंडार टोली निवासी बनबिहारी साहू का पुत्र अमित साहू के रूप में हुई। जानकारी देते हुए बच्चे की मां बाला कुमारी ने बताया कि उसका बेटा प्रत्येक दिन अपने घर से नजदीक मंदिर शाम के समय पूजा आरती में भाग लेने के लिए जाता है और इस दौरान गया था, वहीं तेज रफ्तार से आ रही ऑटो मोड होने की वजह से पलट गई और पलटने के बाद सड़क किनारे खड़े उसके 3 वर्ष से मासूम बच्चे अमित को चपेट में ले लिया और दबाने से गंभीर रूप से वह घायल हो गया। तुरंत उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी सिमडेगा थाना को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मासूम बच्चों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ सिमडेगा ने मांगो को लेकर उपायुक्त को सौपा ज्ञापन



**सिमडेगा।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ सिमडेगा द्वारा 23 जून को लिए गए निर्णय के आलोक में ग्रेड पे 2400 ,उच्च वर्गीय लिपिक ग्रेड वेतन 4200, प्रधान लिपिक ग्रेड वेतन 4600, कार्यालय अधीक्षक ग्रेड वेतन 4800 तथा प्रशासी अधिकारी का ग्रेड वेतन 5400 की मांग को लेकर सिमडेगा उपयुक्त अजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौपा। साथ ही कहा गया कि उच्च स्तरीय समिति के अनुशंसा के आलोक में अभिलंब पद सृजन की कार्रवाई की जाए वही निम्न वर्गीय लिपिक से उच्च वर्गीय लिपिक के लिए प्रोन्नति के लिए निर्धारित काल अवधि 8 वर्ष से घटकर 4 वर्ष की जाए तथा अन्य उत्तर पदों के लिए प्रोन्नति के मामले में कालावधि में 50% छूट दी जाए तथा रिक्त पद नहीं रहने की स्थिति में एमएसपी के माध्यम से पदक्रम के अनुसार वेतन का लाभ अनुमान ने किया जाए वहीं इसके अलावा कई अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया।



## मोटर यूनियन सिमडेगा की समस्याओं को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** मोटर यूनियन की बैठक तेलंगा खड़िया सिमडेगा बस पड़ाव में यूनियन अध्यक्ष दिलीप तिर्की की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सचिव राजेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, जावेद खान भी साथ रहे। बैठक की बिंदुओं में अहम बात यह रही कि जितने भी मोटर यूनियन के कर्मी हैं। उनका जल्द से जल्द श्रम विभाग से सभों का रजिस्ट्रेशन कराकर श्रम कार्ड बनवाना है। ताकि सरकारी लाभ सभी कर्मियों को दिलाया जा सके। साथ जॉइंट खाता खोलकर जल्द, जो कमिटी की राशि है उसे खाते में जमा करने की बात तय हुई। ताकि पैसा का लेखा जोखा में हमेशा पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही यह पैसा दुःख तकलीफों में यूनियन के काम आ सके। सभी बातों का निर्णय कमिटी के लोगों और कर्मियों की सहमति से लिया गया। साथ ही दिलीप ने यह भी कहा कि बस पड़ाव एक ऐसा जगह है जहाँ पूरे जिले से लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में बहुत ऐसे लोग होते जिन्हें हमारी मदद की आवश्यकता होती जिसके लिए आप और हमे तत्पर रहना है। एवं हर किसी की जरूरत में एक दूसरे के साथ खड़े रहें। बैठक में अरुण पाढ़ी,बन्टी खान, फैज अंसारी, उदय दुबे, नरेश कुमार शर्मा, मो रिजवान, लक्ष्मण शर्मा, मो तस्लीम, मो रुफी सहित अन्य बस कर्मी साथी बैठक में मौजूद रहे।

प्रखंड के युवा सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का, कहा

# युवा शक्ति को सम्मान नहीं देंगे तब तक अच्छे समाज की परिकल्पना संभव नहीं

**यहां राष्ट्रीय पार्टी विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के द्वारा समाज को प्रदूषित करने का काम किया जा रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के नवाटोली आम बगीचा में झारखंड पार्टी के प्रखंड युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। झारखंड पार्टी के युवा सम्मेलन में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे ,झारखंड पार्टी के सलाहकार अभय विश्वकर्मा, झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ,झारखंड पार्टी की युवा महिला नेत्री आयरिन एक्का के साथ-साथ कोलेबिरा प्रखंड के पदाधिकारी और युवा साथी उपस्थित हुए । झारखण्ड पार्टी ने युवा सम्मेलन से समाज को एक संदेश देने का काम किया है। झारखंड पार्टी सोचती है कि जब तक हम युवा शक्ति और मातृ शक्ति को समाज में सम्मान नहीं देंगे उनको आगे नहीं लायेंगे उनको सशक्त नहीं बनाएंगे तब तक एक अच्छे समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। आज देश युवा पीढ़ी पर अपनी उम्मीद लगाए बैठी है ,ठीक उसी प्रकार झारखंड पार्टी भी सिमडेगा जिले के विकास के लिए युवाओं से आह्वान करती है कि आप झारखंड पार्टी का सहयोग कर एक अच्छे और विकसित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे। यहां राष्ट्रीय पार्टी विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के द्वारा समाज को प्रदूषित करने का काम किया जा रहा है । राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा हमारी इस एकता को सामाजिक समरसता को तोड़ने का प्रयास लगातार हो रही है। हमें उनसे दूर रहना है और अपने सही मताधिकार का प्रयोग कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। युवा शक्ति और मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए उनको समाज में सम्मान दिलाने के लिए उनके रोजगार के लिए झारखंड पार्टी की संकल्प है। हालांकि सम्मेलन के बीच में बारिश होने के कारण कुछ व्यवधान हुई परंतु युवा शक्ति ने झमाझम बारिश में भी खड़ा रहकर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष की बातों को सुना इससे साफ संकेत जाता है कि आज युवा शक्ति झारखंड पार्टी के साथ खड़ा है।

**रातू आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लि.**
(झारखंड स्वालंबी सहकारी अधिनियम 1996 यथा संशोधित अधिनियम 01.12.2015 के अंतर्गत निबंधित) ग्राम झाखराटाड, पंचायत रातू उत्तरी, पोस्ट प्रखंड रातू, जिला रांची 835222 (झारखंड)
मोबाइल नंबर- 9798153147, 9835555384

**Tender Call Notice on Limited Tendering Method**

CLF namely **Ratu Aajeevika Mahila Sankul Stariye Prathmik Swalambi Sahkari Samiti Ltd. Ratu,** Ranchi Sealed tender are invited from registered Agencies/Printing Firms for **Print and Supply of different types of Books of Record.** The detailed terms and conditions and prescribed formats for submission of tender are available in the website of JSLPS e.g. www.jslps.in which can be downloaded for use. Interested Agencies/Firm may submit their tender in sealed cover super-scribing as **"Tender for Print and Supply of different types of Books of Record"** to the undersigned at the Address- Ratu Uttari Panchyat Bhawan, Vill. Jhakhratar, P.O- Ratu, Block Ratu, District- Ranchi, 835222 (Jharkhand) **on or before 15.00 hours of 20th July 2024 either in person or by post. The Date & time of opening of Bid is 20th July 2024 at 15:30 hours.**

SD/
Chairman

Ratu Aajeevika Mahila Sankul
Stariye Prathmik Swalambi Sahkari
Samiti ltd Ratu, Ranchi

### पंचायत सचिव पर मारपीट का लगा आरोप,प्राथमिकी दर्ज

**कुरडेग।** कुरडेग थाना में कुरडेग पंचायत सचिव जॉनसन बुढ़ ने मारपीट गाली गलौज करने वाले जिशान खान के खिलाफ में थाना प्रभारी नवीन कुमार को आवेदन सौंप कर कारवाई की मांग की।थाना में दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि मामला प्रखण्ड कार्यालय में 10 जुलाई को शाम चार बजे हुई थी, जिसमे पंचायत ठेकेदार जीशान खान जबरदस्ती पैसा पेमेंट करने के लिए कह रहा था, इसी बीच जीशान खान ने गाली गलौज और मारपीट की करते हुए टेबल में रखे हुए कई सरकारी दस्तावेज को फाड़ दिया, ऑफिस के कर्मियों ने देखा और किसी तरह मुझे बचाया वहीं उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मैं बीडीओ गौरी शंकर शर्मा को दिया। शनिवार को कुरडेग थाना में जा कर कारवाई के लिए आवेदन दिया वहीं जनसेवक सह पंचायत सेवक जॉनसन बुढ़ ने बताया जीशान खान पहले भी एक बार गाली गलौज कर मारपीट की कोशिश किया था, जिसकी सूचना मैं पदाधिकारियों को दिया था।

खुंटी सांसद व कोलेबिरा विधायक ने किया क्षेत्र का किया दौरा

## लोगों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा : कालीचरण मुंडा



**सिमडेगा।** खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा एवं कोलेबिरा विक्सल कोनगाड़ी कोरेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर लोगों के साथ मुलाकात किया। ग्रामीण क्षेत्र के मतरामेटा, कोनमेंजरा, बाघचट्टा, रेंगारिह आदि क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत हुए।मौके पर संसद कालीचरण मुंडा ने सभी ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव में उनपर जताए गए विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। साथ ही क्षेत्र की समस्या को दूर कर विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे।साथ ही उन्होंने कार्यकताओं को भी संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जो भी विकास का कार्य नही हुआ है अथवा अधूरा है, उसकी जमीनीस्तर पर जांच करें और उसकी जानकारी दें ताकि कार्य पूर्ण किया जा सके।अब सांसद और विधायक दोनों आपका है।हम दोनों मिलकर इस क्षेत्र की विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे।वही विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि भाजपा द्वारा लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की मंशा को खूंटी लोकसभा के जनता ने पूरी तरह से नकारते हुए भाजपा को नकारा है। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, रावेल लकड़ा शिशिर मिंज, जोसिमा खाखा, समरोम टोपनो, जमीर खान, अशफाक आलम, बिपिन पंकज मिंज सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिमडेगा में भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम आज

**सिमडेगा।** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम शनिवार को जिला मुख्यालय के सामटोली रोड एस्टोटर्फ मैदान के बगल में होगा जिसमें सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा के बूथ कमेटी के सदस्य एवं हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे, जहां पर लोकसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं आनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए विजय संकल्प लिया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि कार्यक्रम 11:00 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत एव पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए सिमडेगा कमेटी गठित की गई है।

**उद्योग विभाग**
**जिला उद्योग केन्द्र, पलामू**
**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME)**

दिनांक–10 जुलाई, 2024 से 10 अगस्त, 2024 तक विशेष अभियान चलाकर प्रखण्ड स्तर पर **Registration, Submission and Sanction** किया जा रहा है।

1.जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्यम लगाने के लिए बैंक से सस्ते ब्याज पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी लगाने पर 01 करोड़ तक का उद्योग एवं FPO, SHG, सहकारिता समितियाँ, सखी मंडल इत्यादि को समूह पर 10 करोड़ तक उद्योग लगाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र, पलामू द्वारा आमंत्रित किया जाता है।
2.आवेदन पत्र पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर साक्षात्कार के उपरान्त आवेदनों को बैंक में वित पोषण हेतु भेज दिया जायेगा।
3.हुनरमंद और अधिक योग्यता वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जयेगी।
4.आवेदकों को अपना आवेदन पत्र ऑनलाईन आवेदित करना है, जिसका बेवसाईट pmfme.mofpi.gov.in है।
5.इस योजना के तहत पारिवारिक आय की कोई सीमा नहीं है।
6.इस योजना के अन्तर्गत आवेदक का केवल साक्षर होना मात्र है।
7.अनुदान की राशि व्यक्तिगत 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 10 लाख रूपये है। FPO, SHG, या समूह को 35 प्रतिशत तथा अधिकतम 03 करोड़ रूपये परियोजना लागत का देय होगा।

अतः अपना आवेदन पत्र शीघ्र ऑनलाईन आवेदित करें, विशेष जानकारी का लाभ उठाने हेतुः–कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पलामू से सर्म्पक किया जा सकता है।

सर्म्पक सूत्र–:
जिला उद्यमी समन्वयक, लातेहार
मो0 नं0–9065520291
7004684309

निवेदक
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, पलामू/लातेहार
एवं जिला उद्यमी समन्वयक, लातेहार

PR 329521 Industries(24-25).D

## कुरडेग में एनडीआरएफ रांची की टीम को दिया गया प्रशिक्षण

# वज्रपात के बचने के बताये गये उपाय




**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड कार्यालय सभागार में 9वीं बटालियन एनडीआरएफ रांची की टीम द्वारा शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। जिसमें काफी संख्या में अधिकारी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे ।एनडीआरएफ इस्पेक्टर अमित कुमार ने एनडीआरएफ की कार्य की जानकारी दिया। साथ ही बताया कि आपात काल में अपने आप को कैसे बचाना है और क्या नहीं करना है आदि की जानकारी देते हुए कहा कि आप भी सुरक्षा में रह कर दूसरों को आपात स्थिति में कैसे बचा सकते हैं बचाने के कई तरीके प्रयोग करा कर विस्तृत जानकारी लोगों को दिये। उन्होंने सड़क दुघर्टना, सर्प दंश, बाढ़, वज्रपात आदि जैसे स्थिति में उपयुक्त समय में मरीज को ईलाज के लिए अस्पाताल तक पहुंचाने आदि की विस्तृत जानकारी दिये वहीं उन्होंने हार्ट अटैक जैसी बीमारी में सीपीआर कैसे देना है जिसे ग्रामिण युवकों को प्रयोग कर बताये प्राकृतिक बज्र पात में लोगों को कहां रहना चाहिए कहां नहीं रहना चाहिए इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बज्रपात के समय बिजली पोल, टावर, पेड़ के नीचे, पानी, एवं इलेक्ट्रीक उपकरण आदि का प्रयोग ना करें और ना ही करने की सलाह दी। सर्प दंश की घटना में कहा की अपनी बचाव के लिए सोने समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करे घर से बहार निकलते समय लाईट लेकर ही बहार जाए।

## सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यकम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, बार एसोशियन के अध्यक्ष, एडीजे-एवं तीन वृद्ध महिलाओं के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने बड़ी संख्या में आए पक्षकारों, विभागों के कर्मचारी पदाधिकारी, न्यायालय कर्मी, बैंक कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की न्यायिक व्यवस्था में राष्ट्रीय लोक अदालतों की बहुत उपयोगिता है। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है जिससे सुलहनीय वादों का निष्पादन किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल -26639 मामलों का निष्पादन किया गया तथा 11232363/- रुपये की राजस्व की वसूली की गयी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर आशा डी भट्ट, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-1, सिमडेगा, नरंजन सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-क्क, सिमडेगा, मनीष कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा, सुमी बिना होरो, अनुमंडलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, सिमडेगा, सुभाष बाड़ा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिमडेगा, बसन्त कुमार अध्यक्ष, बार एशोसिएशन, सिमडेगा, संजय कुमार महतो सचिव, बार एशोसिएशन, सिमडेगा एवं अन्य गणमान्य व वादकारीगण उपस्थित थे।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**-:आम सूचना:-**

NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न प्रखण्डों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | कैम्प के लिए निर्धारित स्थल | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगर उँटारी | प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में | 15.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 2 | नगर उँटारी | | 16.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 3 | रमना | | 18.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 4 | रमना | | 19.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 5 | मेराल | | 20.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 6 | मेराल | | 22.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 7 | गढ़वा | | 23.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |
| 8 | गढ़वा | | 24.07.2024 | 11:00 AM TO 02:00 PM |

अतः NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि0मी0 से विढ़मगंज 260.483 कि0मी0 तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि0मी0) योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचें।

**आवश्यक कागजात** :– खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 329522 District (24-25)_D

## एक नजर

### डुमरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**डुमरिया।** डुमरिया थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी (सीओ) चंचला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा की गई। सीओ चंचला कुमारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को सूचना दें। डुमरिया थाना क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस नहीं निकाला जाता है। मौके पर प्रमुख गंगामनी हांसदा, सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, उप प्रमुख चैतन मुर्मू, नित्यानंद साव, दिलीप पंडा, शेख बेलालुद्दीन, शेख सलाउद्दीन, अमानुल्लाह अंसारी, लाल बिहारी भकत, अयुब अंसारी, मुखिया सुरेश हेम्ब्रम, थाना प्रभारी सुगना मुंडा आदि उपस्थित थे।

### हाई वोल्टेज तार गिरने से हुई युवक की मौत



**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना इलाके के मोतीलेदा पंचायत स्थित बरमसिया टोला में शनिवार की सुबह विधुत प्रवाहित 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर एक किशोर पर जाकर गिरा. घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक मुन्ना राणा का 17 वर्षीय पुत्र कमलदेव राणा था। घटना के बाद परिजनों में गमों का पहाड़ टूट पड़ा। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि मुन्ना राणा के घर की छत के ऊपर से हाई वोल्टेज तार गुजरा हुआ है। शनिवार की सुबह मृतक कमलदेव राणा छत पर सोया था। इसी दौरान तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना को लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश देखा गया।

### छोटी यादव हत्याकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बीतें दिनों शहर के व्यस्ततम कोर्ट रोड में हुए छोटी यादव के हत्या मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है. गुप्त सूचना पर पुलिस ने आरोपी रामा दास के सिहोडीह स्थित घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और फिर न्यायालय में पेश किया. जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया. इस बाबत थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि आरोपी रामा दास के घर आने की सूचना उन्हें मिली थी. जिसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# पूर्वी सिंहभूम में चौकीदार के 306 पदों पर होगी सीधी नियुक्ति

25 जुलाई तक अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन | आरक्षण रोस्टर के आधार पर कोटिवार पद तय



**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए प्रमंडलीय आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है। दसवीं पास युवक थानावार होने वाली बहाली में भाग ले सकते हैं। इसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में नियुक्ति समिति का गठन किया गया। जिले में कुल 306 पदों पर नियुक्ति की जानी हैं। इसमें अनारक्षित श्रेणी के 160, अनुसूचित जन जाति के 72, अनुसूचित जाति के 16, पिछड़ा वर्ग के 17 पद तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 41 सीटें आरक्षित की गई हैं।

### 25 जुलाई तक जमा कर सकेंगे आवेदन

चौकीदार नियुक्ति की अर्हता पूरी करने वाले अभ्यर्थी 25 जुलाई तक निबंधित डाक, स्पीड पोस्ट अथवा हाथों हाथ उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला चौकीदार नियुक्ति कोषांग में आवेदन जमा करा सकते हैं। परीक्षा के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। लेकिन सभी जरूरी प्रमाण पत्रों को स्वयं अभिप्रमाणित करते हुए दो सादे लिफाफे पर 26 रुपये का अपना पता लिखा लिफाफा के साथ आवेदन 25 जुलाई तक कोषांग में जमा हो जाना चाहिए। उक्त तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अभ्यर्थियों को क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान जरूरी

चौकीदार की बहाली की अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों की पहले 50 अंकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। जिसमें जिले से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं भाषा के रूप में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के अलावे जनजातीय भाषा यथा मुंडारी, हो, संथाली, कुड़खू तथा क्षेत्रीय भाषा के रूप में कुड़माली, बांग्ला, उर्दू तथा उड़िया भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। उल्लेखित भाषाओं में से किसी एक भाषा की परीक्षा अभ्यर्थी विकल्प के आधार पर दे सकेंगे। लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। 50 अंकों की बहुविकल्पीय परीक्षा के लिए डेढ़ घंटे का समय दिया जाएगा।

### पांच मिनट में पूरी करनी होगी एक मील की दौड़

चौकीदार की बहाली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा से गुजरना होगा। पुरुष अभ्यर्थियों को पांच मिनट में एक मील की दौड़ पूरी करनी होगी। उक्त अवधि में दौड़ पूरी करने वाले को 20 अंक प्रदान किए जाएंगे। जबकि छठे मिनट में पहुंचने वाले को 10 अंक मिलेंगे। उसके बाद दौड़ पूरी करने वाले को कई अंक नहीं मिलेगा। इसी तरह महिला अभ्यर्थियों के लिए आठ मिनट या उससे पहले दौड़ पूरी करने पर 20 अंक तथा 10 मिनट में पूरी करने वालों को 10 अंक प्रदान किया जाएगा। सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप 160 सेंटीमीटर होनी चाहिए।

# बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

1 बाइक में चार लोग सवार थे। सभी सरिया के रहने वाले बताये जा रहे हैं

2 बोलेरो में सवार चारों लोग सड़क हादसे में घायल हो गये। इनमें से एक महिला की अस्पताल जाने के क्रम में मौत हो गयी



**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची**

तोपचांची थाना क्षेत्र के मदैयडीह स्थित एनएच में आज शनिवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। बाइक सवार पिता व पुत्र की स्थिति नाजुक है। घटना के बाद बाइक और बोलेरो दोनों के परखच्चे उड़ गये। जानकारी के अनुसार, बाइक में चार लोग सवार थे। सभी सरिया के रहने वाले बताये जा रहे हैं। इनमें से बाइक सवार एक महिला व एक बच्ची की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि बाइक में सवार दो अन्य लोग (पिता व पुत्र) गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं बोलेरो में सवार चारों लोग सड़क हादसे में घायल हो गये। इनमें से एक महिला की अस्पताल जाने के क्रम में मौत हो गयी। जबकि अन्य तीन लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इधर घटना की सूचना पाकर तोपचांची पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## गिरिडीह के कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला व बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार शामिल हुई। कार्यक्रम की प्रारंभ में उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने माननीय मंत्री महोदया को अंगवस्त्र एवं पौध देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री महोदय ने विद्यालयों की बच्चियों से मुलाकात कर उनके पठन पाठन समेत विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की तथा बच्चियों को मन लगाकर पढ़ने के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री महोदया द्वारा वृक्षारोपण किया गया। माननीय केंद्रीय मंत्री ने लोगों से पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंत्री अन्नपूर्णा देवी के अलावे उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त और सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत जिले के अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान भी कारगर नहीं



लोग सार्वजनिक स्थलों पर रात के अंधेरे में फेंक रहे हैं कचरा

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान भी कारगर साबित नहीं हो रहा है। यहां के लोग सार्वजनिक स्थलों पर रात के अंधेरे में कचरा फेंक रहे हैं। उन्हें जुमार्ने का भी डर नहीं है। आदित्यपुर को स्वच्छ बनाने के लिए अब प्रशासक रवि प्रकाश ने सभी वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम द्वारा इन दिनों निगम क्षेत्र में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चला रहा है। इसके तहत आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सभी वार्डों में नालियों-सड़कों की विशेष सफाई की जा रही है। सफाईकर्मी रिहायशी एवं व्यावसायिक स्थलों में विशेष साफ-सफाई अभियान चला रहे हैं। वे आम लोगों से अपील भी कर रहे हैं कि यत्र-तत्र कचरा नहीं फेंकें। नारे लगवा रहे हैं कि सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ। इसके बावजूद लोग यत्र-तत्र कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बात को लेकर अब नगर निगम के प्रशासक ने सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जुमार्ना लगाने का प्रावधान कर दिया है। बता दें कि निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फेंकने के लिए हर घर में कचरा पेटी बंटवा रही है और उसे हर दिन सफाई एजेंसी द्वारा घर-घर से संग्रह कराने की व्यवस्था भी की गई है, लेकिन लोग बाहर कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासक ने कहा कि वे लोगों को जागरूक कर सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने से रोकेंगे और आदित्यपुर को स्वच्छ शहर जरूर बनाएंगे।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर में 40 योजनाओं का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 40 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास का कार्य ना रुका था ना रुकेगा। मैं व्यक्तिगत रूप से अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले एवं सोसायटी का निरीक्षण करते हुए लोगों से मिलता भी हूं और ऑन स्पॉट समस्या को सुनकर समाधान करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि कई योजनाओं का शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया हूं ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहे।

मंत्री ने इस दौरान कुल प्राक्कलित राशि पांच करोड़ 81 लाख 17 हजार एक सौ 78 रुपये की कुल 40 योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें नागरिक सुविधा मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या 15 कुल प्राक्कलित राशि 2.25,73,641.00, सड़क परिवहन मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या 24 कुल प्राक्कलित राशि - 2,87,53,168.00, अमृत 20 मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या एक कुल प्राक्कलित राशि 67,90,369.00 शामिल है।

इन योजनाओं में सामुदायिक भवन का निर्माण, सामुदायिक भवन का सौंदर्यीकरण, छठ घाट निर्माण, तालाब निर्माण, सड़क निर्माण और नाली निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इरशाद हैदर, अमित प्रसाद, बिनोद रजक, राजेश रजक, भोला गोस्वामी, सूरज कुमार, राजकुमार दास, जयप्रकाश साहू, अनिल सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मनोज झा, राकेश दास, ईश्वर सिंह, माजिद अख्तर, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, रवि दुबे, मो इरशाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मवेशी लदा ट्रक को पुलिस ने किया जब्त, ड्राइवर फरार



**गिरिडीह।** गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मवेशी लोड एक ट्रक को जब्त किया है. बताया गया कि क्रूरता पूर्वक 12 चक्का ट्रक में 28 मवेशियों को ठूस-ठूस कर ले जाया जा रहा था। जानकारी दी गयी कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना पर देवरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुखलजोरिया मोड के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। इस दौरान रात्रि के करीब 01।30 बजे सुखलजोरिया मोड के पास एक 12 चक्का ट्रक बिहार चकाई की ओर से आती हुई दिखी जिसे पुलिस बल के द्वारा रोकने पर वाहन चालक ट्रक खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। इसके बाद ट्रक की जांच की गई तो भारी सख्या में मवेशी काफी क्रूरता पुर्वक आपस में सटे हुए बंधे मिले। इस दौरान गाडी में किसी भी प्रकार का मवेशी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं प्राप्त हुआ।

## भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने दामपाड़ा मंडल के लोगों की सुनी समस्याएं

**घाटशिला।** भारतीय जनता पार्टी घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने शनिवार को दामपाड़ा मंडल आसना पंचायत के सुदूरवर्ती गांव के पहाड़पुर महाताम का दौरा किया. ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से भाजपा नेत्री गीता मुर्मू को अवगत कराया. उन्होने ग्रामीणों की समस्या सुनीं और आश्वासन दिया कि जल्द आप सभी की समस्या का समाधान करेंगे. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं को रखा जाएगा के तत्काल समाधान करने की मांग की जाएगी. मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता भारत चंद्र भगत, आनंत पाल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**पति समेत अन्य लोग फरार**





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के बरवाडीह में संदेहास्पद स्थिति में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है. मृतका श्यामसुंदर रजक की बेटी और उमेश रजक की 25 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी थी। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना को लेकर मृतका के पिता श्यामसुंदर रजक ने मुफ्फसिल थाना में लिखित आवेदन देकर दहेज की खातिर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना पर मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए उपस्थित लोगों से पूछताछ किया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से आरोपी पति उमेश रजक समेत उसके परिवार के लोग घर से फरार बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना को लेकर निवासी मृतका की मां अंजू देवी ने बताया कि आज सुबह 8 बजे दामाद ने फोन कर जानकारी दिया कि बेटी ने फांसी लगा लिया है। जिसके बाद वे सभी मौके पर पहुंची। बताया कि दामाद और ससुरालवालों के द्वारा पहले से उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था।

इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। इसको लेकर सामाजिक स्तर पर समझौता किया गया था। मां ने आरोप लगाया कि दामाद और ससुराल वालों ने गाड़ी और घर बनाने के लिए 6 लाख रुपए दहेज मांगा था। जिसे देने में उन्होंने असमर्थता जताई थी। जिसके बाद लगातार बेटी को जान से मारने की धमकी दामाद और उसके घरवाले दे रहे थे। बताया कि अपनी बेटी के साथ वे लोग एक शादी समारोह में गए थे। एक दिन पूर्व ही मृतिका के पिता ने बेटी को ससुराल पहुंचाया था। इसके बाद आज बेटी की मौत की सूचना फोन पर दी गई।

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को अच्छा शैक्षणिक माहौल नहीं मिल रहा : मधुकर



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), चैनपुर में शनिवार को गैर आवासीय विद्यालय नेतृत्व उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू हुआ। इसमें पश्चिम सिंहूम जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत स्तरी आदर्श विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए। कार्यशाला में विद्यालय संचालन में सहयोगी शिक्षकों, बाल-सांसद एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत आदर्श प्रार्थना सभा संचालन की रुपरेखा बतायी गयी।

विद्यालय की अंतिम घंटी में चेतना सत्र अवश्य हो आदर्श प्रार्थना सभा में पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थना करना, भारत का संविधान, सुविचार, महत्वपूर्ण दिवस, मुख्य समाचार, आज का शब्द, प्रेरक प्रसंग, जन्मदिन मनाना, प्रधानाध्यापक का संबोधन, विद्यार्थियों की प्रतिज्ञा, योग (सप्ताह में एक दिन), राष्ट्रगान, बच्चों का नाखून, बाल एवं ड्रेस की साफ-सफाई जांच करना और प्रार्थना सभा का विसर्जन किये जाने का क्रम बताने के साथ इसका अभ्यास कराया गया। डायट के प्रिंसिपल सह सदर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी मधुकर कुमार ने प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं से कहा कि सरकारी विद्यालयों के बच्चों को अच्छा शैक्षिक माहौल नहीं मिल पा रहा है, इसलिए आदर्श प्रार्थना सभा की अवधारणा लायी गई है। इसे विद्यालय में नियमित रूप से संचालित करें। विद्यालय की अंतिम घंटी में चेतना सत्र अवश्य हो।

बच्चों को सक्रिय बनाने के लिए क्लबों से जोड़ें विद्यालय में बाल संसद के साथ ही बच्चों को विभिन्न क्लबों यथा -इको क्लब, जल सेना, डांस एंड सिंगिंग क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, लिटरेसी क्लब, क्राफ्ट एंड आर्ट्स क्लब आदि से जोड़ें, ताकि बच्चे हर तरह से सक्रिय बने रहें। कार्यशाला में दिलीप कुमार महतो, कृष्णा देवगम, संजय कुमार जारिका, कैलाश महतो, दिव्या होरो, शबनम सुंडी, मालती सिंकू, सरानी तोपनो, जसिंता कंडुलना, रामराय लागुरी, बसंत सिंकू, राधाकृष्ण बिरुवा, अखिलेश नाग, अंजलि गागराई, जैनेन्द्र कुमार बिरुवा, संध्या होरो, शत्रुघ्न पुरती, सुनीता कुमारी, बीरेंद्र आर्य समेत 50 प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं। कार्यशाला में अनिल कुमार और महिला सांगा साधन सेवी के रूप में शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में सर्वाइकल स्कैनिंग मेगा कैंप आयोजित



**घाटशिला।** अनुमंडल अस्पताल घाटशिला परिसर में शनिवार को सर्वाइकल स्कैनिंग मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रंजू कुमारी, डॉ। कुमुदिनी सरदार, डॉ। शिप्रा जैसी डॉ। जुली कुमारी एवं सिनी संस्था की प्रियंका महतो द्वारा घाटशिला, धालभूमगढ़ एवं मुसाबनी प्रखंड की 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का सर्वाइकल स्कैनिंग के माध्यम से कैंसर की जांच की गई। इस मेगा कैंप से लगभग 200 महिलाएं लाभान्वित होंगी। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल कार्यक्रम प्रबंधक मयंक कुमार ने बताया कि जांच के बाद किसी भी महिला में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो इसकी जिला स्तर पर जांच कराई जाएगी। कैंप में सिविल सर्जन जुझार माझी एवं जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय धावड़िया भी शामिल हुए।

### करंट लगने से 14 वर्षीय बच्ची की मौत



**झरिया।** झरिया के फुसबंग्ला निवासी इलियास अंसारी की 14 वर्षीय पुत्री सानिया की करंट लगने से शनिवार को मौत हो गयी। सानिया को करंट लगते ही पड़ोसी आनन-फानन में पावर कट कराकर पास के जामाडोबा अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह चार बजे सानिया ने अपनी मां को इलाज के लिए बोकारो अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी मंगाई थी। गाड़ी देखने के लिए वह अपने घर से बाहर आई। बाहर लगे लोहे के पोल को उसने जैसे ही पकड़ा, वो करंट की चपेट में आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोस के लोग पावर कट कर सानिया को पास के जामाडोबा असपताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोल में करंट आने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट है। दरअसल शुक्रवार की रात सर्विस तार शॉर्ट कर गई थी, जिसे बिजली ऑफिस से मिस्त्री बुलाकर बनावाया गया था।शनिवार सुबह उसे पूरी तरह सही किया जाना था, लेकिन देर रात तार फिर शॉर्ट होकर लोहे के एस्बेस्टस पर गिर गया। इसी एस्बेस्टस में लगे लोहे के पोल के संपर्क में सानिया आयी और उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

### पति पर जानलेवा हमले के आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**आदित्यपुर।** एक माह पूर्व 14 जून को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के शांति नगर में हुए जमीन कारोबारी रॉकी कालिंदी पर हुए जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उसका तीन वर्षीय बेटा भी छर्रा लगने से घायल हो गया था। इस कांड के फरार चल रहे आरोपी रवि मंडल को शनिवार की सुबह रॉकी की पत्नी ने कांड्रा रेलवे स्टेशन के समीप धर दबोचा और उसकी पिटाई करने के बाद कांड्रा पुलिस को सौंप दिया है। रवि को अपने कब्जे में लेकर कांड्रा थाना की पुलिस ने आदित्यपुर पुलिस को सूचना दी है। बताया जाता है कि रॉकी कालिंदी शनिवार को अपनी पत्नी दशमति कालिंदी और बेटे समर कालिंदी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हजारीबाग से वापस लौट रहे थे। इस दौरान कांड्रा रेलवे स्टेशन पर उतरकर ऑटो लेने जा रहे थे। तभी रॉकी की पत्नी दशमति की नजर रवि मंडल पर पड़ गई। फिर क्या था दशमति रवि मंडल पर शेरनी की तरह टूट पड़ी। उसके बाद उसे कांड्रा पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि इस मामले में आदित्यपुर पुलिस ने इस कांड के दो आरोपी राजेश गोप और सादान गोप को पहले ही न्यायिक हिरासत में हैं। जबकि रवि मंडल फरार चल रहा था।

### लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी आयी है : जस्टिस राजेश शंकर

**गिरिडीह।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश शंकर ने किया। मौके पर गिरिडीह जिला व सत्र न्यायाधीश और उपायुक्त सहित अन्य कई गणमान्य भी मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश शंकर ने कहा कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर,प्रथम–तल
Email Id- s.s.a.garhwa@gmail.com • jepcgarhwa@rediffmail.com

पत्रांक ............../JEP, Garhwa दिनांक ....../07/2024

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–1278 दिनांक–02.04.2024 के निदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिले में संचालित 02 उत्कृष्ट विद्यालयों– District R.K. Ramasahu CM School of Excellence Garhwa एवं R.K CM School of Excellence Girls, Garhwa में नामांकन हेतु दिनांक–14.06.2024 को प्रकाशित द्वितीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन के उपरांत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु तृतीय मेधा सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट– https://garhwa.nic.in पर प्रविष्टि करा दी गई है साथ ही तृतीय मेधा सूची विद्यालयों एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा करा दी गई है। सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित करते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 329541 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(मृत अज्ञात महिला के शव का फोटो, उम्र करीब–35 वर्ष)



भण्डरिया थाना कांड सं0–35/2024 दिनांक–24.04.24, धारा–302, 201, भा0द0वि0 में भण्डरिया थाना के द्वारा दिनांक–24.04.2024 को समय करीब–13:30 बजे भण्डरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटकु जंगल से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। उक्त महिला के सिर पर पत्थर से कुचल कर हत्या कर शव को छिपाने के उदेश्य से कुटकु जंगल में फेंकने की बात प्रकाश में आई है। उक्त महिला के शव का पहचान कराने हेतु काफी प्रयास किया गया परन्तु शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात महिला के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गोरा, शरीर–मोटी, उंचाई–करीब 04 फिट 06 इंच,
बाल–काला लम्बा, चेहरा–समान्य, पहनावा–नारंगी रंग का साडी,
नारंगी रंग का ब्लाउज एवं पैर में काला रंग का हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 329547 Police (24-25)_D

स्वास्थ्य

## 'पार्किंसंस' के बीच सृजित हुए 'पुष्कर के उद्गार'


डॉ. सत्यवान सौरभ

''छह साल पहले, मेरा लंबे समय से चल रहा अवसाद एक मनोवैज्ञानिक अवसादग्रस्तता पार्किंसन बीमारी में परिणत हो गया, जिससे मेरे पास बेहतर होने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। मैंने मूड स्टेबलाइजर लेना शुरू किया और नियमित रूप से एक चिकित्सक से मिला। भले ही यह अनुभव थका देने वाला रहा पर आज मैं पहले से कहीं ज्यादा स्थिर महसूस करता हूं। बीमारी गई नहीं है और शायद न ही कभी जीते जी जाएगी। ...क्योंकि इसका धरती पर कोई इलाज नहीं है।'' यह कहना है हरियाणा के भिवानी के गांव बड़वा में जन्मे और आजकल हिसार के सेक्टर 16 -17 निवासी रिटायर्ड असिस्टेंट टाउन प्लानर (राजपत्रित अधिकारी) पुष्कर दत्त शर्मा की। उनका हाल ही में कविता संग्रह 'पुष्कर के उद्गार' छपा है। पुष्कर दत्त शर्मा को 2016 के दिसम्बर में दुनिया की इस भयंकर बीमारी के लक्षण आने शुरू हुए। शुरू में इनको दाएं पैर के अंगूठे में कम्पन का आभास हुआ। धीरे-धीरे उन्होंने अकेले चलने और कोई भी काम अकेले करने की क्षमता खो दी। देश-विदेश से इलाज लेने के बाद भी इस बीमारी का कोई इलाज नहीं मिला। आखिरकार इस बीमारी के साथ जीना जरूर सीख लिया। पार्किंसंस रोग एक मस्तिष्क विकार है, जो अनपेक्षित या अनियंत्रित गतिविधियों का कारण बनता है, जैसे कंपन, अकड़न, तथा संतुलन और समन्वय में कठिनाई। लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे शुरू होते हैं और समय के साथ बिगड़ते जाते हैं। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लोगों को चलने और बोलने में कठिनाई हो सकती है। पुष्कर दत्त ने बताया कि ''मुझे यह स्वीकार करने में जितना भी अरुचि हो, मेरी मानसिक बीमारी ऐसी चीज बन गई जिसका मैं फायदा उठा सकता था। अपने लक्षणों को विचित्रताओं में बदलकर, मैं अपनी मानसिक बीमारी की तीव्रता को उससे कहीं अधिक समय तक दबाने में कामयाब रहा जितना मुझे करना चाहिए था। जब आप गंभीर मानसिक बीमारी से उत्पन्न होने वाले हानिकारक दृष्टिकोणों को आंतरिक रूप से ग्रहण करते हैं, तो यह आपको अनोखा महसूस करा सकता है, और अनोखा महसूस करना लगभग उतना ही अच्छा है जितना कि खुश होना। बाहर न जाने की स्थिति में मैंने कुछ न कुछ लिखना शुरू कर दिया।'' ''यह दर्शाता है कि मैंने अवसाद के साथ अपने रिश्ते को बदल दिया है और एक नए व्यक्ति के रूप में विकसित हुआ हूं। पहचान को फिर से खोजना जितना डरावना है, यह प्रक्रिया मुक्तिदायक हो सकती है, जिससे आप एक उद्देश्य पा सकते हैं और अपनी क्षमता की खोज कर सकते हैं। यह आपकी अपनी इच्छाओं और जुनून पर विचार करने का अवसर है, बजाय इसके कि उनका उपयोग अनुपचारित मानसिक बीमारी से निपटने के लिए किया जाए। उदाहरण के लिए, मैं रचनात्मक लेखन में इसलिए आया क्योंकि मैं भावनात्मक रूप से खुद को शांत करना चाहता था। अब जब मेरी मानसिक ऊर्जा मानसिक बीमारी से जूझने में एकाधिकार नहीं रखती, तो मैं रचनात्मक लेखन में स्वस्थ तरीके से शामिल हो पाया हूं। मेरा लेखन वास्तव में बेहतर हो गया है।' वह कहते हैं, '' लेकिन मेरे मानसिक स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार के साथ एक अजीबोगरीब दुष्प्रभाव भी आया- कम्पन। बेहतर होने पर, मुझे जल्दी ही पता चला कि मैंने अपने जीवन का इतना हिस्सा इस धारणा पर बनाया था कि मैं हमेशा दुखी रहूंगा। और जब खुशी कुछ हासिल करने लायक हो गई, तो मैंने जो पहचान विकसित की थी, उसका इस बीमारी के चलते अर्थ खो गया। मुझे अपनी बीमारी से रिटायरमेंट के बाद इस तरह जूझना पड़ेगा कभी सोचा न था। मेरी इस पार्किंसन बीमारी के परिणाम कभी भी पूरी तरह से दूर नहीं होंगे- लक्षण भड़क सकते हैं और जीवन के बुरे दौर की यादें बनी रहेंगी। अपने मानसिक स्वास्थ्य को सक्रिय रूप से संबोधित करने का मतलब यह नहीं है कि मानसिक बीमारियों के साथ आपके अनुभव अब आपके व्यक्तित्व का हिस्सा नहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# भारतीय संस्कृति और मर्यादा का अंतस


हृदयनारायण दीक्षित



***प्रत्यक्ष*** पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीनकाल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है। लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती। भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रिय बोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, ''अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।'' ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है। ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, ''जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।'' इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है। अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं। लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी। लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ। अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय'' (पृष्ठ 6) में लिखा है, ''ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।'' यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवदगीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था। रामशरण शर्मा ने लिखा है, ''उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे।'' विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे। ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी


योगेश कुमार सोनी

**वाराणसी में भी वायु प्रदूषण से होने वाली मौत 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा भी तमाम ऐसे इलाके हैं जहां वायु प्रदूषण मानव जीवन पर भारी पड़ रहा है। देश के स्वच्छ वायु मानदंड डब्ल्यूएचओ के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशा-निर्देश से चार गुना अधिक है। यह बेहद परेशान करने वाला आंकड़ा है।**

***वायु*** प्रदूषण के संदर्भ में हाल ही में जारी आंकड़े देश में भयावह स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मौजूदा स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 100 में से लगभग 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। एक रिपोर्ट में दिल्ली को विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया था। पूरे वर्ष यहां की हवा खराब रहती है। सर्दी में समस्या और बढ़ जाती है। इस मसले पर अदालत से लेकर संसद तक चिंता जताई जा चुकी है। फिर भी स्थिति में सुधार नहीं है। ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र में किसी ने कोई काम नहीं किया। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सरकारें एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू कर देंगी। वाराणसी में भी वायु प्रदूषण से होने वाली मौत 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा भी तमाम ऐसे इलाके हैं जहां वायु प्रदूषण मानव जीवन पर भारी पड़ रहा है। देश के स्वच्छ वायु मानदंड डब्ल्यूएचओ के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशा-निर्देश से चार गुना अधिक है। यह बेहद परेशान करने वाला आंकड़ा है। इसही वजह से वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहतर माने जाने वाले शहरों में भी लोगों की जान जा रही है। मुंबई, कोलकाता बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में हवा अपेक्षाकृत साफ रहती है, लेकिन इन शहरों में भी प्रदूषण से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से अधिक होने से यह नौबत आती है। अब तो मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से ऐसी बीमारियां सामने आ रही हैं, जिनका नाम कभी सुना भी नहीं गया। साथ ही कम उम्र में मधुमेह, कैंसर व हार्ट अटैक जैसी बीमारियों ने हमें आईना दिखाना शुरू कर दिया है। आश्चर्य यह है कि इतना सब कुछ होने के बाद भी हम वैसे के वैसे हैं। सर्दियों के दिनों में कोर्ट भी दिल्ली को गैस चैम्बर तक घोषित कर देता है। पिछले कुछ वर्षों से दीपावली के बाद प्रदूषण बहुत परेशान करता है। आंखों में जलन होना, गले में खराश रहने के अलावा थोड़ी दूर का स्पष्ट दिखाई तक नहीं देता। बच्चों, बुजुर्गों व अस्थमा के मरीजों के लिए तो आफत आ जाती है। इस खतरनाक प्रदूषण की वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ता है। हद यह है कि व्यवस्था तंत्र प्रणाली को भलि-भांति पता है कि लोगों का जीवन प्रदूषण की वजह से खत्म होता जा रहा है, लेकिन उनकी सक्रियता व गंभीरता का धरातल पर कोई असर न दिखना मानव जीवन को खत्म कर रहा है और इसके अलावा हम आने वाली पीढ़ी को अपने हाथों से मारने जैसा काम कर रहे हैं। प्रदूषण के मुद्दे पर सबकी सोच एक जैसी है पर सुधरना कोई नहीं चाहता। अब प्रदूषण फैलने के दूसरे पहलू की बात करें तो केंद्र व राज्य सरकारें पराली न जलाने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करती हैं। पराली को नष्ट करने के लिए मुआवजे के अंतर्गत मशीनें भी देती हैं। करोड़ों का बजट भी पारित किया जाता है लेकिन किसान मशीन तक नहीं खरीदते। हरियाणा में इसके लिए तमाम आईएएस व आईपीएस की ड्यूटी भी लगाई गई पर परिणाम वही ढाक के तीन पात। दिल्ली-एनसीआर में अभी सर्दी नहीं पड़ी और अभी से ही हाल इतना बुरा है कि यहां सांस लेने में इस कदर तकलीफ हो रही हो जैसे कि किसी बड़ी फैक्टरी के अंदर दम घुटता है। यदि आज यहां के किसी भी स्वस्थ व्यक्ति की जांच कराई जाए तो निश्चित तौर पर उसको फेफड़ों से संबंधित बीमारी निकलेगी। इसका ताजा उदाहरण प्रदूषण के दिनों में देखने को मिलता है क्योंकि हॉस्पिटल में सांस से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा होती है। डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण की मात्रा बढ़ने के कारण ऑक्सीजन कम हो जाता है जिस वजह से अस्थमा के मरीजों की मौत तक हो जाती है। इसके अलावा दीवाली के बाद जो प्रदूषण हमारी सांस में जाता है उससे पूरे शरीर का सिस्टम बेहद प्रभावित हो जाता है जिसमें लीवर में भी समस्या होने लगी व छोटे बच्चों के शरीर के विकास में भी प्रभाव पड़ने लगा। कुछ साल पहले केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स के अनुसार गंभीर वायु प्रदुषण के चलते दिल्ली को स्वास्थ्य के हिसाब से 65वें स्थान पर बताया गया था। इस रिपोर्ट में यह दर्शाया गया था कि अब यह शहर रहने योग्य नहीं है। बहरहाल, स्वास्थ्य जैसे मामलों में लापरवाही करना या हल्के में लेना हमें ही नुकसान पहुंचाता है। हद तो यह है कि हम हाईटेक होने के चक्कर में अपने हेल्थ की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे। इससे जीवन पर लगातार संकट बना हुआ है। प्रदूषण की जंग जीतने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे चूंकि जितने भी प्रदूषण के कारण हैं उन पर सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत है। वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक वन क्षेत्र का कम होना भी है। बावजूद इसके पेड़ों का काटा जाना लगातार जारी है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि

## मनगढ़ंत चिंतन


बिनोद सिंह गहरवार

***हर*** फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया, मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया। कभी - कभी सोचता हूँ कि काश चिंतानंद जी पर कभी यह गीत फिट बैठता। पर काहे को बैठने जाए। चिंतानंद और चिंता का रिश्ता अंग्रेजी के क्यू और यू की तरह है। आज वो जैसे ही मेरे घर आए कि पुल पुराण लेकर बैठ गए। मेरी तरफ लाल - लाल आँखे कर के बोले, 'बताओ एसे कहीं पुल गिरते हैं? बरसात आते ही सुशासन बाबू के राज में पुल जलसमाधि लेने लगते हैं।' मैने कहा, 'हमारे यहाँ समाधि लेने की परंपरा बहुत पुरानी है। जब संत महात्मा का शरीर जर्जर हो जाता है तो वे समाधी लेते हैं। सेतु और संत में कोई ज्यादा फर्क नहीं है। जैसे संत जिंदगी भर दुष्टों के प्रहार एवं पाप को झेलते हुए लोंगो की भलाई करते हैं। उन्हें इस लोक से उस लोक तक पहुँचाते हैं और अंत में समाधि ले लेते हैं। वैसे ही सेतु सरकार, ठेकेदार और बिचौलिए की कुकृत्य एवं भ्रष्टाचार को सहते हुए लोगों को इस पार से उसे पार पहुंचाते हैं। फिर जर्जर होकर समाधि ले लेते हैं। ये तो बिल्कुल एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। मुझे लगता है आपको इस विषय को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए। तूल कैसे ना दूं? थोड़ी देर के लिए मान लिया कि कलयुग है। इसका प्रभाव लोगों पर पड़ना स्वाभाविक है। लोगों का ईमान गिर सकता है, संसद में नेताओं का आचरण गिर सकता है और धर्म के बाजार में बाबाओं का संस्कार गिर सकता है पर इतना जल्दी-जल्दी पुल गिरे यह मेरे समझ से परे है। महात्मन शायद आपने गीता नहीं पढ़ी है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है,' जो आया है वह जाएगा ,जो बना है वह बिगड़ेगा और जो आज ऊंचा उठा है वह नीचे गिरेगा। इसे कौन रोक सकता है? इस पर चिंतानंद जी बोले , 'बड़ा चले हो तथाकथित बाबाओं की तरह उपदेश देने? हमने मान लिया कि पुल जर्जर होकर गिर रहे हैं। तो फिर सुशासन बाबू की सरकार भी तो जर्जर हो गई है। वो क्यों नहीं गिर रही है? 'मैंने कहा सुशासन बाबू की सरकार के लिए गीता का दूसरा श्लोक,' नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः न चैनं क्लेदयन्त्यपो न शोषयति मारुतः लागू होता है।' सुशासन बाबू की सरकार आत्मा की तरह अमर है। वह केवल अपना शरीर बदलती है। वह कभी सुशासन का शरीर धारण कर बीजेपी के घर में जन्म लेती है, तो कभी धर्मनिरपेक्षता का शरीर धारण कर जनता दल के घर में जन्म लेती है। शायद मेरी बात चिंतानंद जी को समझ में आ गई। वो अपने कुर्ते की बांहे मोड़ते हुए बोले,'लेखक महोदय मैं अब जा रहा हूँ।' मैंने कहा,'महात्मा इतनी भी जल्दीबाजी क्या है? सप्ताह में केवल बृहस्पतिवार को तो आप आते हैं। इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं..... नहीं, मैं चला। कोई मास्को घूम रहा, मैं मणिपुर तो घूम लूँ।' इतना कह कर ओ मेरे यहाँ से अंतर्ध्यान हो गये।

**चिंतानंद और चिंता का रिश्ता अंग्रेजी के क्यू और यू की तरह है। आज वो जैसे ही मेरे घर आए कि पुल पुराण लेकर बैठ गए। मेरी तरफ लाल - लाल आँखे कर के बोले, 'बताओ एसे कहीं पुल गिरते हैं? बरसात आते ही सुशासन बाबू के राज में पुल जलसमाधि लेने लगते हैं।' मैने कहा, 'हमारे यहाँ समाधि लेने की परंपरा बहुत पुरानी है। जब संत महात्मा का शरीर जर्जर हो जाता है तो वे समाधी लेते हैं। सेतु और संत में कोई ज्यादा फर्क नहीं है। जैसे संत जिंदगी भर दुष्टों के प्रहार एवं पाप को झेलते हुए लोंगो की भलाई करते हैं। उन्हें इस लोक से उस लोक तक पहुँचाते हैं और अंत में समाधि ले लेते हैं। वैसे ही सेतु सरकार, ठेकेदार और बिचौलिए की कुकृत्य एवं भ्रष्टाचार को सहते हुए लोगों को इस पार से उसे पार पहुंचाते हैं। फिर जर्जर होकर समाधि ले लेते हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# रूस और ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान


ललित गर्ग



***भारत*** की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास,नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मानभावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है। निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है। यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवरीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवरीय विश्व व्यवस्था के बाद एक धुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवरीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा। अनेक संकटों से घिरा होकर भी भारत अपनी बात बुलन्दी के साथ दुनिया के सामने रखता रहा है, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तीनों कार्यकाल में भारत ने अपने शक्तिशाली होने का भान कराया है। भारत की रूस से दोस्ती तो बहुत पुरानी है, लेकिन अमेरिका, ऑस्ट्रिया या अन्य नए देशों से दोस्ती का यह मतलब नहीं है कि अपने पुराने साथियों से दूर हो जाएं। इजरायल और फिलिस्तीन के मामले में भी यह देखा जा सकता है। इजरायल से नई दोस्ती के बावजूद फिलिस्तीन पर हमारी रणनीति नहीं बदली है। उसी तरह रूस से अच्छे संबंध का यह मतलब नहीं कि यूक्रेन के मामले में उसे क्लीन चिट दे दें। यही वजह है कि राष्ट्रपति पुतिन को मोदी ने शांति का पाठ पढ़ाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। भारत की इस भूमिका के बीच अब अमरीका भी यह कहने में संकोच नहीं कर रहा है कि भारत को यूक्रेन युद्ध रोकने की पहल करनी चाहिए। फिलहाल शांति के पक्षधर अन्य देश भारत के साथ मिलकर रास्ता खोजने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रिया का रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौता वार्ता का मंच बनने की इच्छा जाहिर करना यही बताता है। भारत अहिंसा एवं शांति का हिमायती का देश है और मानता है कि युद्ध से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। युद्ध केवल बबार्दी और तबाही लेकर ही आता है। रूस व यूक्रेन के बीच जो सीमा विवाद है वह इन देशों के बीच का मामला है और भारत शुरू से ही कहता रहा है कि इस समस्या का हल केवल बातचीत से ही होना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने रूस की यात्रा के दौरान भी भारत का यही रुख सामने रखा और स्पष्ट किया कि किसी भी झगड़े को निपटाने का रास्ता केवल वातार्लाप ही हो सकता है। नरेंद्र मोदी ने रूस से आस्ट्रिया पहुंच कर भी इस रुख को और खोला और कहा कि भोले-भाले लोगों की हत्या कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन

## उपराज्यपाल को दी गईं अधिक शक्तियां

- सचिवों और अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण से संबंधित प्रस्ताव मुख्य सचिव के माध्यम से एलजी को भेजना होगा
- जिन प्रस्तावों को वित्त विभाग से अनुमोदन की आवश्यकता होती है, वह भी एलजी के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन किया है। इससे उपराज्यपाल की कुछ और शक्तियां बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि प्रशासनिक सचिवों और अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को कैसे स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें नए पद कैसे सौंपे जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार, इन स्थानांतरणों से संबंधित प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग के प्रशासनिक सचिव द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल (एलजी) को भेजे



जाने चाहिए। जिन प्रस्तावों को वित्त विभाग से अनुमोदन की आवश्यकता होती है, जहां एलजी के पास विवेकाधीन शक्तियां होती हैं, उन्हें अंतिम अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए पहले मुख्य सचिव के माध्यम से एलजी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि किसी भी प्रस्ताव को, जिसमें अधिनियम के तहत उपराज्यपाल के विवेक का प्रयोग करने के लिए 'पुलिस', 'लोक व्यवस्था', 'अखिल भारतीय सेवा' और 'भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो' के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता हो, तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने मूल नियमों में नियम 42 के अंतर्गत दो धाराएं भी जोड़ीं- विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग न्यायालय की कार्यवाही में महाधिवक्ता की सहायता के लिए महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के माध्यम से उपराज्यपाल के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा। और दूसरे में कहा गया, अभियोजन स्वीकृति देने या अस्वीकार करने या अपील दायर करने से संबंधित कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा।

# बिहार की कई नदियां उफनाईं, पुल पुलिया व तटबंधों की निगरानी बढ़ी



**एजेंसी। पटना**

बिहार की करीब सभी नदियां उफान पर हैं। कोसी, बागमती, गंडक नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इस बीच, पुल-पुलियों के गिरने और धंसने की घटनाओं के बाद पुल, पुलियों, तटबंधों तथा कटाव प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी बढ़ा दी गई है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित इंजीनियरों को अलर्ट कर पुल, पुलियों के साथ तटबंधों और कटाव क्षेत्रों की निगरानी के निर्देश दिए हैं। इंजीनियरों को नदियों के जलस्तर के बढ़ने और घटने पर नजर रखने तथा रिसाव वाले क्षेत्रों पर निगाह रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अप्रोच सड़कों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी सतत निगरानी रखने की बात कही गई है। प्रदेश की सभी नदियों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक, वीरपुर बराज में कोसी नदी का जल स्राव शनिवार सुबह 10 बजे 1,63,455 क्यूसेक था, जबकि अपराह्न दो बजे 1,43,125 क्यूसेक दर्ज किया गया। गंडक नदी के वाल्मीकि नगर बराज में गंडक का जल स्राव सुबह 10 बजे 2,51,200 क्यूसेक था, जो अपराह्न दो बजे 2,33,00 क्यूसेक पहुंच गया। शुक्रवार को दो बजे यहां गंडक का जलस्राव 3,35,600 क्यूसेक तक पहुंच गया था।

### नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर एसडीओ और एडीएम ने किया दौरा

**गोपालगंज।** भारी वर्षा के कारण बाल्मिकी नगर बैराज से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना पर एवं गंडक नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिलाधिकारी मो मकसूद आलम के निदेशानुसार अधिकारियों ने तटबंध डुमरिया घाट और सिधवलिया प्रखंड के बंजरिया गांव का निरीक्षण किया ।

## एक नजर

### सर्पदंश से एक व्यक्ति की हुई मौत

**भागलपुर।** जिले के आमडंडा थाना क्षेत्र में शनिवार को सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सांप के द्वारा काटे जाने बाद युवक की स्थिति बिगड़ने लगी। परिजन ने उसे इलाज के लिए एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है की आम के बोरे में सांप छुपा हुआ था। तभी विलास राम जैसे ही आम से भरे बोरे को हटाने गया तो सांप ने उसे काट लिया। मरने वाले की पहचान विलास राम (30) के रूप में की गई है। घटना के बाद से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक शादीशुदा है। मजदूरी कर अपना घर का भरण पोषण करता था। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### नवादा में कुख्यात लुटेरा गिरफ्तार, कई कांडों में थी तलाश

**नवादा।** नवादा पुलिस ने लूट कांड मामले के एक आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नवादा नगर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर निवासी जैकी मांझी है। बीते दिनों एक पार्सल डिलीवरी कर्मी ने नगर थाना में शिकायत की थी कि बीते 25 मार्च को मिजार्पुर में पार्सल डिलीवरी के दौरान दो अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की और करीब 15 हजार रुपया लूट लिया। इस संदर्भ में नगर थाना में मामला दर्ज कर एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। टीम ने मामले की छानबीन की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि बाकि बचे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार अपराधी इसके पूर्व भी कई लूट कांड को अंजाम दे चुका है।

### रूपौली परिणाम के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए को दी नसीहत

**पटना।** बिहार के पूर्णिया जिले के रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह की जीत के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जहां जदयू और राजद समीक्षा करने की बात कर रहे हैं, वहीं एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने नसीहत भी दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि रूपौली (पूर्णिया) में जदयू उम्मीदवार की हार एनडीए के लिए माथे पर शिकन पैदा करने वाली है। परन्तु, संतोष इस बात का है कि जनता राज्य में 2005 के पहले की स्थिति के जिम्मेदार पार्टी को बख्शने को अभी भी तैयार नहीं है।

# बिहार में मालगाड़ी के छह डिब्बे बेपटरी

### पांच ट्रेनें रद्द, कई का मार्ग बदला गया

**एजेंसी। पटना**

बिहार में दानापुर रेल मंडल के इस्लामपुर-फतुहा रेलखंड पर दनियावां के पास शुक्रवार देररात एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस वजह से पांच ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। साथ ही कई ट्रेनों का रूट बदला गया है।

रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और हालात का जायजा लिया है।

हादसे के बाद 03224 फतुहा-राजगीर पैसेंजर, 03395 इस्लामपुर-पटना पैसेंजर, 03237 हिलसा-फतुहा पैसेंजर, 03631 नटेसर-फतुहा पैसेंजर और 03272 पटना-इस्लामपुर पैसेंजर



ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस को इस्लामपुर-नटेसर-राजगीर-बख्तियारपुर-फतुहा के रास्ते जबकि नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापन फतुहा में किया गया। इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ फतुहा से किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा कि रात करीब तीन बजे फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड के दनियावां स्टेशन के पास मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है। परिचालन को बहाल करने के लिए दानापुर से दुर्घटना राहत यान दनियावां पहुंच गई है और परिचालन को सामान्य करने के लिए काम हो रहा है।

### पत्नी की हत्या कर फरार पति समेत 8 ससुरालियों पर केस दर्ज

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना कटघर क्षेत्र के सूरजनगर में शनिवार सुबह गला रेतकर पत्नी की हत्या करने के बाद शव का चारपाई पर फेंककर फरार हुए पति समेत 8 ससुरालियों पर थाना पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने फारेंसिक टीम से जांच पड़ताल कराने के बाद पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव निवासी रेशम रानी (30 वर्ष) पुत्री नौबत राम की शादी 28 जून 2020 को मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ही गांव मनकरा मिलक निवासी नरेशपाल सिंह पुत्र हरपाल से हुई थी। उसके दो बच्चे तीन साल का बेटा देवांश और दो साल की बेटी माही है। नरेशपाल पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है।

## आज का राशिफल

**मेष** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**मिथुन** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**कर्क** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** मनोरथ सिद्ध होंगे। पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुम्भ** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

### केंद्रीय सूचना आयोग को अपनी पीठ गठित करने का अधिकार

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत का कहना है कि केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) को अपनी पीठ गठित करने का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अपने कामों के निपटारे के लिए सीआईसी की स्वायत्तता बेहद जरूरी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा था कि प्रशासनिक निकायों की स्वतंत्रता इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभा सकें। अदालत ने कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त के पास आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने का पूरा अधिकार है। दरअसल, ये अधिकार आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में आते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआईसी जैसे संस्थान विशेष कार्यों को पूरा करने के लिए बनाए जाते हैं।

# नदी में डूबे दो बस और 65 यात्रियों को ढूंढने के लिए वाटर ड्रोन व सोनार कैमरे का प्रयोग

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में भूस्खलन की चपेट में आकर तेज बहाव वाले त्रिशुली नदी में दो यात्री बस के डूबने के 32 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। शनिवार सुबह से एक बार फिर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। शुक्रवार को दिनभर की मशक्कत के बाद भी जब दोनों बसों और लापता 65 यात्रियों का कोई पता नहीं लग पाया तो शनिवार से रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। यह हादसा चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल क्षेत्र में हुआ।

रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाल रहे सशस्त्र प्रहरी बल रेस्क्यू टीम के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने बताया कि आज के रेस्क्यू ऑपरेशन में वाटर ड्रोन और सोनार कैमरे का प्रयोग किया जा रहा है।



*रेस्क्यू टीम को उम्मीद है कि वाटर ड्रोन और सोनार कैमरे के प्रयोग से बस और यात्रियों का पता लग सकता है*

ड्रोन के सहारे नदी की गहराइयों तक तो पहुंचा ही जा सकता है साथ ही काफी दूर तक भी ढूंढा जा सकता है। बसों और लापता यात्रियों को ढूंढने के लिए सोनार कैमरे का प्रयोग किया जा रहा है। मोटरबोट के नीचे इस कैमरे को लगाकर पानी में उतारा गया है ताकि पानी के नीचे तक की चीजें बोट पर बैठे रेस्क्यू टीम को स्क्रीन पर दिख जाएं। रेस्क्यू टीम को उम्मीद है कि वाटर ड्रोन और सोनार कैमरे के प्रयोग से बस और यात्रियों का पता लग सकता है।

साथ ही गोताखर को भी पानी के भीतर उतारा गया है। इसके अलावा डिजास्टर मैनेजमेंट की एक्सपर्ट टीम को भी इस काम में लगाया गया है। रेस्क्यू टीम में नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस के 150 सदस्य हैं।

**अनोखा रिकॉर्ड**

# डॉ. विनीता ने 101 जुड़वां बच्चों की कराई डिलीवरी

### अब तक 14 हजार 500 प्रसव करा चुकी हैं डॉक्टर

**एजेसी। दुर्ग**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के जिला अस्पताल की मदर चाइल्ड यूनिट में कार्यरत डॉ. विनीता धुर्वे ने महज ढाई साल में 101 जुड़वां बच्चों की डिलीवरी कराकर एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया है। डॉ. धुर्वे अब तक 14 हजार 500 प्रसव करा चुकी हैं। वह देश की पहली डॉक्टर हैं, जिनके नाम जुड़वां बच्चों की डिलीवरी कराने का अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है। भिलाई के कैलाश नगर निवासी शेख फैयाज की पत्नी बुशरा परवीन ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया है।

खास बात यह है कि डॉ. धुर्वे ने इस दौरान सबसे ज्यादा नॉर्मल डिलीवरी कराई है। जुड़वां बच्चों की 101वीं डिलीवरी कराने वाली डॉ. धुर्वे ने बताया कि 2011 से वह लगातार मैटरनिटी वार्ड में डिलीवरी करा रही थीं,



लेकिन गिनती पर कभी ध्यान नहीं दिया। 2022 से 2024 के बीच 100वें जुड़वां बच्चों की डिलीवरी कराकर शतक का रिकॉर्ड बनाया है। मुझे यह नहीं पता था कि मैं इस मुकाम पर पहुंचूंगी। उन्होंने कहा, अब 101वीं डिलीवरी कराकर हमने दूसरे शतक की ओर कदम बढ़ा दिया है।

हजार तक जुड़वां बच्चों की डिलीवरी कराने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि उनकी इस उपलब्धि में उनके स्टाफ का भी पूरा सहयोग मिला। इसी वजह से यह रिकॉर्ड बन पाया है। कभी भी जुड़वां बच्चों की डिलीवरी का केस आता है तो स्टाफ के सभी डॉक्टर उनके पास ही रहते हैं। उन्होंने कहा, कई सीरियस केस सामने आ चुके हैं लेकिन हमने सफलतापूर्वक उसे हैंडल किया है। जब मां-बच्चा सुरक्षित रहते हैं तो एक अलग तरह की खुशी होती है। डॉ. विनीता धुर्वे ने साल 2003 में रायपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद दुर्ग में ही इंटर्नशिप की। इसके बाद दुर्ग जिले के रसमड़ा, अहिवारा सहित अलग-अलग जगहों पर पदस्थ रहीं। वह 2011 से दुर्ग जिला अस्पताल के मैटरनिटी वॉर्ड में अपनी सेवाएं दे रही हैं। अब तक 14 हजार 500 प्रसव करा चुकी हैं।

### रुपौली उपचुनाव में बीमा भारती की हार के लिए तेजस्वी जिम्मेदार : पप्पू यादव

**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में राजद प्रत्याशी बीमा भारती को मिली हार के लिए तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहराया है। पप्पू यादव ने शनिवार को कहा कि वह राजद की तरह काम करते हैं। प्रचार के अंतिम दिन गए और पिकनिक मनाकर चले आए। राजद का सपोर्ट जैसा बीमा भारती को मिलना चाहिए था वैसा नहीं मिला। पप्पू यादव ने जदयू प्रत्याशी की हार के लिए नीतीश कुमार को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि 20 सालों में नीतीश कुमार ने रुपौली के लिए काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनता का मोह नीतीश कुमार एवं तेजस्वी दोनों से भंग हो चुका है। रुपौली में दोनों की हार इस बात को साबित करती है। इस बीच कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो निश्चित तौर यहां विकल्प बन सकती है। इसलिए मैं कांग्रेस को सचेत कर रहा हूं।

## न्यूज बॉक्स

### चांदीपुरम वायरस के 6 संदिग्ध केस 17 दिनों में 4 बच्चों की मौत



**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा और अरवल्ली जिले में चांदीपुरम वायरस के संदिग्ध केस मिलने से स्वास्थ विभाग के कान खड़े हो गए हैं। हिम्मतनगर सिविल हॉस्पिटल में जून और जुलाई दो महीने के दौरान 4 बच्चों की मौत होने की खबर है। वहीं, 2 अन्य बालकों का अभी इलाज किया जा रहा है। इन सभी बच्चों में चांदीपुरम वायरस के लक्षण मिलने के बाद 5 सैम्पल जांच के लिए पुणे स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

**क्या है चांदीपुरम वाइरस :** यह एक ऐसा खतरनाक वाइरस है जो सीधे बच्चों के मस्तिष्क में अटैक करता है। इसके कारण मस्तिष्क में सूजन आ जाता है। शुरूआत में फ्लू के लक्षण दिखाई देते हैं, लेकिन आगे बच्चा सीधे कोमा में चला जाता है। इस वाइरस का नाम महाराष्ट्र के एक गांव के नाम पर है। यहां पहली बार 1965 में इस वाइरस से बीमार बच्चे का मामला सामने आया था। यह वाइरस मच्छर और बड़ी मक्खियों से फैलता है। सेंड फ्लाई नामक मक्खियों की यह ऐसी प्रजाति है जो कीचड़ में पाई जाती है। बरसात के दिनों में इसकी संख्या तेजी से फैलती है।

### संविधान की हत्या के बारे में आज की पीढ़ी को जानना जरूरी : भाजपा




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी आपातकाल की यातनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी पर लगातार हमलावर है। 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की केन्द्र सरकार की घोषणा के बाद भाजपा ने कांग्रेस और सभी विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होनी चाहिए। संविधान हत्या दिवस मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि देश की जनता जाने की किस तरह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं। कांग्रेस ने सात तरीके से संविधान की हत्या की। इंदिरा गांधी को देश के ऊपर रखा गया। यह विचार नाजीवाद से प्रेरित था। आपातकाल के दौरान देश के सभी नागरिकों के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया था।

### गृह मंत्री मप्र में आज पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का करेंगे शुभारंभ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में 14 जुलाई का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस दिन प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करेंगे। इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को जनसम्पर्क अधिकारी अवनीश सोमकुवर ने दी। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी होगा। शासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रमों के लिए विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्रियों को नामांकित किया गया है, जो मुख्य कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे।

### पश्चिम बंगाल में लॉरी और एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत



**घाटाल।** पश्चिम बंगाल में लॉरी और एम्बुलेंस की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। एम्बुलेंस घाटाल से मरीजों को लेकर मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज आ रही थी तो लॉरी मेदिनीपुर दिशा से केशपुर की ओर जा रही थी। तभी पंचमी के पास हादसा हो गया। हादसे में एम्बुलेंस सवार ज्यादा लोग हताहत हुए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक एम्बुलेंस में सात और लॉरी में ड्राइवर समेत दो लोग सवार थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एम्स अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। एम्स के अनुसार उन्हें शनिवार को अस्पताल छुट्टी दे गई। रक्षा मंत्री पिछले दो दिन से यहां भर्ती थे। उन्हें कमर में दर्द के बाद एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था। एम्स की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पीठ दर्द की शिकायत थी, जिसकी जांच की गई। पीठ दर्द का उपचार किया गया। रीमा ने बताया कि रक्षा मंत्री अब स्वस्थ्य हैं और उन्हें शनिवार दो बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### भारत नेपाल सीमा से भारी मात्रा में शराब व कार जब्त




**बेतिया।** बेतिया जिले में शराब तस्करों के खिलाफ पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा से भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक कार को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक भारत-नेपाल सीमा पर चल रहे शराब तस्करी के खेल को बेतिया पुलिस ज़िला स्थित पुरषोत्तमपुर पुलिस ने बेनकाब किया है । पुलिस ने सेंट्रो कार और 1186 बोतल नेपाली कस्तूरी प्रीमियम देशी शराब को कार सहित जप्त किया है। जबकि तस्कर मौके से फरार हो गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पुरुषोत्तमपुर पुलिस के द्वारा बार बार शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन वहीं कारोबारी मौके से कैसे बार फरार हो जा रहे हैं यह जॉच का विषय हैं।

# 22 साल पहले मिली जीत ने टीम इंडिया में आक्रामकता का संचार किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज से ठीक 22 साल पहले भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा गया था। सौरव गांगुली की कप्तानी में युवा भारतीय टीम ने इंग्लैंड के मैदान लॉर्ड्स में नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल में शानदार जीत दर्ज की थी। ये जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव का संकेत था। भारत उस समय विदेशी धरती पर क्रिकेट में बड़ी जीत की तलाश कर रहा था। टूनामेंट की तीसरी टीम श्रीलंका थी जो बाहर हो चुकी थी, और इंग्लैंड को फाइनल में हराना टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती थी, क्योंकि भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड ने जीत के लिए 326 रनों का बड़ा टारगेट दिया था। तब टी20 क्रिकेट का वो जमाना नहीं था, जब 300 पार के टारगेट को आसान समझा जाता था। उस समय भारतीय टीम में युवाओं के दमखम ने फाइनल मुकाबले में ओवरसीज जीत को संभव बनाया। गांगुली की अगुवाई में इस मुकाबले में युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बड़े लक्ष्य के जवाब में कप्तान गांगुली और वीरेंद्र सहवाग की आक्रामक बल्लेबाजी ने शुरूआत से ही इंग्लैंड को दबाव में ला दिया, लेकिन टीम का मिडिल ऑर्डर धराशाई हो गया। दिनेश मोंगिया, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के विकेट सस्ते में गंवाने के बाद भारत के पास अब जीत के ज्यादा चांस नहीं थे। ऐसे में युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे युवा बल्लेबाजों ने बड़ी जबरदस्त साझेदारी की। इन दोनों ने ऐसी पारियों का अंजाम दिया, जिसके बाद माना जाने लगा कि ये टीम बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी या उनके फ्लॉप होने पर भी अपने युवाओं को मैच विनर के तौर पर देख सकती है। कैफ और युवराज ने जिस स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए, वह उनकी बल्लेबाजी को और भी खास बनाता है। युवराज 63 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेलकर आउट हुए, तो कैफ ने 75 गेंदों पर नाबाद 87 रनों की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। हालांकि युवराज के आउट होने के बाद एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने हरभजन सिंह और अनिल कुंबले के विकेट लेकर भारत को फिर से मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन कैफ संयम के साथ अंत तक डटे रहे और भारत को एक ऐसी जीत दिलाई, जो भारतीय क्रिकेट के सबसे आइकॉनिक पलों में शुमार है। इस मैच में गांगुली की आक्रामक कप्तानी अपने चरम पर थी।

- गांगुली की अगुवाई में इस मुकाबले में युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था
- गांगुली और वीरेंद्र सहवाग की आक्रामक बल्लेबाजी ने शुरूआत से ही इंग्लैंड को दबाव में ला दिया था
- युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसे युवा बल्लेबाजों ने बड़ी जबरदस्त साझेदारी की थी



## अमुंडी एवियन चैम्पियनशिप
# गोल्फर अदिति कट में, दीक्षा बाहर

**एजेंसी। एवियन लेस बेन्स, फ्रांस**



भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट को लेकर आश्वस्त हैं। उस दिन क्षेत्र में बिजली गिरने के कारण खेल रोक दिया गया था और दूसरा दौर अभी पूरा नहीं हुआ है। भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने के कारण खेल संभव नहीं हो सका। अदिति ने अपने पहले राउंड 71 में 1-अंडर 70 का कार्ड खेला और 36 होल के लिए 1-अंडर और ओवरनाइट संयुक्त -52वें से संयुक्त-44वें स्थान पर थी। दूसरा राउंड अभी खत्म नहीं हुआ है। दीक्षा डागर, जिनका पहले दिन 76 का स्कोर था, ने मेडिकल आधार पर दूसरे दौर से पहले अपना नाम वापस ले लिया। अपने पहले वर्ष में हीरो महिला इंडियन ओपन में एलईटी इवेंट जीतने वाली अदिति ने कुल पांच जीत हासिल की हैं। 13 होल के बाद 12-अंडर-पार पर, जापान की अयाका फ्यूरू ने ऑस्ट्रेलियाई स्टेफनी क्यारियाकौ और दक्षिण कोरिया की हेरान रियू पर क्रमशः 16 और 11 होल के बाद तीन-स्ट्रोक की बढ़त बना रखी है। पहले दौर की संयुक्त लीडर, थाईलैंड की पैटी तवतानाकित, जिन्होंने रात भर की बढ़त में तीन-तरफा हिस्सेदारी रखी थी, संयुक्त राज्य अमेरिका की एंजेला स्टैनफोर्ड के साथ एक कदम पीछे चौथे स्थान पर हैं।

## भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर सीरीज में बनाई अजेय बढ़त
# यशस्वी जायसवाल व शुभमन गिल की तूफानी पारी में उड़ा जिम्बाब्वे

**एजेंसी। हरारे**



भारतीय क्रिकेट टीम ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से मात देकर 5 मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। भारत की जीत में ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 53 गेंदों पर 93 रनों की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने भी 39 गेंदों पर नाबाद 58 रनों का योगदान दिया। भारत ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया था। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए थे। भारत ने ये टारगेट केवल 15.2 ओवर में ही बगैर विकेट खोए हासिल कर लिया। टीम इंडिया की शुरूआत इस सीरीज के पहले मुकाबले मे हार के साथ हुई थी, उस मैच के बाद भारत ने लगातार तीन मैच जीतकर ये सीरीज अपने नाम कर ली है। इस मुकाबले में भारतीय ओपनिंग जोड़ी ने पूरी तरह से जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को मैच से बाहर रखा। जायसवाल ने 53 गेंदों की अपनी पारी के दौरान 13 चौके और 2 छक्के लगाकर 175.47 के स्ट्राइक रेट के साथ बैटिंग की। कप्तान शुभमन गिल ने भी 6 चौके और 2 छक्के लगाकर 148.72 का स्ट्राइक रेट निकाला। भारतीय बल्लेबाजी के सामने जिम्बाब्वे का कोई भी गेंदबाज टिक नहीं सका। सबसे बेहतर आंकड़े रिचर्ड नगारवा के थे, जिन्होंने 3 ओवर में 27 रन दिए और कोई विकेट नहीं लिया। इससे पहले जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों के सामने भारत ने बढ़िया गेंदबाजी की थी। खलील अहमद ने चार ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। तुषार देशपांडे, वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे को 1-1 विकेट मिला। सीरीज में काफी सफल गेंदबाज रहे रवि बिश्नोई ने 4 ओवर में केवल 22 रन दिए लेकिन उनको विकेट नहीं मिला।

## गुकेश ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

**चेन्नई।** भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर और विश्व खिताब के चैलेंजर डी गुकेश हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले आगामी ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा करने वाली देश की टीम का हिस्सा होंगे। ऑल इंडिया शतरंज महासंघ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शतरंज ओलंपियाड 10 से 22 सितंबर, 2024 के बीच बुडापेस्ट, हंगरी में आयोजित किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला वर्ग में जीएम कोनेरू हम्पी इस बार कुछ व्यक्तिगत कारणों से देश के लिए नहीं खेलेंगी।

# आदित्य ने अंडर-18 में जीते एकल और युगल खिताब

**नवीन मेल संवाददाता। चंडीगढ़**



राउंडग्लास टेनिस अकादमी के आदित्य मोर ने यहां सीएलटीए स्टेडियम में आयोजित एआईटीए-सीएलटीए नेशनल सीरीज अंडर-18 टेनिस टूनार्मेंट में एकल और युगल दोनों खिताब जीतकर अपना दबदबा बनाया। लड़कों के एकल फाइनल में, हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले 10वीं वरीयता प्राप्त आदित्य ने राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के पंजाब के गुरबाज नारंग को 6-1, 6-3 से हराया। आरजीटीए के लड़कों ने ब्वायज वर्ग में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और चारों सेमीफाइनलिस्ट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। आरव चावला, जिन्होंने आदित्य मोर के साथ जोड़ी बनाकर युगल जीता, और तनुष घिल्डियाल दो अन्य सेमीफाइनलिस्ट थे। आदित्य ने आरव चावला के साथ मिलकर गुजरात के जेविन कनानी और महाराष्ट्र के नीरज रिंगनगांवकर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर युगल खिताब जीता। सेमीफाइनल में आदित्य और आरव की गैरवरीय जोड़ी ने शीर्ष वरीय मणिपुर के अश्वजीत सेनजाम और दिल्ली के रियान शर्मा को 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

# एंडरसन और ब्रॉड के संन्यास में समानता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंग्लैंड के सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले मुकाबले के बाद अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। एंडरसन पहले ही कह चुके थे कि वे लॉर्ड्स में हुए इस मैच के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 21 साल के लंबे करियर में एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 188 टेस्ट खेले और 704 विकेट लिए। एंडरसन ने अपनी अंतिम टेस्ट पारी में 16 ओवर फेंके और 32 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी को देखकर ऐसा लगा कि उनमें कम से कम इतना क्रिकेट अभी भी पर्याप्त था, कि वे सीरीज के बचे हुए दो और मैच खेल सकते थे। एंडरसन के संन्यास के बाद शेन वार्न का 708 टेस्ट विकेटों का रिकॉर्ड नहीं टूट पाया। इस तरह से, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सर्वकालिक विकेट लेने के मामले में दूसरा स्थान हासिल करने से एंडरसन केवल 5 विकेट पीछे रह गए। अब वे दुनिया में तीसरे सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। खास बात है कि कुछ ऐसा ही मौका पिछले साल स्टुअर्ट ब्रॉड के पास था, जो लंबे समय तक गेंदबाजी में एंडरसन के जोड़ीदार रहे। जब ये माना जा रहा था कि स्टुअर्ट ब्रॉड ही वो गेंदबाज होंगे, जो तेज गेंदबाजी में एंडरसन के रिकॉर्ड को चेज करेंगे, तब उन्होंने 37 साल की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

## मार्क दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल

**लंदन।** तेज गेंदबाज मार्क वुड को वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। वुड की आखिरी टेस्ट उपस्थिति मार्च में धर्मशाला में भारत के खिलाफ थी और पिछले महीने वेस्टइंडीज में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए खेलने के कारण उन्होंने लॉर्ड्स में पहला टेस्ट नहीं खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 1-0 से बढ़त बनाए हुए है।

**12 दिन शेष** पेरिस ओलंपिक



# ओलंपिक खेल
## तीन हजार साल पुराना है इतिहास

2024 के 26 जुलाई से 11 अगस्त तक 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेल का आयोजन फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने जा रहा है। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपिक आयोजन होगा। इसमें 196 ओलंपिक समितियों के कुल 10,672 एथलीट्स भाग लेंगे। बताते चलें कि ओलंपिक खेलों में भले ही एथलीट अपने देश और राष्ट्रीय झंडे का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन ओलंपिक के आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार देश नहीं बल्कि ओलंपिक समितियों के एथलीट इन खेलों में भाग लेते हैं। ओलंपिक शब्द 16वीं शताब्दी के अंत में लैटिन से अंग्रेजी भाषा में आया। ओलंपिया, हेलिया में एक शहर है, जो ओलंपिक खेलों का जन्मस्थान है। यूं तो ओलंपिक खेलों का इतिहास 776 बीसी मानी जाती है, जो प्राचीन ग्रीस के ओलंपिया में हुआ था। आधुनिक काल में ओलंपिक खेलों को 1894 में फ्रांस के पियरे डी कुबर्तिन ने पुनर्जीवित करने की योजना शुरू की और 1896 में आधुनिक काल का पहला ओलंपिक यूनान की राजधानी एथेंस में आयोजित किया गया। इसके बाद दूसरा ओलंपिक 1900 में पेरिस में आयोजित किया गया था।

### ओलंपिक के प्रकार

- ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल
- शीतकालीन ओलंपिक खेल
- पैरालंपिक खेल (दिव्यांगों के लिए)

### दूसरे ओलंपिक में ही भारत ने एथलेटिक्स में जीते थे दो पदक

भारत ने पहली बार 1900 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था। जिसमें एकमात्र एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड ने एथलेटिक्स (दो सौ मीटर और दो सौ मीटर बाधा दौड़) में दो रजत पदक जीते थे। भारत इस तरह ओलंपिक में मेडल जीतने वाला पहला एशियाई देश बना था। ओलंपिक में पहले गोल्ड मेडल की बात करें साल 1928 में हुए ओलंपिक गेम्स में भारत की हॉकी टीम ने झारखंड के जयपाल सिंह मुंडा की कप्तानी में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय की बात करें तो वह अभिनव बिंद्रा थे, जिन्होंने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।



# भारत 2031 तक बन सकता है दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : आरबीआई

**एजेंसी। मुंबई**



भारत की जीडीपी पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर भारत 2048 में नहीं, बल्कि 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2060 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में अपने संबोधन में पात्रा ने कहा कि ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो भारत में निवेश घरेलू बचत से होता है। 2021-23 की अवधि के दौरान सकल घरेलू बचत दर सकल राष्ट्रीय खर्च योग्य आय का औसत 30.7 प्रतिशत रही है। अन्य देशों की तरह भारत में निवेश या वृद्धि के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं है। पात्रा ने आगे कहा कि बैलेंस ऑफ पेमेंट के तहत आने वाले करंट अकाउंट गैप में 2023-24 में जीडीपी का 1 प्रतिशत रह सकता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के बाहरी खतरों का सामना करने में मदद करता है। भारत का सकल विदेशी कर्ज जीडीपी का 20 प्रतिशत बना हुआ है, जिसके लिए भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। आगे उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता और महंगाई 4 प्रतिशत के आसपास आने के कारण भारत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। महंगाई का कम होना दिखाता है कि मौद्रिक नीतियों में लिए गए फैसलों का असर हुआ है। पात्रा ने आगे का कि राजकोषीय समेकन के कारण जनरल सरकारी कर्ज मार्च 2024 में जीडीपी का 81.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुसार यह इस दशक के अंत तक गिरकर 78.2 प्रतिशत रह सकता है। हमारा अनुमान है कि अगर मैन्युफैक्चरिंग के अधिक उत्पादन वाले सेक्टर जैसे लेबर फोर्स की स्किल बढ़ाने में अधिक खर्च किया जाए तो जनरल सरकारी कर्ज 2030-31 तक गिरकर 73.4 प्रतिशत पर रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा कारण डेमोग्राफिक डिविडेंड का होना है।

## अर्थव्यवस्था में तेजी का असर
# भारत का सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में स्कोर बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) स्कोर 2023-24 में बढ़कर 71 हो गया है, जो कि 2020-21 में 66 था। एसडीजी स्कोर बढ़ने की वजह गरीबी में कमी आना, पर्याप्त काम उपलब्ध होना, पर्यावरण के लिए एक्शन और अन्य कारणों में सुधार होना है। नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स में यह जानकारी दी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, जन धन, आयुष्मान भारत - पीएमजेएवाई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम-मुद्रा योजना, सौभाग्य और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी योजनाओं से तेज विकास देखने को मिला है। नीति आयोग इंडेक्स में सभी राज्यों के स्कोर में सुधार देखने को मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से लेकर 2023-24 में सबसे ज्यादा सुधार उत्तर प्रदेश में हुआ है। देश के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राज्य के एसडीजी स्कोर में 25 अंक का इजाफा हुआ है। जम्मू और कश्मीर का स्कोर 21 अंक, उत्तराखंड का स्कोर 19 अंक, सिक्किम का स्कोर 18 अंक, हरियाणा का स्कोर 17 अंक, असम, त्रिपुरा और पंजाब में प्रत्येक का स्कोर 16 अंक, मध्य प्रदेश और ओडिशा में प्रत्येक का स्कोर 15 अंक बढ़ा है। देश के 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश फ्रंट-रनर कैटेगरी में थे। इसमें 10 नए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए हैं, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मणिपुर, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव हैं।

# मोबाइल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है उद्योग जगत का भविष्य : विशेषज्ञ

**एजेंसी। पेरिस**




विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि मानव केंद्रित मोबाइल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ही उद्योग जगत का भविष्य है और यूजर्स के लिए हाइब्रिड एआई सर्वश्रेष्ठ संभावित मोबाइल एआई अनुभव हासिल करने का एकमात्र तरीका है। एआई सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि केवल अच्छे काम करने के लिए नवाचार करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी के साथ ऐसा करना भी उतना ही जरूरी है। सैमसंग के मोबाइल एक्सपीरियंस बिजनेस के ईवीपी और मोबाइल आरएंडडी कार्यालय के प्रमुख वोन-जून चोई ने कहा, ह्लहमने कुछ ही महीनों में गैलेक्सी एआई को डेमोक्रेट बनाया है और अधिक मॉडल व फॉर्म फैक्टर तक अपनी पहुंच बढ़ाई है। हमारे उद्योग भागीदारों के सहयोग और हाइब्रिड एआई के लिए हमारे विशिष्ट अप्रोच के माध्यम से यह उपलब्धि संभव हुई है। ताकि यूजर्स को सबसे व्यावहारिक, विश्वसनीय और मोबाइल एआई अनुभव प्रदान किया जा सके। वहीं, गोल्डस्मिथ्स यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के डॉ. क्रिस ब्राउर के अनुसार, यह एआई और संकेतकों के बीच संबंधों की खोज और समझने का पहला चरण है। जिन्हें हम जानते हैं कि वे किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता से संबंधित हैं। क्रिस ब्राउर ने आगे कहा, हमने जिन प्रमुख संकेतकों पर ध्यान दिया, वे रचनात्मकता, उत्पादकता, शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक संबंध से संबंधित थे।

## भारत ने वैश्विक चुनौतियों के सामने असाधारण लचीलापन दिखाया : इंडस्ट्री

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने असाधारण रूप से लचीलापन दिखाया है। सही मौद्रिक नीति और विवेकपूर्ण नीतिगत फैसलों के कारण देश लगातार विकास की तरफ बढ़ रहा है। शनिवार को इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की ओर से यह जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा डेटा के मुताबिक, 5 जुलाई को समाप्त हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.16 अरब डॉलर हो गया है। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि इससे भारत के आर्थिक विकास को काफी सहारा मिलेगा।

# आगामी महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के आसार : विशेषज्ञ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने और मुद्रास्फीति के 4 से 4.5 प्रतिशत के बीच स्थिर होने का अनुमान है। ऐसा इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है। भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति यानी सीपीआई पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल जून में बढ़कर 5.08 प्रतिशत हो गई। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के अनुसार, जून में बारिश कम हुई, लेकिन यह कोई चिंता की बात नहीं है, क्योंकि खरीफ के लिए जुलाई और अगस्त की बारिश ही मायने रखती है। गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार 17वें महीने कमी आई है और यह 2.3 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। क्रिसिल के चीफ इकोनॉमिक्ट धर्मकीर्ति जोशी ने कहा, हमें उम्मीद है कि मानसून की प्रगति और बुवाई में तेजी से कृषि उत्पादन में सुधार होगा और आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आएगी। आगामी महीनों में हम खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे मुख्य मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत तक नीचे आ जाएगी। पर, आने वाली नीति में दरों में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि आरबीआई 4 प्रतिशत टिकाऊ मुद्रास्फीति का लक्ष्य लेकर चल रहा है। मई में मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई थी, जो 12 महीने का सबसे निचला स्तर था, जबकि अप्रैल में यह 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी, जो 11 महीने का सबसे निचला स्तर था। जून के आंकड़े हाल के महीनों में शुरू हुई गिरावट के रुझान से अलग हैं। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के अनुसार, जून महीने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति के कारण है, जो मई में 7.9 प्रतिशत से बढ़कर जून में 8.4 प्रतिशत हो गई।

## एक नजर

### पंचायत समिति कार्यकारणी की बैठक 16 को

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय हैदरनगर के सभागार में 16 जुलाई को अपराह्न ढाई बजे से पंचायत समिति कार्यकारणी के सदस्यों को बैठक होगी। इस संबध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने सूचना जारी कर बताया है कि इस बैठक में 15 वीं वित्त की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024 - 2025 के लिए चर्चा के अलावा अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर सभी पंचायत समिति व कार्यकारणी सदस्यों के अलावे प्रखंड प्रमुख और उपप्रमुख को ससमय भाग लेने को सूचना दे दी गई है।

### बाइक के धक्के से वृद्ध महिला व बाइक सवार दो लोग घायल

**हुसैनाबाद।** शनिवार को जपला छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप बाइक के धक्के से पैदल जा रही एक वृद्ध महिला व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को 108नंबर एम्बुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेजवाया, जहां पर दोनों का इलाज किया गया। जिसमें बैरांव गांव की 70 वर्षीय वृद्ध किस्मतियां कुंवर नामक महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। जबकि बाइक सवार टिकरी गांव निवासी अरूण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र राजा सिंह हैं। इसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### व्यवसायियों ने एनसीपी प्रदेश महासचिव को किया सम्मानित

**हैदरनगर।** हैदरनगर बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों ने शनिवार को राकांपा के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। व्यवसायियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भरपूर समर्थन देने का आश्वासन भी उन्हें दिया। उन्होंने कहा कि सभी के दिलों में बसने वाले हैदरनगर के व्यवसायी वर्ग विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ है। व्यवसायियों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यों की सराहना कर कहा कि उनके प्रयासों से ही क्षेत्र का विकास संभव हो सका है।

### उर्दू मकतब के विद्यार्थियों को दी गई पुस्तक

**हरिहरगंज।** हेडमास्टर मो. मुबारक हुसैन ने शनिवार को हरिहरगंज शहर के अररुआ खुर्द मोहल्ले के उर्दू मखतब में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया। हेडमास्टर ने बताया कि स्कूल में 421 छात्र-छात्राएं है, लेकिन शिक्षक सिर्फ तीन है। इसके साथ ही वर्ग कक्ष सिर्फ दो है। इसके कारण पठन-पाठन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों व वर्ग कक्ष की कमी के कारण बच्चों की उपस्थित पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक व वर्ग कक्ष की कमी की सूचना बीइओ कार्यालय में लिखित रूप से देते हुए शिक्षक की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

# पलामू में शराब के नशे में दो पक्ष भिड़े चाकू से गोदकर युवक की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन में शराब के नशे में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान चाकू से गोदकर विकस कुमार की हत्या कर दी गयी जबकि उसका भाई भोला भुइयां गंभीर रूप से घायल है। उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में विकास के परिजनों के बयान पर दो नंबर टाउन के ही रहने वाले चार लोगों के खिलाफ शनिवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोपितों में बिहारी भुइयां, उसकी पत्नी आशा देवी, बेटा मनीष एवं पवना भुइयां शामिल हैं। घटना के बाद से चारों फरार बताये जाते हैं। घटना गुरुवार रात की है। बताया



जाता है कि एक पक्ष से विकास कुमार भुइयां एवं भोला भुइयां जबकि दूसरे पक्ष से बिहारी भुइयां एवं उसके परिवार के सदस्यों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों में हर दिन विवाद होता था लेकिन गुरुवार रात विवाद काफी बढ गया। बिहारी एवं उसकी पत्नी और बेटों ने चाकू से विकास और भोला पर वार किया, जिससे विकास गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे पहले एमआरएमसीएच लाया गया, जहां से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था लेकिन रास्ते में लातेहार में उसकी हालत खराब हो गयी। उसे लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। लातेहार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप

**पलामू।** जिले के पिपराटाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा बहेरा गांव में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। महिला की पहचान श्रुति उर्फ बॉबी देवी पत्नी मनीष पांडे के रूप में हुई है। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए श्रुति को जहरीला पदार्थ देकर मार डालने का आरोप लगाया है। महिला के शव का पोस्टमार्टम एमआरएमसीएच में किया गया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजनों का बयान शहर थाना पुलिस ने लिया। श्रुति के भाई बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के रजवरिया के पिंटू कुमार पांडे ने शनिवार को एमआरएमसीएच में कहा कि दहेज को लेकर अक्सर श्रुति के साथ उसके ससुराल पक्ष के लोग मारपीट करते थे। शुक्रवार को भी विवाद हुआ था। रात में श्रुति ने इसकी जानकारी दी थी। अचानक रात डेढ़ बजे ससुराल पक्ष से सूचना मिली कि श्रुति बार-बार बेहोश हो जा रही है। उसे सीएचसी पांकी पहुंचे हैं। आप लोग भी आइए। सीएचसी से गंभीर हालत में श्रुति को एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### मुहर्रम का पहलाम 17 को, कर्बला में चादरपोशी

**लातेहार।** चंदवा में मुहर्रम की पहलाम 17 जुलाई को होगी। इसे लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है। 14 जुलाई सप्तमी को कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी। इस आशय की जानकारी शुक्रबाजार के सदर असगर खान तथा समाजसेवी ग्यास खान ने दी है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को रविवार को शुक्रबाजार, परसाही, कामता, कुजरी, बेलवाही व चंदवा के अकीदतमंद जुलूस निकालकर कामता स्थित कर्बला में चादरपोशी की जाएगी। 15 जुलाई सोमवार को इमामबाड़ों से निशान और झंडों के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जो टोरी रेलवे क्रॉसिंग से वापस हो जाएगी। 16 जुलाई, मंगलवार को छोटकी चौकी का जुलूस मुख्य शहर होते इंदिरा गांधी चौक से वापस होगी। 17 जुलाई को पहलाम का ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। जो शहर के मुख्यमार्ग से होते हुए इंदिरा चौक पहुंचेगा। यहां से जुलूस थाना जाएगी। खेल करतब और ताजिया की प्रदर्शनी होने के साथ वापस कामता मेलाटांड़ के बाद कर्बला पहुंचेगा।

# विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा अवैध पैसा वसूली का मामला हुआ उजागर : संदीप

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के लालगडा पंचायत अंतर्गत स्तरोननत उच्च विद्यालय कुहकूह में 9वी एवं 10वी कक्षा के छात्र छात्राएं से नामांकन के नाम पर गलत तरीके प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों के द्वारा पैसा का वसूली की जा रही सोशल मीडिया पर वायरल खबर एवं ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर युवा एकता मंच पलामू अध्यक्ष संदीप सरकार के द्वारा विद्यालय में भ्रमण किया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा बताया गया की नामांकन में प्रधानाध्यापिका के इशारे पर शिक्षक गणेश सिंह तथा ब्रिजकिशोर सिंह के द्वारा 600-600 रु वसूला गया है, जिसका किसी भी तरह का कोई रसीद मांगने पर छात्र-छात्राएं को नही दी गई है। वहीं पर प्रधानाध्यापिका के द्वारा उक्त सारी गलती स्वीकार की गई एवं 25 जुलाई 2024 तक सभी छात्र-



छात्राओं को पैसा वापसी कर रसीद देने के लिए अस्वस्थ किया गया। युवा एकता मंच पलामू अध्यक्ष संदीप सरकार के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू से टेलीफोनिक बात की गई जिसमें मामला की जानकारी देते हुए संलीपत सभी शिक्षकों पर कार्रवाई करने की बता कही। संदीप सरकार के द्वारा बताया गया की बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इस सुदूरवर्ती इलाके में यहां के छात्र छात्राएं बिना चप्पल के विद्यालय शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं, उनकी मां-बाप दिनभर अपने खेतों में या जंगल झाड़ी में काम करके बच्चों को विद्यालय भेज रहे हैं। और कुछ ऐसे गिने चुने शिक्षकों के द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। यदि 25 जुलाई 2024 तक सभी छात्र-छात्राओं को पैसा वापसी कर विद्यालय से रसीद नहीं दी जाती है तो इस परिस्थिति में शिक्षा विभाग के माननीय मंत्री के पास शिकायत कर संलिपित सभी शिक्षकों पर अभिलंब कार्रवाई की मांग की जाएगी। मौके पर नौडीहाबाजार के बीससूत्री सदस्य नीतीश कुमार डॉक्टर अजय कुमार पिंटू कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रधानाध्यापक से बीईईओ ने मांगा स्पष्टीकरण, निरीक्षण के समय बंद मिला था विद्यालय

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के राजकीयकृत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय टिकरी के सहायक अध्यापक सह संयोजक से हुसैनाबाद बीईईओ ने स्पष्टीकरण मांगा है। निरीक्षण के क्रम में कार्यावधि के दौरान विद्यालय बंद पाया गया। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नरेश राम ने बताया कि 12 जुलाई को उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस क्रम में 1:30 बजे विद्यालय बंद पाया गया। जबकि जिला शिक्षा अधीक्षक का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी परिस्थिति में कार्यावधि में विद्यालय को बंद नहीं करना है। यदि एकल शिक्षक हैं। तो नियंत्री पदाधिकारी से अवकाश स्वीकृति कराकर ही जाना है। ऐसी स्थिति में सीआरपी या प्रतिनियोजित शिक्षक द्वारा कार्य जारी रहेगा। बीईईओ ने बताया कि दो दिनों के अंदर कार्यालय में स्पष्टीकरण नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### मुहर्रम पर्व को लेकर उंटारी रोड थाने परिसर हुई शांति समिति की बैठक



**उंटारी रोड।** थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान के द्वारा किया गया। वहीं इन्स्पेक्टर रामाशीष पासवान ने दोनों समुदाय के लोगो से कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह से बचें। शोशल मिडिया पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जुलूस में कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में नहीं रहेंगे। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि दूसरों की भावना को आहत करने से परहेज करें। त्योहार आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाएं। मुहर्रम पर्व में अपने अपने रूट चार्ट के मुताबिक ही जुलूस निकालें। आपत्तिजनक गाना नहीं बजाएं. जहां मुहर्रम मनाया जाएगा वहां पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जायेंगें. कमिटी के लोगों पर इसकी जवाबदेही होगी कि कहीं कोई झंझट न हो।

### चौकीदार बहाली में एससी आरक्षण नहीं तो होगा आंदोलन: शेर अली

**हुसैनाबाद।** चौकीदार बहाली में झारखंड सरकार अनूसूचित जाति के साथ अन्याय कर रही है। इससे साफ जाहिर होता है की सरकार दलितों के हक और अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। उक्त बातें बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होनें कहा पलामू जिला में चौकीदार बहाली की निकली विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिये एक भी सीट आरक्षित नही है, जबकि शूरू से ही चौकीदार के पद पर एससी जाति के लोगों को रखा जाता रहा है। उनके सेवानिवृत होने पर उस पद पर उनके बाल बच्चों को नियुक्ति की जाती रही है, लेकिन झारखंड सरकार खुद को दलितों की हितैषी बता कर उन्हीं लोगों के हक और अधिकारों का गला घोंटने का काम किया है। उन्होंने चौकीदार बहाली वाली विज्ञापन को निरस्त कर अनूसूचित जाति को भी शामिल कर नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित करने की मांग की है, अगर सरकार आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया तो बसपा पूरे जिला में सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने के लिये सड़क पर उतर जाएगी।

### फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट से 45 हजार की लूट

**मेदिनीनगर।** पुलिस की लागातार पेट्रोलिंग व अपराधियों की धर पकड़ के बावजूद अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला सतबरवा से है, जहां मुरमा मलय डैम मोड़ तुंबागडा के पास अपराधियों ने लूट की



घटना को अंजाम दिया। भारत फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट दीपक कुमार से गुरुवार की रात करीब 8 : 30 बजे अपराधियों ने 45 हजार रुपए लूट लिए। इस संबंध में दीपक ने सतबरवा थाना में लिखित आवेदन दिया है। इसकी पुष्टि सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने की है। बताया जा रहा है कि दीपक भारत फाइनेंस कंपनी का पैसा घुटूआ,धावाडीह पंचायत की ओर से पैसा वसुली कर आ रहा था। मुरमा मलय डैम मोड़ के बाइक पर सवार दो लोगों ने हथियार के बल पर गाड़ी रोक कर 45 हजार रुपये लुट लिए। सतबरवा थाना प्रभारी ने बताया कि लूट का मामला आया है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने को लेकर छापामारी कर रही है। जल्द ही अपरधी पकड़े जायेंगे।

# बाबा चौहरमल के नाम से जाना जायेगा यह पार्क : डॉ शशिभूषण




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने एक पार्क का नामकरण किया। मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के अटल स्मृति भवन के बगल के पार्क का नामकरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेहता ने कहा कि यह पार्क आज से बाबा चौहरमल पार्क के नाम से जाना जाएगा। कहा कि वीर बाबा चौहरमल की वीरता की गाथा को इतिहास के पन्नों में दर्ज करने की जरूरत है। उन्होंने कई सामाजिक यातनाएं झेल कर अपने पराक्रम को बरकरार रखा। बाबा चौहरमल एक वीर योद्धा थे। वे अपने कर्तव्य के प्रति सदैव अडिग रहे। समाज को वीरतापूर्वक जीने का संदेश दिया था। आज उनकी वीरता और बताए मार्ग को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, चैंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, समाजसेवी कमेश यादव, निर्मल मेहता, संजय चंद्रवंशी, अजीत प्रसाद गुप्ता, सुनील कुशवाहा, संतोष वर्मा, वीर चौहरमल महल संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष संदीप पासवान, वरिष्ठ पत्रकार विधान चंद्र पासवान, सुनील पासवान, जितेंद्र पासवान, अजय पासवान, रविंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान, इंदल पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

एनसीपी व टीम सूर्या की बैठक संपन्न में एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम शुरू

# प्रत्येक बूथ पर दस दस युवाओं को जोड़ने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को पुराना थाना के समीप युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस-दस युवाओं को जोड़ने का सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में हैदरनगर प्रखंड के सभी 12 पंचायतों



में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज में इसकी शुरूआत करने के बाद हैदरनगर प्रखंड में भी युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। इसमें एक बूथ-दस यूथ अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाना है। उन्होंने कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों पर काफी मजबूत है। इसे और मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर दस-दस युवाओं को जोड़ने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह की उपस्थिति में सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उप प्रमुख पप्पू पासवान, अजीत सिंह, रामचंद्र चौधरी, सत्येन्द्र सिंह, महेंद्र प्रजापति, सोनू सिंह, मुकेश प्रजापति, दिलीप पाल, रंजित मालाकार, मनीष मेहता, भोला सिंह, गुडु सिंह, रोहित सिंह, राजन सिंह, पंकज सिंह, विमलेश सिंह, राहुल सिंह, छोटू सिंह, सुधीर सिंह, प्रमोद प्रजापति, बबन पासवान, बबन गुप्ता, अनिल यादव,अजीत सिंह, सत्रुधन सिंह, विमलेश सिंह, मनोज मालाकार, पवन जयसवाल, विक्की साव, संग्राम सिंह, अप्पू सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### अनजान शहीद के मेले में बच्चों का रखें विशेष ध्यान : इंस्पेक्टर

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के अनजान शहीद में रविवार को उर्स को लेकर मेला लगेगा। इस दिन बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग अनजान शहीद पर चादरपोशी करते हैं और अपनी मन्नतें मांगने के लिए भी आते हैं। बता दें कि प्रतिवर्ष इस मेले में आने वाले लोगों की संख्या 50 हजार से अधिक रहती है। इस वर्ष भी यहां आनेवाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने अपने स्तर से सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेला को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाएगी।

## पेज एक का शेष

### क्षेत्रीय भाषाओं में होनी...

लिए मुफ्त है। दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायायल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष विधि प्रो. आदित्य प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई न्यायमूर्ति उपस्थित रहे।

### सात राज्यों के 13 सीटों पर...

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, सात राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है। अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से 'इंडिया' के साथ खड़ी है। जय हिंदुस्तान, जय संविधान। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक्स हैंडल पर लिखा, विपरीत परिस्थितियों में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रयासों के लिए हम उनका अभिवादन करते हैं। उपचुनाव में मिली यह जीत दशार्ती है कि जनता ने भाजपा की अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को अब सिरे से नकार दिया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी 'इंडी' ब्लॉक को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, सात राज्यों की 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में देश की जनता ने अपना समर्थन इंडिया गठबंधन को दिया है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सभी जीते हुए प्रत्याशियों को बहुत-बहुत बधाई।

### दिल बहलाने के लिए ...

कि क्या इंडी गठबंधन उपचुनाव में जीत का जश्न मना रही है? ऐसी क्या खुशी उन्हें मिली है? बंगाल में 4 सीटों पर उपचुनाव में पूरी तरह धांधली हुई। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की कोई झलक वहां नहीं दिखी। कुछ सीटों पर कांग्रेस ने टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। क्या यह इंडी गठबंधन की जीत है या टीएमसी द्वारा मतदाताओं को डराने और राज्य मशीनरी का दुरुपयोग करने जैसा लग रहा है? अच्छे उम्मीदवारों की कमी के कारण टीएमसी को चार में से दो सीटों पर पूर्व भाजपा विधायकों को मैदान में उतारना पड़ा।

फसलों के आच्छादन की स्थिति बेहद खराब, किसानों की उड़ी है नींद

# धान की 2162 हेक्टेयर में खेती के लिए डाले गए 22 प्रतिशत ही बिचड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** वषार्पात और सिंचाई की समुचित सुविधा नहीं रहने से आवर्ती रूप में सुखाड़, अकाल की मार झेल रहे किसानों की इस वर्ष के चालू मौसम में उड़ी है। हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में कुल 2162 हेक्टेयर में धान की बुआई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चिंता की बात है कि इसके लिए मात्र 22 प्रतिशत ही बिचड़ा डाले जा सके हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि मक्का की खेती 1167 में 165, अरहर 1442 में 205 और उड़द 551 के विरुद्ध मात्र पांच हेक्टेयर में ही आच्छादन किया जा सका है। वहीं मूंग 64 में 1.5, कुलथी और अन्य दलहन का आच्छादन शून्य है। मूंगफली 64 में दो, तिल 25 में तीन और महुआ 127 में पांच हेक्टेयर भूमि अब तक आच्छादित है। जबकि सोयाबीन, सूर्यमुखी, सरगुजा, अंडी, ज्वार, बाजरा का



आच्छादन प्रतिशत शून्य है। उन्होंने कहा कि मौसम की मार से इस क्षेत्र के किसानों को लक्ष्य अनुरूप खेती करना कोसों दूर की बात सामने आती है। संभ्रांत किसान नावाजिश खान, राहत खान, अनूप कुमार सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, रविंद्र मेहता, ज्ञानी कुमार, कनिष्क कुमार, मनोज विश्वकर्मा, अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, अनिल सिंह, संजय सिंह, योगेंद्र सिंह सहित दर्जनों किसानों ने कहा कि वषार्पात और किसानों के क्रीम माने जाने वाले आषाढ़ माह खत्म होने के कगार पर है। पर इस माह में अब तक मात्र 3. 5 मिलीमीटर ही वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि पहली जुलाई को 8. 5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। मई माह में वर्षा की स्थिति शून्य जबकि 26 जून को 3. 5 और 30 जून को 5. 5 मिलीमीटर वर्षा होने का रिकॉर्ड दर्ज है।

# भाजपा नेता अमर बाउरी ने कार्यकताओं से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के बीजेपी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नगर भ्रमण के दौरान गढ़वा में भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप के आवास पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी को आशीर्वाद और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और बीजेपी के लाखों कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। अमर बाउरी ने खुद को भी बीजेपी का कार्यकर्ता बताया। अमर बाउरी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और परिवर्तन की लहर चल रही है। इसका श्रेय बीजेपी के



समर्पित कार्यकताओं को जाता है। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वरसागर चन्द्रवंशी, सूरज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रविंद्र पासवान, रविंदर जायसवाल, चंदन जायसवाल, राज कुमार गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र कश्यप, अमित कश्यप, बंधु राम, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल और सिकंदर राम समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिफ न्यूज

### नाइजीरिया में दोमंजिला स्कूल गिरा, 22 विद्यार्थियों की मौत



**अबुजा (नाइजीरिया)।** अफ्रीकी देश नाइजीरिया में सेंट अकादमी स्कूल की दोमंजिला इमारत का बड़ा हिस्सा ढहने से 22 विद्यार्थियों की मौत हो गई और 132 घायल हो गए। यह हादसा उत्तर-मध्य नाइजीरिया के पठार राज्य की राजधानी जोस में शुक्रवार सुबह करीब 9:20 बजे हुआ। नाइजीरिया के समाचार पत्र नाइजीरियन ट्रिब्यून और द नेशन की रिपोर्ट्स के अनुसार, यह स्कूल बुसा बुजी ब्रिज के सामने स्थित है। त्रासदी के वक्त विद्यार्थी सालाना परीक्षा दे रहे थे। हताहत विद्यार्थियों में 15 साल से कम उम्र के बच्चे शामिल हैं। घायल बच्चों का इलाज बिंघम टीचिंग अस्पताल में चल रहा है।

### गाजा में हमास का वरिष्ठ कमांडर अयमान शोवाडेह मारा गया



**गाजा।** इजरायल पर 7 अक्टूबर को हुए हमले की साजिश रचने में शामिल हमास का एक वरिष्ठ कमांडर गाजा शहर पर इजरायली हवाई हमले में मारा गया। इजरायल रक्षा बलों की ओर से ये बात कही गई है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मारे गए कमांडर का नाम अयमान शोवाडेह है, फिलहाल वो हमास की शेजैया बटालियन का डिप्टी कमांडर था और पहले हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख ऑपरेटिव था। बयान के अनुसार, शोवाडेह ने इजरायली सैनिकों के खिलाफ कई हमलों का संचालन किया था। सेना ने घोषणा की कि उसने शेजैया में मिशन पूरा कर लिया है।

### इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार का प्रकोप



**यरूशलम।** इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश में इस बुखार से 12 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। इसी के साथ मई की शुरूआत से अब तक मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को 49 नए संक्रमण मामलों की सूचना दी। इसी के साथ देश में कुल मामलों की संख्या 405 हो गई, जो कि साल 2000 में 425 मामलों के वार्षिक रिकॉर्ड के करीब है। मंत्रालय ने इस बढ़ते रोग का कारण क्षेत्र में गर्म और ज्यादा आर्द्र मौसम को बताया है। यह मौसम मच्छरों के लिए अनुकूल है। मच्छर पक्षियों को काटते हैं, जिसके बाद ये इंसानों में वायरस फैलाते हैं। पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए, जबकि 2023 में केवल तीन पक्षियों में संक्रमण होंगे।

# तंबाकू खाना, मौत बुलाना

**तंबाकू खाने से देश में हर वर्ष हो रही 13.50 लाख मौत**

## देश की 28.6 प्रतिशत आबादी को धूम्रपान, गुटखा, खैनी, पान मसाले की है लत

- *तंबाकू से विश्व में होती है 80 लाख की मौत*
- *तंबाकू उत्पादन में गुजरात है नंबर वन, 47.75 प्रतिशत*

-आरपी सिंह



**नई दिल्ली।** छूत की तरह फैली तंबाकू खाने की आदत को छुड़ाने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों में अलग से क्लीनिक शुरू किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने देश के 706 मेडिकल कॉलेजों को लिखे आदेश में कहा है कि मेडिकल कॉलेजों के मनोरोग विभाग के अधीन यह विशेष क्लीनिक संचालित किया जा सकता है। जिन कॉलेजों ने अपने आसपास के क्षेत्रों को गोद लिया है, वहां विशेष तौर पर निगरानी रखी जा सकती है। इसके अलावा गांव और कस्बों की आबादी को इसमें शामिल करने के लिए टीमें तैनात की जा सकती हैं। यह क्लीनिक नशा मुक्ति केंद्र की तरह संचालित होंगे। सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में अलग से प्रतिदिन ओपीडी संचालित होगी। दुनिया भर में तंबाकू की वजह होने वाली गंभीर बीमारियों से हर साल लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो रही है। इनमें से लगभग 13.50 लाख मौत भारत में हो रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता व उत्पादक देश है। इस बारे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पूर्व पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. जीसी खिल्लानी का कहना है कि देश की 28.6 प्रतिशत आबादी धूम्रपान के अलावा गुटखा, खैनी, पान मसाला का मौत आमंत्रण शौक रखती है। शराब, ई सिगरेट व अन्य तरह के नशे का शिकार होने वालों की संख्या अलग है। उनका कहना है कि तंबाकू छोड़ना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह मुमकिन नहीं है। इसके लिए आत्मविश्वास और कुछ दवाओं का सहारा लेने की आवश्यकता होती है। सभी मेडिकल कॉलेजों में इसका क्लीनिक शुरू होने से अगले कुछ वर्षों में बदलाव जरूर देखने को मिलेगा। केंद्र सरकार के कृषि और किसान कल्याण विभाग के अनुसार, देश के चार राज्यों में ही तंबाकू के कुल उत्पादन का 93 प्रतिशत तंबाकू पैदा किया जाता है। इसमें गुजरात नंबर वन है, जहां से 47.75 प्रतिशत तंबाकू आता है। 23.08 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर आंध्र प्रदेश है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 12.23 प्रतिशत और कर्नाटक में 10.38 प्रतिशत तंबाकू का उत्पादन किया जाता है।

# पीएम ने महाराष्ट्र को रेल, सड़क व बंदरगाह से जुड़ी 29,400 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

एजेंसी

**नई दिल्ली/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मुंबई के गोरेगांव में आयोजित कार्यक्रम में 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया और आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे और बड़े निवेशकों ने हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आज मुम्बई में शुरू की गई विकास परियोजनाओं से कनेक्टिविटी बढ़ेगी, शहर के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा नागरिकों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महाराष्ट्र की बड़ी भूमिका है।




*ठाणे से बोरीवली की यात्रा 12 किलोमीटर कम हो जाएगी और यात्रा समय में लगभग एक घंटे की बचत होगी*

प्रधानमंत्री मोदी ने 16,600 करोड़ रुपये की लागत वाली ठाणे बोरीवली सुरंग परियोजना की आधारशिला रखी। ठाणे और बोरीवली के बीच यह ट्विन ट्यूब सुरंग संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे से गुजरेगी, जो बोरीवली की तरफ वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और ठाणे की तरफ ठाणे घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी। परियोजना की कुल लंबाई 11.8 किलोमीटर है। इससे ठाणे से बोरीवली की यात्रा 12 किलोमीटर कम हो जाएगी और यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। प्रधानमंत्री ने गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना में सुरंग निर्माण कार्य की आधारशिला रखी, जिसकी लागत 6300 करोड़ रुपये से अधिक है। जीएमएलआर में गोरेगांव में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे से मुलुंड में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक सड़क संपर्क की परिकल्पना की गई है। जीएमएलआर की कुल लंबाई लगभग 6.65 किलोमीटर है और यह नवी मुंबई में नए प्रस्तावित हवाई अड्डे और पुणे मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ पश्चिमी उपनगरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

# सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए रोजगार व संपर्क मार्ग की जरूरत

- *6000 से अधिक सेवा वितरण कार्यक्रम अब तक सीमावर्ती गांवों में आयोजित किए जा चुके हैं*
- *136 सीमावर्ती गांवों को 2,420 करोड़ रुपये की लागत से 113 ऑल-वेदर रोड की सुविधा दी गई*
- *सेना और सीएपीएफ की स्वास्थ्य सुविधाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए*

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीमावर्ती गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इन सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकने के लिए स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और गांवों के साथ संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

अमित शाह ने कहा कि सीमावर्ती गांवों के आसपास तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सेना को सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना और सीएपीएफ की स्वास्थ्य सुविधाओं को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि आसपास के गांवों के निवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने सौर ऊर्जा और पवन चक्कियों आदि जैसे ऊर्जा के अन्य नवीकरणीय स्त्रोतों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जारी रखने के निर्देश दिए। अब तक इन सीमावर्ती गांवों में 6000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 4000 सेवा वितरण और जागरूकता शिविर शामिल हैं। इन गांवों में रोजगार सृजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा 600 से अधिक परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने लंबित मुद्दों के निपटान के लिए नियमित अंतराल पर उच्चतम स्तर पर समीक्षा पर विशेष जोर दिया।

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 136 सीमावर्ती गांवों को 2,420 करोड़ रुपये की लागत से 113 ऑल-वेदर रोड परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। इन क्षेत्रों में 4जी कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है और दिसंबर 2024 तक वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत आने वाले सभी गांवों को 4जी नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। इन सभी गांवों में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं और वहां इंडिया पोस्ट-पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) की सुविधा भी दी जा रही है।

इन वाइब्रेंट गांवों में जीवंतता लाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक सर्किट विकसित करने का काम किया जा रहा है। इस प्रयास में पर्यटन मंत्रालय के साथ समन्वय करके क्षमता निर्माण और पर्यटन से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ 14 फरवरी, 2023 को 4800 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ किया गया।

बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, सीमा प्रबंधन सचिव और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# अब जेल से शीघ्र रिहा होंगे इमरान खान

## गैर-इस्लामिक विवाह मामले में पूर्व पीएम व बुशरा बीबी बरी



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान को अवैध विवाह मामले में बरी कर दया है, वह तकरीबन एक साल से जेल में रहे हैं। उनपर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी पहली पत्नी की इद्दत पूरी होने से पहले ही दूसरी शादी कर ली थी। पाक के पूर्व पीएम और पाक तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ पिछले साल अगस्त से जेल में रखा गया था। 3 फरवरी को बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर फरीद मेनका ने अदालत में याचिका दायर की। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पूर्व पत्नी बुशरा बीबी ने इद्दत अवधि के दौरान ही दूसरा विवाह कर लिया था। बता दें कि यह मामला 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही दर्ज कराया गया था। इस्लाम के अनुसार, तलाक या पति की मृत्यु के चार महीने पूरे होने से पहले कोई महिला दोबारा शादी नहीं कर सकती। बुशरा के पहले पति की शिकायत के आधार पर इमरान खान और बुशरा ने इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत में चुनौती दी थी। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) अफजल मजोका ने मामले की सुनवाई करते हुए फैसला सुनाते हुए 71 वर्षीय इमरान खान और 49 वर्षीय बुशरा बीबी को बरी कर दिया।

## एजुकेशन/करियर

# साइकोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर

**रजनीश। साइकोलॉजी या मनोविज्ञान की उत्पत्ति अंग्रेजी के दो शब्दों साइको + लॉजी से मिलकर हुई, जहां साइको का अर्थ है, आत्मा अर्थात् मन और लॉजी से तात्पर्य है-अध्ययन। इस प्रकार सरल भाषा में कहें तो साइकोलॉजी या मनोविज्ञान का अर्थ है-मन का विज्ञान है। जिसमें किसी प्राणी के मन, विचार और उसके व्यवहार का वैज्ञानिक वैज्ञानिक अध्ययन जाता है।**

### साइकोलॉजी में करियर क्यों बनाएं

यह उन लोगों के लिए सबसे संतोषजनक विषयों में से एक है, जो अपनी भावनाओं, मानसिक स्वास्थ्य और दर्दनाक जीवन के साथ दूसरों की मदद करना चाहते हैं। बदलती लाइफस्टाइल में लोगों के स्ट्रेस का लेवल बढ़ने लगा है ऐसे में उन्हें साइकोलॉजिस्ट की मदद की काफी जरूरत पड़ने लगी है इसलिए कह सकते हैं कि इसमें करियर की संभावना भी अधिक है। इसमें स्पेशलाइजेशन हासिल करके आप लोगों का मन और व्यवहार समझ सकते हैं। साथ ही मस्तिष्क से जुड़ी कई चीजों के बारे में भी सीखने को मिलता है। मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करियर बना सकते हैं।

### सेंट पॉल कॉलेज, रांची

#### करियर स्कोप

साइकोलॉजी कोर्स करने के बाद सरकारी नौकरी या प्राइवेट नौकरी भी कर सकते हैं। साइकोलॉजी कोर्स ग्रेजुएट्स विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल, क्लीनिक, अस्पताल आदि क्षेत्रों में भी काम कर सकते हैं। यदि कोई छात्र ग्रेजुएशन के बाद नौकरी नहीं करना चाहता है तो वह अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ा सकता है। वह साइकोलॉजी में एमए, एमएससी, डॉक्टरेट आदि भी कर सकता है। नीचे कुछ लोकप्रिय जॉब प्रोफाइल दी गई हैं जिनमें आप भारत में और साथ ही विदेशों में साइकोलॉजी में अपना करियर बना सकते हैं-

- साइकोलॉजी की ब्रांचेज
- क्लिनिकल साइकोलॉजी
- ऐबनॉर्मल साइकोलॉजी
- एजुकेशनल साइकोलॉजी
- कॉग्निटिव साइकोलॉजी
- बिहेवियरल साइकोलॉजी
- फोरेंसिक साइकोलॉजी
- ऑक्यूपेशनल/इंडस्ट्रियल साइकोलॉजी
- डेवलपमेंटल साइकोलॉजी
- मेडिकल/हेल्थ साइकोलॉजी
- बायो साइकोलॉजी
- मीडिया साइकोलॉजी



### साइकोलॉजिस्टके प्रकार

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
बायोगेरोन्टोलॉजिस्ट
चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट
कॉग्निटिव न्यूरोसाइंटिस्ट
कॉग्निटिव साइकोलॉजिस्ट
कम्युनिटी साइकोलॉजिस्ट
कंपैरेटिव साइकोलॉजिस्ट
कंज्यूमर साइकोलॉजिस्ट
काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट
क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट
कल्चरल साइकोलॉजिस्ट
डेवलपमेंटल साइकोलॉजिस्ट
एजुकेशनल साइकोलॉजिस्ट
इंजीनियरिंग साइकोलॉजिस्ट
एनवायरमेंटल साइकोलॉजिस्ट
एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट
फॉरेंसिक साइकोलॉजिस्ट
गैरीएट्रिक साइकोलॉजिस्ट
गेरोन्टोलॉजिस्ट
जेरोसाइकोलॉजिस्ट
हेल्थ साइकोलॉजिस्ट
मीडिया साइकोलॉजिस्ट
मिलिट्री साइकोलॉजिस्ट
नेवी साइकोलॉजिस्ट
न्यूरोलॉजिस्ट
न्यूरोपैथोलॉजिस्ट
न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट
ऑर्गेनाइजेशनल - इंडस्ट्रियल साइकोलॉजिस्ट
साइकेट्रिस्ट
साइकोलॉजिकल एंथ्रोपोलॉजिस्ट
रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजिस्ट
स्कूल साइकोलॉजिस्ट
सोशल जिरन्टोलॉजिस्ट
सोशल साइकोलॉजिस्ट
स्पिरिचुअल साइकोलॉजिस्ट
स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट
ट्रांसपर्सनल साइकोलॉजिस्ट

### थेरेपिस्ट

आर्ट थेरेपिस्ट
कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपिस्ट
डांस/ मूवमेंट थेरेपिस्ट
एक्सरसाइज थेरेपिस्ट
एक्सिस्टेंटियल थेरेपिस्ट

### लाइफ कोच

मैरिज फैमिली थेरेपिस्ट
म्यूजिकल थेरेपिस्ट
ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट
फि ज़िकल थेरेपिस्ट
सेक्स थेरेपिस्ट
स्पीच पैथोलॉजिस्ट
ट्रांसपर्सनल थेरेपिस्ट

### काउंसलर

एजुकेशनल काउंसलर
आर्मी मेंटल हेल्थ स्पेशलिस्ट
करियर काउंसलर
चाइल्ड अबयूज काउंसलर
चाइल्ड/ पेडियाट्रिक काउंसलर
कम्युनिटी मेंटल हेल्थ काउंसलर
कपल काउंसलर
क्राइसिस इंटरवेंशन स्पेशलिस्ट
डिप्रेशन काउंसलर
डोमेस्टिक वायलेंस काउंसलर
गैरीएट्रिक काउंसलर
ग्रीफ काउंसलर
लाइसेंस प्रोफेशनल काउंसलर
मैरिज व फैमिली काउंसलर
मेंटल हेल्थ काउंसलर
मल्टीकल्चरल काउंसलर
पेस्टोरल काउंसलर
रिहैबिलिटेशन काउंसलर
स्कूल काउंसलर
स्प्रिचुअल काउंसलर
सब्सटेंस काउंसलर
सुसाइड इंटरवेंशन काउंसलर
ट्रांसफॉरमेशनल काउंसलर
वेटरन्स काउंसलर
वोकेशनल रिहैबिलिटेशन काउंसलर

### सोशल वर्कर

एडिक्शन सोशल वर्कर
चाइल्ड/पीडियाट्रिक सोशल वर्कर
क्लिनिकल सोशल वर्कर
कम्युनिटी सोशल वर्कर
करेक्शन सोशल वर्कर
डिसेबिलिटी पॉलिसी वर्कर
फैमिली सोशल वर्कर
गैरीएट्रिक सोशल वर्कर
हॉस्पाइस & पैलिएटिव सोशल वर्कर
मेंटल हेल्थ सोशल वर्कर
मिलिट्री सोशल वर्कर
साइकेट्रिस्ट सोशल वर्कर
पब्लिक हेल्थ सोशल वर्कर
सब्सटेंस अबयूज सोशल वर्कर

### टॉप रिक्रूटिंग

कॉलेजेस, यूनिवर्सिटीज और स्कूल्स
आउटपेशंट केयर सेंटर्स
हॉस्पिटल्स और क्लिनिक्स
हेल्थ प्रेक्टिशनर ऑफिसेस
साइकेट्रिक और सबस्टेन्स एब्यूज हॉस्पिटल्स
इंडिविजुअल एंड फैमिली सर्विसेज

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

एमिटी इंस्टिट्यूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज, नोएडा
एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, पंजाब
आर्यभट्ट कॉलेज, दिल्ली
अशोक विश्वविद्यालय, हरियाणा
लेडी श्रीराम कॉलेज, नई दिल्ली
सिम्बायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, पुणे
पटना महिला कॉलेज, पटना
बेथ्यून कॉलेज, कोलकाता
बीजेबी ऑटोनॉमस कॉलेज, भुवनेश्वर

### विदेशी विवि

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन
स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
मेलबर्न विश्वविद्यालय
ऑकलैंड विश्वविद्यालय
ज्यूरिख विश्वविद्यालय
वारविक विश्वविद्यालय
मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय
मैकगिल विश्वविद्यालय
येल विश्वविद्यालय
एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय

